माघ मास, कृष्ण पक्ष 1, वर्ष 11, अंक 259, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00

प्रयागराज, शनिवार, 7 जनवरी, 2023

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अंदर - जहीन और ज़िन्दादिल लेखक शमोएल साहब



अन्दर : क्या अब टी20 मैच नहीं खेलेंगे विराट -रोहित ? राहुल द्रविड़ ने दिया संकेत

# दिल्ली नगर निगम सदन में संग्राम

## मेयर चुनाव के पहले चलीं कुर्सियां, हुई हाथापाई, कई हुए घायल

**बवाल**

**हंगामे के कारण सदन की कार्रवाही स्थगित**

**अब मेयर का चुनाव अगली सदन की बैठक में होगा, तारीख तय करेंगे उपराज्यपाल**

**कोर्ट जा सकती है आप, शपथ दिलाने के बीच में ही भिड़े बीजेपी और आप पार्षद**



**नई दिल्ली।** दिल्ली में एमसीडी के मेयर, डिप्टी मेयर और स्थायी समिति के सदस्यों के चुनाव की प्रक्रिया हंगामे की वजह से शुरू नहीं हो पाई। चार घंटे चले हंगामे के बाद सदन को स्थगित कर दिया गया। ऐसे में माना जा रहा है कि मेयर चुनाव टल सकता है। उधर, आप ने इस मुद्दे पर कोर्ट जाने के संकेत दिए हैं। अब मेयर का चुनाव अगली सदन की बैठक में होगा, जिसकी तारीख उपराज्यपाल तय करेंगे।

इससे पहले शुक्रवार सुबह 11 बजे पार्षदों का शपथ ग्रहण शुरू होना था, लेकिन प्रोटेम स्पीकर ने सबसे पहले मनोनीत सदस्यों को जैसे ही शपथ दिलानी शुरू की, आम आदमी पार्टी के सदस्यों ने विरोध शुरू कर दिया। इससे बीजेपी पार्षद भी इनके खिलाफ नारेबाजी करने लगे। दोनों पक्षों के बीच धक्का-मुक्की और हाथापाई होने लगी। आप के पार्षद प्रोटेम स्पीकर के आसन पर चढ़ गए। इस दौरान कुछ पार्षद कुर्सी उठाकर पटकते देखे गए। कुछ धक्का लगने से नीचे गिर गए। कुछ को चोटें आईं। एलजी ने मेयर चुनाव के लिए बीजेपी की पार्षद सत्या शर्मा को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया। इससे पहले आप ने मुकेश गोयल के नाम का प्रस्ताव रखा था। सत्या के नाम पर आप ने आपत्ति जताई। इसके बाद प्रोटेम स्पीकर सत्या ने जैसे ही एलजी के मनोनीत सदस्यों को शपथ दिलानी शुरू की तो आप ने विरोध और नारेबाजी शुरू कर दी।

आम आदमी पार्टी का कहना है कि मनोनीत सदस्यों की शपथ पहले नहीं होती है, लेकिन भाजपा परंपरा बदल रही है। भाजपा सांसद मीनाक्षी लेखी ने कहा कि आप नेताओं को नियमों की जानकारी नहीं है। इसलिए वह हंगामा कर रहे हैं। जब वे बहुमत में हैं, तो डरते क्यों हैं? यही काम आप सांसद राज्यसभा में भी करते हैं। उधर, कांग्रेस ने मेयर चुनाव में शामिल नहीं होने का फैसला किया।

आप विधायक आतिशी ने चुनाव न लड़ने के फैसले के बाद कांग्रेस पर भाजपा को फायदा पहुंचाने का आरोप लगाया है। मेयर के चुनाव में 273 मेंबर्स वोट डालेंगे। बहुमत के लिए 133 का आंकड़ा चाहिए। आप के पास 150 तो बीजेपी के पास 113 वोट हैं। हंगामे के बीच भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि आम आदमी पार्टी मेयर चुनाव का सामना करने से क्यों डर रहे हैं? यह फिर से साबित करता है कि उन्हें स्थापित नियमों और मानदंडों में कोई विश्वास नहीं है। हाथापाई में घायल भाजपा पार्षद राम मनोहर लोहिया अस्पताल इलाज कराने पहुंचे जहां पर भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और मीनाक्षी लेखी भी पहुंचे।

दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना के ऑफिस की तरफ से एक बयान आया। इसमें कहा गया कि दिल्ली म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन 1957 एक्ट के तहत 10 लोगों को मनोनीत किया गया है। इस एक्ट में कहा गया है कि जिन लोगों को म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन का अनुभव या ज्ञान हो, उन्हें एलजी नॉमिनेट कर सकते हैं। इनकी उम्र 25 साल से ज्यादा होनी चाहिए। ये सदस्य मेयर या डिप्टी मेयर के चुनाव में वोट नहीं डाल सकते। मेयर के लिए आप आदमी पार्टी ने शैली ओबेरॉय को मैदान में उतारा है, जबकि बीजेपी की ओर से रेखा गुप्ता मैदान में हैं। वहीं, डिप्टी मेयर के लिए आप ने मोहम्मद इकबाल और बीजेपी ने कमल बागड़ी को उम्मीदवार बनाया है।

सीएम अरविंद केजरीवाल ने अपने पत्र में पिछले कुछ हफ्तों में एलजी द्वारा गलत तरीके से जारी आदेशों का हवाला देते हुए कहा है कि नियमानुसार, एमसीडी में 10 सदस्यों को दिल्ली सरकार नामित करती आई है, लेकिन इस बार सरकार से बिना परामर्श किए इनको नामित कर दिया। संविधान का अनुच्छेद 243आर साफ तौर से मनोनीत सदस्यों को सदन में मतदान करने से रोकता है। उन्हें सदन में वोट दिलाने की कोशिश असंवैधानिक है। संविधान निर्वाचित सरकार को वरिष्ठ पार्षद को पीठासीन अधिकारी नामित करने का अधिकार देता है, लेकिन इसे दरकिनार किया गया।

### सदन में जबरदस्त हंगामे के बाद बीजेपी ने आप को घेरा, प्रकरण की जांच की मांग रखी

नई दिल्ली। केन्द्रीय संस्कृति राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने शुक्रवार को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की बैठक में हाथापाई की घटना के लिए आम आदमी पार्टी (आप) को जिम्मेदार करार देते हुए उसकी तीखी आलोचना की और पूरे प्रकरण की जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि एमसीडी के महापौर के चुनाव के लिए आयोजित बैठक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पार्षदों के साथ दिल्ली में सत्तारूढ आप के कार्यकताओं ने हमला किया। उन्होंने इसे आप कार्यकर्ताओं का शर्मनाक और अमानवीय कृत्य बताया। उन्होंने इसे अराजक तत्वों का कृत्य करार देते हुए कहा कि यह घटना शर्मनाक और अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा कि इस घटना को देखने के बाद उन्हें आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल के उस बयान की याद आ गयी जिसमें उन्होंने खुद ही अपने को अराजकवादी होने का एलान किया था। लेखी नयी दिल्ली से सांसद होने के नाते परिषद की पदेन सदस्य हैं। उन्होंने सदन में हुई इस घटना की जांच कराने की मांग की और कहा कि इस घटना में शामिल आप कार्यकताओं पर कार्रवाई होनी चाहिए। दिल्ली नगर निगम के महापौर के चुनाव से पहले निगम पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में आज जबरदस्त हंगामे के बाद भाजपा के मंत्री, सांसदों ने भाजपा कार्यालय पर प्रेस कांफ्रेंस बुलाई, जिसमें लेखी ने यह बात कही है।

### कांग्रेस बोली- आप को बहुमत मिला है तो केजरीवाल अपना मेयर बनाएं

दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अनिल चौधरी ने कहा कि दिल्ली के लोगों ने आम आदमी पार्टी को समर्थन दिया है। जनता का सम्मान करते हुए हम मेयर, डिप्टी मेयर और स्थायी समिति का चुनाव नहीं लड़ेंगे। आप को बहुमत मिला है तो केजरीवाल अपना मेयर बनाएं और दिल्ली की जनता की सेवा करें।





# नोटबंदी व 'गलत' जीएसटी ने व्यापारियों की कमर तोड़ी

## मोदी सरकार में बने दो हिंदुस्तान: राहुल गांधी

**साधा निशाना**

**हरियाणा पहुंची भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर साधा निशाना**

**बोले-किसानों-मजदूरों और अमीरों के लिए अलग-अलग हिंदुस्तान**

**छोटे व्यापारियों को खत्म करने का हथियार था मोदी जी की जीएसटी**



**पानीपत (हरियाणा)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने महंगाई, बेरोजगारी और किसानों के विषयों को लेकर शुक्रवार को नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि अब दो हिंदुस्तान बन गए हैं, एक किसानों-मजदूरों के लिए है और दूसरा 200-300 अमीरों के लिए है। उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा के तहत यहां आयोजित जनसभा में यह दावा भी किया कि नोटबंदी और गलत जीएसटी रूपी हथियार ने छोटे व्यापारियों की रीढ़ की हड्डी तोड़ दी।

राहुल गांधी ने यह सवाल भी किया कि तीनों कृषि कानूनों पर प्रधानमंत्री मोदी को अपनी गलती मानने में एक साल का समय क्यों लग गया? उन्होंने राज्य की भाजपा सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि मौजूदा समय में हरियाणा बेरोजगारी का चैम्पियन बन गया है और इस प्रदेश में युवाशक्ति जाया हो रही है। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि उनकी यह यात्रा पूरे देश को जोड़ रही है और करोड़ों लोग अब नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोल रहे हैं। राहुल गांधी ने दावा किया, जितना धन आधे हिंदुस्तान के हाथ में है, उतना धन सबसे अमीर 100 लोगों के पास है। क्या आपको इसमें न्याय दिखाई देता है? आज दो हिंदुस्तान बन गए हैं। एक हिंदुस्तान किसान, मजदूर, छोटे दुकानदारों और बेरोजगार युवाओं का है। इसमें करोड़ों लोग रहते हैं।

दूसरा हिंदुस्तान 200-300 लोगों का है, जिनके पास पूरा का पूरा धन है। उन्होंने आरोप लगाया, मोदी जी ने नोटबंदी की और गलत जीएसटी को लागू किया। ये कोई नीतियां नहीं थीं, बल्कि छोटे और मध्यम व्यापारों को खत्म करने के हथियार थे। इन दो हथियारों ने छोटे और मझोले व्यापारियों की रीढ़ की हड्डी तोड़ दी।

राहुल गांधी ने हरियाणा में बेरोजगारी की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा, आज 21वीं सदी में हरियाणा बेरोजगारी का चैम्पियन बन गया है। (राज्य में) आज बेरोजगारी दर 38 प्रतिशत है। यह कोई खुशी की बात नहीं है। हरियाणा में युवाशक्ति जाया हो रही है। उन्होंने सेना में अल्पकालिक भर्ती की अग्निपथ योजना का उल्लेख करते हुए कहा, ये (भाजपा) कहते हैं कि हम देशभक्त हैं। मुझे इनकी देशभक्ति समझाओ।राहुल गांधी ने कहा, हिंदुस्तान में लाखों युवा सुबह चार बजे उठकर दौड़ लगाते हैं और ये युवा तिरंगा की रक्षा करने का सपना देखते हैं... पहले हर साल 80 हजार युवा सेना के लिए चयनित होते थे। वे अलग-अलग राज्यों में तैनात होते थे। ये जवान अपनी पूरी जिंदगी देश के लिए लगाते थे, सीमा पर खड़े होते थे, उसकी निगरानी करते थे। देश की खातिर अपना खून देने के लिए ये युवा सेना में भर्ती होते थे। उन्होंने कहा कि पहले युवाओं को सेना में भर्ती होने पर उचित प्रशिक्षण और 15 साल की सेवा और सेवानिवृत्ति के बाद यथोचित सुविधा का वादा किया जाता था, लेकिन अग्निपथ योजना ने इन वादों को तोड़ दिया है। राहुल गांधी ने कहा, जब मैं यह सब बातें करता हूं, तो भाजपा के लोग कहते हैं कि मैं सेना के खिलाफ बातें कर रहा हूं। मैं तो सेना के भले के लिए बात कर रहा हूं।

उन्होंने आरोप लगाया, भाजपा के लोगों ने पूरे देश में डर और नफरत फैलाने का काम किया है। ये सब योजनाएं डर फैलाती हैं। ये पहले डर फैलाते हैं और फिर उसे नफरत में बदल देते हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान सिर्फ मैं ही नहीं खोल रहा हूं, बल्कि करोड़ों लोग खोल रहे हैं....।

# समलैंगिक विवाह से संबंधित सभी याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर

**स्थानांतरण**

**केंद्र और याचिकाकर्ताओं से इस मुद्दे से संबंधित कानून और नजीर हो तो साझा करें**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को समलैंगिक विवाहों को कानूनी मान्यता देने के मुद्दे पर देश भर के विभिन्न उच्च न्यायालयों के समक्ष लंबित सभी याचिकाओं को एक साथ जोड़ते हुए उन्हें अपने पास स्थानांतरित कर लिया। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला की पीठ ने केंद्र से 15 फरवरी तक इस मुद्दे पर सभी याचिकाओं पर अपना संयुक्त जवाब दाखिल करने को कहा और निर्देश दिया कि मार्च में सभी याचिकाओं को सूचीबद्ध किया जाए। वहीं अब इस मामले की सुनवाई 13 मार्च को होगी। पीठ ने कहा कि कोई भी याचिकाकर्ता यदि अदालत के समक्ष भौतिक रूप से बहस करने के लिए उपलब्ध नहीं है तो वह डिजिटल मंच की सुविधा का लाभ उठा सकता है। न्यायालय ने केंद्र और याचिकाकताओं के वकीलों से इस मुद्दे, संबंधित कानूनों और पूर्व मिसाल, यदि कोई हो तो, उस पर एक लिखित नोट दाखिल करने और इसे आपस में व अदालत के साथ साझा करने को कहा।

पीठ ने केंद्र के वकील से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि कोई भी याचिकाकर्ता छूट न जाए और सभी याचिकाओं का विवरण तैयार किए जाने वाले संकलन में शामिल किया जाए। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से कहा कि न्यायालय के पास दो विकल्प उपलब्ध हैं क्योंकि एक याचिका दिल्ली हाई कोर्ट के समक्ष सुनवाई के लिए तैयार है और शीर्ष अदालत उसके फैसले का इंतजार कर सकती है या वह सभी याचिकाओं को अपने पास स्थानांतरित कर सकती है। कई याचिकाकताओं के वकीलों ने पीठ को बताया कि वे चाहते हैं कि शीर्ष अदालत इस मुद्दे पर एक आधिकारिक घोषणा के लिए सभी मामलों को अपने पास स्थानांतरित कर ले और केंद्र शीर्ष अदालत के समक्ष अपना जवाब दाखिल कर सकता है।

# ट्रेन में यात्री को टीटीई ने पीटा, निलंबित

**पद का दुरुपयोग**

**सीट से घसीटकर नीचे पटका फिर लात-घूंसे बरसाए**


**बिना टिकट जा रहे यात्री को बेरहमी से मारा, वीडियो वायरल होने के बाद टीटीई पर कार्रवाई**

**पटना।** बिहार के जयनगर से लोकमान्य तिलक मुंबई जाने वाली पवन एक्सप्रेस में 2 टीटीई ने चलती ट्रेन में यात्री को सीट से पटकर लात-घूंसों से पिटाई कर दी। एक पैसेंजर ने इसका वीडियो बना लिया। यह वीडियो सामने आने के बाद टीटीई गौतम कुमार पांडेय और नरेश कुमार को सस्पेंड कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि ट्रेन में एक यात्री बिना टिकट यात्रा कर रहा था। चालान काटने को लेकर यात्री और टीटीई में विवाद बढ़ता गया। पहले दोनों में गाली-गलौज हुई। इसके बाद टीटीई गौतम कुमार पांडेय और टीटीई रेश कुमार ने यात्री की पिटाई शुरू कर दी। इस दौरान दूसरे यात्री टीटीई से छोड़ने की गुहार लगाते रहे, लेकिन वो नहीं माने। ये दोनों टीटीई समस्तीपुर रेल मंडल के जयनगर स्टेशन पर कार्यरत हैं। इन्हें डीआरएम आलोक अग्रवाल के निर्देश पर सीनियर डीसीएम चंद्रशेखर प्रसाद ने सस्पेंड कर मामले में जांच के आदेश दिए हैं। ये वीडियो 2 जनवरी का है। बिहार के भागलपुर में बुधवार को ट्रेन में मोबाइल चोरी के आरोप में भीड़ ने एक युवक को पकड़ा। उसकी जमकर पिटाई की, फिर कोच के गेट से हाथ बांधकर लटका दिया। लोगों ने बताया कि ट्रेन स्टेशन पर खड़ी थी, तभी एक युवक आया और खिड़की से मोबाइल छीनकर भागने लगा।

## देश में ऑक्सफोर्ड जैसी यूनिवर्सिटी की तैयारी में केंद्र, मांगे गए सुझाव

**नई दिल्ली।** केंद्र ने उच्च शिक्षा में सुधार के तहत विदेशी विश्वविद्यालयों के परिसरों को देश में ही खोलने और विदेशी विश्वविद्यालयों की डिग्री प्रदान करने की अनुमति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसके तहत अब देश में ही येल, ऑक्सफोर्ड और स्टैनफोर्ड जैसी विश्वविद्यालयों को अपने कैंपस खोलने और डिग्री प्रदान करने की अनुमति दी जा सकती है। केंद्र के इस पहल के बाद विदेश पढ़ाई करने जाने में असमर्थ छात्रों को देश में ही रहकर विदेश के प्रमुख विश्वविद्यालयों में पढ़ने का मौका मिल सकेगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने नई शिक्षा नीति 2020 के तहत एक ड्राफ्ट पेश कर जनता से सुझाव और प्रतिक्रिया मांगा है। यूजीसी द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, नई शिक्षा नीति के तहत दुनिया के शीर्ष विश्वविद्यालयों को भारत में उनके कैंपस खोलने और इसको संचालित करने की सुविधा प्रदान की जाएगी।

# पीएम की मां हीराबा के नाम पर रखा गया बांध का नाम



**राजकोट।** गुजरात में राजकोट शहर के बाहरी इलाके में बनाए जा रहे एक छोटे बांध का नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां दिवंगत हीराबेन के नाम पर रखा गया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार के यह जानकारी दी। गिर गंगा परिवार ट्रस्ट के अध्यक्ष दिलीप सखिया ने कहा कि राजकोट-कलावाड रोड पर वगुदाद गांव के समीप न्यारी नदी पर ट्रस्ट द्वारा 15 लाख रुपये की लागत से छोटा बांध बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्थानीय विधायक दर्शिता शाह और राजकोट के महापौर प्रदीप देव की मौजूदगी में बुधवार को बांध की नींव रखी गयी। सखिया ने कहा, ह्यह्यप्रधानमंत्री की मां को श्रद्धांजलि के तौर पर हमने छोटे बांध का नाम हीराबा स्मृति सरोवर रखने का फैसला किया है क्योंकि इसे उनकी याद में बनाया जा रहा है। इससे दूसरे लोगों को भी अपने प्रियजन के निधान के बाद कुछ करने या किसी अच्छी चीज के लिए दान देने की प्रेरणा मिलेगी। हीराबा का 30 दिसंबर को अहमदाबाद के एक अस्पताल में 99 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। सखिया ने बताया कि इस ट्रस्ट ने पिछले चार महीने में दानदाताओं की वित्तीय मदद से 75 छोटे बांध बनाए हैं। इस नए बांध का काम दो सप्ताह के भीतर पूरा कर लिया जाएगा और इसमें करीब 2.5 करोड़ लीटर पानी के भंडारण की क्षमता होगी। *एजेंसी*

# मुंबई से सीधे बहन के घर पहुंचे सीएम योगी

**जताया शोक**

**दो दिन पहले हुआ था बहनोई का निधन**

**गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन में बहन के घर सांत्वना देने पहुंचे सीएम योगी**

**बेहद दुखी नजर आए सीएम किसी से नहीं की मुलाकात**

**ब्रेन स्ट्रोक के बाद 67 वर्षीय बहनोई की हालत में नहीं हुआ सुधार...वेंटिलेटर पर थे**



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन स्थित एमजीआई घरौंदा अपनी बहन के घर पहुंचे। जैसे ही इसकी जानकारी प्रशासनिक अधिकारियों को मिली तो आनन-फानन में सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए। सीएम योगी के बेहनोई राजेंद्र सिंह चौधरी का बुधवार देर रात निधन हो गया था।

गुरुवार को उनका दिल्ली की के निगमबोध घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। मुख्यमंत्री योगी मुंबई में होने के कारण अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो सके थे। इसलिए सीएम योगी शुक्रवार को गाज़ियाबाद कि राजनगर एक्सटेंशन स्थित घरौंदा एमआइजी सोसाइटी पहुंचे। राजेंद्र सिंह चौधरी का परिवार इसी सोसाइटी में रहता है।

मिली जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बहन का परिवार राजनगर एक्सटेंशन स्थित एमजीआई घरौंदा सोसाइटी में रहता है। अचानक ही योगी आदित्यनाथ के 67 वर्षीय बहनोई राजेंद्र सिंह चौधरी को ब्रेन स्ट्रोक आया जिसके बाद उन्हें 1 जनवरी की सुबह कौशांबी स्थित यशोदा अस्पताल में भर्ती किया गया था। वहां पर न्यूरो फिजिशियन डॉ सुमंतो चटर्जी, फिजिशियन डॉक्टर अंशुमन त्यागी, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ धीरेंद्र सिंघानिया की निगरानी में मुख्यमंत्री के बहनोई का उपचार हुआ। लेकिन उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ तो उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया लेकिन चिकित्सकों की तमाम कोशिशों के बावजूद भी बुधवार शाम करीब 5:30 बजे ब्रेन डेड हो गया। लेकिन चिकित्सकों की टीम की निगरानी में उन्हें घर भेज दिया गया घर पर भी वह वेंटिलेटर पर ही रहे। चिकित्सकों की तमाम कोशिश के बाद भी आखिरकार वह जिंदगी के हार गये।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को अपनी बहन के घर पहुंचे और करीब 45 मिनट तक अपनी बहन के पास रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दौरान अन्य किसी प्रशासनिक अधिकारी और नेता से कोई मुलाकात नहीं की और ना ही वह मीडिया से रूबरू हुए क्योंकि वह बेहद दुखी दिखाई दे रहे थे। एजेंसी

# आजाद की पार्टी को बड़ा झटका 17 पूर्व नेता कांग्रेस में हुए शामिल

नई दिल्ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री गुलाम नबी आजाद के नेतृत्व वाली डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी (डीएपी) के 17 पूर्व नेता शुक्रवार को कांग्रेस में शामिल हो गए जिनमें जम्मू-कश्मीर के पूर्व उप मुख्यमंत्री ताराचंद भी शामिल हैं। इन नेताओं की यह कांग्रेस में वापसी है। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इन नेताओं का पार्टी में स्वागत किया। वेणुगोपाल ने कहा, भारत जोड़ो यात्रा के जम्मू कश्मीर में दाखिल होने से पहले हमारे कई नेता घर वापस आ रहे हैं। यह बहुत खुशी की बात है। तारा चंद, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष पीरजादा मोहम्मद और 15 अन्य नेताओं ने कांग्रेस में वापसी की है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि आने वाले दिनों में डीएपी के कई और नेता कांग्रेस में वापसी करेंगे। आजाद ने पिछले साल अगस्त में कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था और फिर डीएपी की स्थापना की थी। पार्टी गठित होने कुछ हफ्ते बाद ही इसमें कलह शुरू हो गई। पिछले दिनों तारा चंद और कुछ अन्य नेताओं को डीएपी से निष्कासित कर दिया गया था।



जनसंदेश टाइम्स
प्रयागराज, शनिवार, 7 जनवरी, 2023



## संक्षेप

### बाइक सवारों ने कार रोक कर युवक को तमंचा दिखा कर की मार पीट, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** भतीजे को कार में बैठा कर जरुरी काम से जा रहे युवक की कार को बाइक सवारों ने ओवरटेक करके कार से निकाल कर मारे पीटे और तमंचा देखा कर जान से मारने की धमकी दिए।भुक्त भोगी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम अलावलपुर निवासी शिव मूर्ति पाल पुत्र दयाराम पाल का आरोप है कि वह अपनी कार में आपने भतीजे सत्यम को बैठा कर जरुरी काम से जा रहा था कि जैसे वह मरखामऊ मोड पर पहुंचा तभी एक बाइक पर दो सवार ओवरटेक करके कार से ऊतार कर उसे और उसके भतीजे को मारे पीटे तथा तमंचा निकल कर जान से मारने की धमकी भी दी। शिवमूर्ति पाल ने मऊआइमा थाने में गांव के ही शिवमंगलपाल और उनके पुत्र शंकर लाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# ट्रक और मैजिक की भिड़ंत में चालक की मौत, घंटों फंसा रहा शव

**हादसा**

**प्रयागराज-बांदा राजमार्ग पर जनवा के समीप हुआ हादसा**

**दूध की सप्लाई देने मुरका जा रहा था मैजिक चालक**


हादसे में क्षतिग्रस्त मैजिक व फंसा चालक का शव

**बारा/शंकरगढ़।** प्रयागराज-बांदा राजमार्ग पर शुक्रवार की सुबह ट्रक की चपेट में आने से मैजिक चालक की मौत हो गई। यह टक्कर इतनी जोरदार थी कि मैजिक का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और चालक का शव उसी में फंस गया। जिसे निकालने में पुलिस को खासी मशक्कत का सामना करना पड़ा। मैजिक सवार सुबह दूध की सप्लाई करने के लिए शिवराजपुर गया था और वहां से मुरका वापस लौट रहा था। शंकरगढ़ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर चीरघर भेज दिया है।

शुक्रवार की सुबह यह हादसा भीषण कोहरे की वजह से हुआ है। जानकारी के मुताबिक लालापुर थाना क्षेत्र के सुजौना निवासी रतन यादव पुत्र कृष्ण यादव दूध का कारोबार करता था। वह समीपवर्ती जनपद चित्रकूट के मुरका (बरगढ़) में भी दूध की सप्लाई करता था।शुक्रवार की सुबह वह मैजिक पर दूध लादकर शिवराजपुर आया था। यहां से सुबह करीब 6 बजे वह मुरका की तरफ जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे बेकाबू ट्रक और मैजिक के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई।

भीषण कोहरे के बीच दो वाहनों के बीच टक्कर इतनी जोरदार थी कि मैजिक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त होकर पीछे चला गया और चालक उसी में फंस गया। हादसे की सूचना होते ही मौके पर ट्रैफिक रुक गया। राहगीरों के जरिए हादसे की सूचना पुलिस तक पहुंची।इस दुर्घटना की सूचना पर एसओ शंकरगढ़ मनोज कुमार सिंह दल-बल के साथ मौके पर पहुंच गए और मैजिक में फंसे चालक रतन यादव का शव बाहर निकलवाया। जनवा, टकटई के पास हुआ हादसे के संबंध में एसओ ने बताया कि ट्रक की पहचान कर ली गई है। मैजिक सवार की पहचान रतन यादव के रूप में हुई है। शव को कब्जे में लेकर चीरघर भेज दिया गया है। आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## बीस दिनों से गायब अधेड़ का शव कुआं में मिला, परिजनों में कोहराम

**मऊआइमा।** बीस दिनों से गायब मानसिक रूप से विज्ञिप्त अधेड का शव एक सूखे कुआं में मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बाहर निकलवा कर विधिक कार्यवाही करके परिजनों को सौंप दी। मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला हजियाना निवासी सईद महमूद उर्फ राजू 50 वर्ष पुत्र मोहम्मद मकसूद काफी दिनों से दिमागी रूप से विज्ञिप्त था। बताया गया है कि 16 दिसम्बर को वह घर से गायब हो गया । उसकी पत्नी खालिदा बानों ने मऊआइमा थाने में गुमशुदगी रिपोर्ट 17 दिसम्बर को दर्ज करायी थी। शुक्रवार को दोपहर को मऊआइमा पुलिस को ग्राम बुआपुर के ग्रामीणों ने सूचना दी कि एक शव सडी गली हालत में सूखे कुआं में पडी हुई है। पुलिस मौके पर पहुंच कर शव निकलवाया जिसकी शिनाख्त सईद महमूद उर्फ राजू के रुप मे हुई। पुलिस ने विधिक कार्यवाही करके शव परिजनों को सौंप दिया। बताते हैं कि वह कुछ दिनों पूर्व अपनी ससुराल भानेमऊ गया था। फिर वहां से भाग गया। सईद महमूद उर्फ राजू का शव घर आते ही कोहराम मच गया।देर शाम सईद महमूद उर्फ राजू के शव को कब्रिस्तान में दफना दिया गया।

## महिला की मौत पर मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप


महिला की मौत के बाद पूंछताछ करती पुलिस

**नवाबगंज।** थाना नवाबगंज क्षेत्र के टिकरी गांव की दलित बस्ती में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने पर मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाया। मौत की सुचना मिलते ही नवाबगंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया मौके पर पहुंचे परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप। घटना की सूचना पाकर भाजपा नेता उमेश तिवारी मौके पर पहुंचे और ढाढस बंधाया। नवाबगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत टिकरी गांव में उमा देवी 34 वर्ष की शादी लगभग 6 साल पहले पंचम के साथ हुई थी। महिला की शुक्रवार को संदिग्ध हालत में मौत हो गई। सूचना पर नरहा झिंगहा गांव से पहुंचे मायके वालों ने ससुराल पक्ष के ऊपर हत्या का आरोप लगाया। जबकि ससुराल पक्ष के लोगों का कहना है कि विवाहिता की मौत ठंड से हुई है। मौत की सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर नवाबगंज अनूप कुमार सिंह, एस एस आई सुशील दुबे व पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पीड़ित परिवार से बात कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना की सूचना मिलने पर एसीपी सोरांव आईपीएस चिराग जैन भी घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। देखते ही देखते पंचम के घर पर बड़ी संख्या में महिला पुरुष जमा हो गए। एसीपी सोरांव आईपीएस चिराग जैन ने बताया कि पोस्ट मार्टम की रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

## दहेज में एक लाख की मांग न पूरी होने पर विवाहिता को भगाया, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा की चन्दी पट्टी है मयका, भुइदहा प्रतापगढ़ है ससुराल**

**मऊआइमा।** दहेज में एक लाख की मांग न पूरी होने पर विवाहिता को ससुरालियों ने मार पीट कर भगा दिया। विवाहिता ने पति सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम चन्दी पटटी शुकुलपुर निवासनीय किरन शुक्ला पुत्री दिनेश कुमार शुक्ला की शादी एक दिसम्बर 2020 को प्रतापगढ़ कोतवाली के ग्राम भुइदहा निवासी जितेंद्र कुमार मिश्रा पुत्र शिव प्रसाद मिश्रा के साथ हुई थी। किरन शुक्ला का आरोप है कि शादी में अपनी हैसियत से अधिक दान दक्षिणा दिया गया। बावजूद इसके ससुराली एक लाख नगदी की मांग दहेज में करते रहे, और थोडी थोडी बात पर प्रताडित करते रहे।। वह निरन्तर अपने मयके आ कर ससुरालियों की आप बीती और एक लाख की डिमांड की बात बताती थी।कई बार समझाने के बाद जब वह ससुराल गयी तो ससुरालियों को कोई असर नहीं पड़ा । बल्कि अत्याचार बढ गया। किरन शुक्ला का आरोप है कि 30 दिसम्बर 2022 को उसका सारा सामान लेकर उसे मार पीट कर ससुरालियों ने भगा दिया। किरन शुक्ला ने मऊआइमा थाने में पति जितेंद्र कुमार मिश्रा, ससुर शिव प्रसाद मिश्रा, ननदें पूजा तिवारी, ज्योति तिवारी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दी है।

## कंबल पाकर गरीबों के चेहरे खिल उठे

**नैनी।** इन दिनों लगातार चल रहे शीतलहर एवं भीषण ठंड को देखते हुए नैनी के गंगापुरम निवासी पवन कुमार यादव उर्फ सोनू (समाजसेवी) के द्वारा शुक्रवार को शाहजी के पूरा गांव में गरीबों के बीच जाकर तकरीबन 500 लोगों को कंबल वितरण किया गया। कंबल पाकर गरीबों के चेहरे खिल उठे। इस दौरान उन्होंने कहा, कि ठंड के मौसम में कंबल वितरण करना बहुत ही पुनीत कार्य है। उनके द्वारा किए गए इस कार्य की क्षेत्रीय लोगों ने काफी सराहना की।

इस दौरान उनके साथ रमेश मिश्रा, मनीष गुलाटी, दीपक सिंह, बजरंग बहादुर यादव, मोहम्मद अनीश खान, गोविंद पांडेय, इंदल यादव, रितेश शुक्ला, जे.पी यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## ओस की बूंद पड़ते ही टूटकर गिर रहा बिजली के जरजर तार, हादसे के बाद भी विभाग मौन

**खतरा**

**तरहार क्षेत्र में चालिस वर्ष लगे तार पर दौड़ रही 11000 की सप्लाई,हादसे का दे रही संकेत**

**लालापुर।** क्षेत्र में 40 साल से लगे बिजली के तार पर दौड़ रही तरहार क्षेत्र की बिजली। नही किया सरकार ने आज तक बदली, क्षेत्रवासियों ने कई बार जनप्रतिनिधियों से लेकर विभाग तक मांग किया नतीजा जस का तस रहा क्षेत्र में इसी के चलते कई जान चली गई, कइयों का उजड़ गया सुहाग, अनाथ हो गए बच्चे, फिर भी आज तक तार बदली नही हुआ। अक्सर गर्मी में टूटकर गिर जाते है। खेत खलिहानो पर धू धू कर जलती है फसल चन्द समय मे हो जाती है राख,ए कहानी नही है क्षेत्र की हर एक कि जुबानी है,बिकास के नाम पर क्षेत्र में सबसे अब्बल नीचे से शून्य रहा फिर भी बिकास की झूठी आस



देने में जनप्रतिनिधि कोर कसर नही छोड़ रहे है।

तरहार क्षेत्र में दर्जनों गांव मानपुर, कचरा, नगवार, जगदीशपुर, पचवर, बेलामुण्डी, गोझवार, अमिलिया, नौड़िहा, सेमरी, नोदनौडिहा, अमिलिया, महेरा, मझियारी, बेलामुण्डी, लालापुर, गोबरा, सोनौरी, छतहरा, बसहरा, चिल्ला आदि दर्जनों गांवों की बिद्युती करण 40 वर्ष पूर्व में किया गया था,उस समय गौहनिया पावर हाउस से बिजली सप्लाई पूरे तरहार के गांवों में हुआ करती थी, उस जमाने के लगे तार 11000 सप्लाई से आज भी गांवो में बिजली दौड़ रही है। किसी के खेत के बिल्कुल नजदीक तो किसी के घर के पास लटक रहे हैं। सभी वस्तु की एक अवधि होती है लेकिन इस तार की कोई अवधि नही है जर जर की वजह से जहाँ एक तरफ क्षेत्र की जनता परेशान है तो वही लाइनमैन भी अछूता नही है अगर इसको टाइट करते है तो टूटकर गिर जाता है करे तो क्या करें किसी तरह सप्लाई बहाल करते है। खामियाजा ग्रामीण गर्मी, से लेकर बरसात तक भुगतते है इसकी वजह से कइयों के सिर पर छूने से मौत भी हो चुकी है



तरहार क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या जरजर तार को लेकर है आए दिन हादसा हो रहा है, इस समस्या को हमने संज्ञान में लेकर सरकार को पत्र लिखकर तार बदली कराने का आग्रह किया हूँ, बिजली की समस्या जल्द दूर की जाएगी।

**-डॉ वाचस्पति, बारा विधायक**

लेकिन फिर भी किसी ने आज तक सबसे जटिल समस्या का निदान नही किया। लोगो की जान की कोई परवाह नही है।

इस समय इस तार की ए हाल है कि बुधवार को शाम जैसे ही ओस की बूंद पड़ी सोनौरी गांव में सोनू सिंह के खेत मे खड़ी फसल पर तार टूटकर गिर गया। देखते ही पूरी सप्लाई बंद कराई गई ठंढ में आधी रात तक लोग उस तार की रखवाली



क्षेत्र में जरजर तार से कई लोगो की जान तक चली गई, गर्मी में तार टूटकर गिर जाते है किसानों की फसल जलकर राख हो जाती है,कई बार तार बदली करने के लिए जनप्रतिनिधियों से कहा गया लेकिन आज तक बदली नही हुआ,सरकार जरजर तार को जल्द बदली करवाए।

**-रमाशंकर तिवारी उर्फ दुबरी महाराज, लालापुर**

करते रहे कही ऐसा न हो कि अगर बिजली है तो कोई हादसा न हो जाय, अगर नही है बिजली तो कही तार न कोई काट ले जाय। आखिर कब तक क्षेत्र के लोग इस तरह के समस्या से जूझते रहेंगे, इसका निदान भी होगा या इसी तरह ग्रामीण परेशान होते रहेंगे।

## कार्यकर्ताओं पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं होगा : निर्मला पासवान


निर्मला पासवान का स्वागत करते कार्यकर्ता

**मऊआइमा।** भाजपा की एमएलसी निर्मला पासवान ने कहा कि भाजपा के किसी भी कार्यकाताओं के साथ अत्याचार बर्दास्त नहीं होगा। एम एल सी ने मऊआइमा कस्बा के भाजपाइयों द्वारा विधुत विभाग के अवर अभियंता की शिकायतीपत्र पर कही।

एमएलसी निर्मला पासवान ने कार्यकाताओं की शिकायत पर कहा कि विगत दिनों बडी संख्या में अल्पसंख्यकों सहित अन्य लोग भाजपा में शामिल हुए थे। भाजपा में शामिल होने वाले के यहां चुन चुन कर मऊआइमा कस्बा के अवर अभियंता संतोष यादव कनेक्शन सही होने के बावजूद भी जान बूझ कर एक तरफ से केबिल काटी गई। निर्मला पासवान ने कहा कि वह इसकी शिकायत विद्युत मंत्री से करेंगें। और अवर अभियंता को छोडा नहीं जाएगा। एमएलसी निर्मला पासवान ने एक मेडिकल स्टोर का शुभाशुभ करते हुए एकत्रित भीड से कहा कि निकाय चुनाव भाजपा पूरी ताकत से लडेगी।उन्होंने ने एक सवाल के जवाब में कहा कि मऊआइमा नगर पंचायत मुस्लिम बहुल्य क्षेत्र है और अल्पसंख्यकों का इस बार भाजपा की ओर झुकाव है। तथा बडी संख्या में मुस्लिम समाज भाजपा में शामिल हो रहे हैं। भाजपा का सब का साथ सब का विकास सफल हो रहा है। इस अवसर पर गंगापार भाजपा के आई टी सेल संयोजक निमिष खत्री, राम पलट पटेल, श्याम शंकर दुबे, शारसा प्रसाद शुक्ला, जय प्रकाश पटेल, जगदीश खत्री, मोहम्मद आलम, मोहम्मद आरिफ, सबी उद्दीन, इमरान, बेलाल आदि बडी संख्या में लोग मौजूद थे।

### रहस्यमय ढंग से किशोर गायब, गुमशुदगी दर्ज

**मऊआइमा।** साइकिल लेकर घर से निकला किशोर का दो दिनों तक कुछ पता न चलने पर किशोर के पिता ने किन्हीं अनहोनी की आशंका से सहमे हुए थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। मऊआइमा के ग्राम विशम्भरपुर निवासी त्रिभुवन कुमार यादव पुत्र सालिक राम का बारह वर्षीय पुत्र अभिषेक यादव गुरुवार को साइकिल लेकर घर से निकला परन्तु आज तक उसका कुछ भी पता नहीं चला । किन्हीं अनहोनी से सहमे हुए परिजनों ने मऊआइमा थाने में शुक्रवार को गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

## ठंड से बेहाल हैं ग्रामवासी कऊड़ा ही सहारा

**खीरी।** यमुनापार में कोराव तहसील क्षेत्र के खीरी बाजार समेत सभी क्षेत्रों में इन दिनों हाड़ कपाने वाली ठंड का दौर जारी है। जिससे सभी तरह से जनजीवन बेहाल है। जिसमें छोटे जीव जंतु छोटे व बेजुबान पशु पक्षी इन दिनों भीषण ठंड को सहन कर पाने में असमर्थ साबित हो रहे हैं। जिससे गांव में तमाम बेजुबान पशु पक्षी जान बचा पाने में असक्षम दिख रहे हैं। कई तरह के जीव जंतु वर्तमान समय में टहलते घूमते नहीं दिख रहे हैं। वह सभी कहीं ना कहीं कंदराओं में छुपे पड़े हैं। वही लोग किसी तरह से लकड़ी कंडी का कऊड़ा जलाकर अपने शरीर को गर्म करते हुए परेशान हैं। वही सड़को चौराहों पर शासन द्वारा अलाव का व्यवस्था भी मुस्तैदी से नहीं किया गया है। जिससे राहगीर काफी दिक्कत का सामना कर रहे हैं ।गांव में हर घरों में इन दिनों लकड़ी कंडी से आग जलाकर लोग किसी तरह से समय व्यतीत कर रहे हैं



ऐसे कड़ाके की ठंड में नन्हे-मुन्ने बच्चों को बच्चे भी घरों में दुबके हुए रहते हैं। ज्योंहि नए साल का प्रारंभ हुआ तब से इस तरह का भीषण और विकराल शीतलहर वाली ठंड जारी है। ऐसे में मानव जीवन मानो ठहर सा गया हो।

## बुजुर्गों एवं महिलाओं का सम्मान समारोह आयोजित

**सम्मान समारोह**

**सरकार सभी वर्गों के लिए समान रूप से कर रही है : सुरेन्द्र चौधरी**


कार्यक्रम को संबोधित करते सुरेन्द्र चौधरी

**सहसों।** पुरुषोत्तमपुर उर्फ गारापुर में शुक्रवार को बुजुर्गों एवं महिलाओं के सम्मान समारोह में उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य सुरेंद्र चौधरी ने कहां कि डबल इंजन की भाजपा सरकार में विकास की गंगा बह रही है। उन्होंने कहा महिलाओं के उत्थान के लिए पीएम आवास योजना, उज्जवला योजना के अतिरिक्त किसानों के लिए किसान सम्मान निधि सहित कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित है। जिसका लाभ गांव के गरीब बुजुर्ग को मिल रहा है। उन्होंने कहा इसके अलावा सड़क राजमार्ग रिंग रोड ओवर ब्रिज आज का निर्माण किया जा रहा है ताकि गांव का हर व्यक्ति स्वरोजगार करके शहरों तक आसानी से पहुंच सके। उन्होंने कहा सरकार शिक्षा के साथ स्वास्थ्य पर ध्यान देते हुए गरीबों के गंभीर बीमारी के लिए आर्थिक मदद कर रही है। सरकार सभी वर्गों के लिए समान रूप से कर रही है। उन्होंने ग्राम सभा में बारात घर, अंत्येष्टि स्थल तथा पक्की सड़क बनवाने का वादा किया। कार्यक्रम के आयोजक ग्राम प्रधान द्वारिका प्रकाश मौर्य ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का अंगवस्त्रम एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधान विनोद शुक्ला एवं संचालन नवयुवक ब्राह्मण समाज के संस्थापक लवकेश मिश्र ने किया। कार्यक्रम के समापन पर गांव के एक सौ पचास गरीब असहाय तथा बुजुर्गों को कंबल प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रवीण शुक्ला, विवेक शुक्ला, अमन मिश्रा, सूर्यमणि पांडे, शुभम शुक्ला, प्रमोद कुमार,विजय प्रकाश, आशीष शुक्ला,भोला कनौजिया, मन्ना कनौजिया, कृष्ण बल्लभ द्विवेदी, कमला शंकर मौर्य सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।


प्रतियोगिता में विजेता टीम के खिलाड़ियों संग अतिथिगण

## शिवानी जनवादी कबड्डी प्रतियोगिता में कामता सिंह गर्ल्स पीजी कॉलेज की टीम बनी विजेता

**सहसों।** शिवानी हीरो द्वारा आयोजित जनवादी कबड्डी महिला वर्ग की प्रतियोगिता गुलालपुर के मैदान में सर्वेश कबड्डी की देखरेख में आयोजित किया गया। जिसमें कामता सिंह गर्ल्स पीजी कॉलेज पटेल नगर की टीम चैंपियन रही। दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता में आसपास की 27 टीमों ने प्रतिभाग किया। उद्घाटन मैच गुप्ता मेडिकल स्टोर तथा प्रतापगढ़ की टीम के बीच खेला गया। फाइनल मैच कामता सिंह गर्ल्स पीजी कॉलेज पटेल नगर एवं एसबी मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल थरवई के बीच खेला गया। कड़े संघर्ष के बाद कामता सिंह गर्ल्स पीजी कॉलेज पटेल नगर की टीम ने 25 अंक प्राप्त कर ट्राफी पर कब्जा कर लिया तथा एसबी मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल की टीम ने 24 अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रही। शिवानी हीरो के डायरेक्टर विनायक सिंह ने प्रथम विजेता टीम कामता सिंह गर्ल्स पीजी कॉलेज पटेल नगर को 15000 रुपये का चेक व ट्राफी प्रदान किया। इसी प्रकार द्वितीय विजेता एसबी मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल को 11000 रुपए का चेक व ट्राफी तथा तीसरे स्थान पर रही जेके स्कूल एंड कॉलेज गुलालपुर को 5100 रुपये व ट्राफी प्रदान करते हुए खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम के आयोजक सर्वेश कबड्डी ने सभी खिलाड़ियों, अतिथियों को धन्यवाद देते हुए सफल आयोजन के लिए सहयोगियो का आभार ज्ञापित किया। कबड्डी प्रतियोगिता में संतोष आर्मी, डॉक्टर भीम सिंह यादव, संदीप गुप्ता, डॉक्टर धर्मराज यादव ,अजय कुमार गुप्ता ,कामरेड धर्मेंद्र कुमार राकेश कुमार,संजय सम्राट शशांक शेखर सिंह, डॉक्टर देवेंद्र पांडे ,उदय भान कुशवाहा अमित यादव सहित भारी संख्या में लोगों ने सहयोग किया।

## दुर्घटना में घायल कारोबारी की लखनऊ अस्पताल में मौत

**लालगोपालगंज।** तीन दिन पहले दुकान बंद कर घर लौट रहे व्यापारी को तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने टक्कर मार दिया था। गंभीर रूप से घायल व्यापारी की लखनऊ स्थित निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर परिजनों को हुई तो कोहराम मच गया। बाद में स्थानीय पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मर्चरी से शव आने के बाद देर शाम युवक का अंतिम संस्कार श्रृंगवेरपुर श्मशान घाट पर किया गया।

लालगोपालगंज कस्बा के वार्ड नंबर 14 अंजाही मोहल्ला निवासी शशांक उर्फ रिंकू जायसवाल (41) पुत्र मुन्नूलाल जायसवाल स्क्रैब का कारोबार करते थे। बुधवार रात करीब 10:00 बजे वह दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। पुलिस चौकी के पास पहुंचे थे तभी पुलिस बूथ तिराहा की ओर से आ रही तेज रफ्तार वरना कार ने जोरदार टक्कर मार दिया। इससे शशांक गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन और स्थानीय लोगों ने व्यापारी को प्रयागराज अस्पताल ले गए। जहां हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने लखनऊ पीजीआई के लिए रेफर कर दिया। परिजनों ने कारोबारी को लखनऊ स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां गुरुवार देर रात उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर घर वालों को ही तो कोहराम मच गया। अस्पताल से शव घर पहुंचा तो स्थानीय पुलिस ने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मर्चरी से लाश आने पर श्रृंगवेरपुर श्मशान घाट स्थित अंतिम संस्कार किया गया। बता दें कि रिंकू जायसवाल पांच भाइयों में सबसे बड़ा था। हादसे के बाद बूढ़ी मां और घर वालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## इफको की मदद से गरीबों को मिला कंबल

### ग्राम प्रधान ने विधवा व जरूरतमंद महिलाओं को दिया कंबल

**फूलपुर।** इस समय पड़ रही कड़ाके की ठंड ने आमजन जीवन को प्रभावित कर दिया है। खासकर गरीबों को बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में उन्हें ठंड से बचाने के लिए निशुल्क कंबल वितरित करना एक पुनीत कार्य है। उक्त बाते शुक्रवार को फूलपुर विकास खण्ड के कोड़ापुर गांव में विधवाओं के साथ ही असहाय गरीब महिलाओं को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरित करते हुए भाजपा के वरिष्ट नेता व जिला संयोजक समाजसेवी श्याम बाबू गुप्ता ने कही। उन्होंने कहा की गरीबों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है। ग्राम प्रधान फूलकली रावत ने कहा की कोड़ापुर गांव में सबसे अधिक दलित और पिछड़े वर्ग के गरीब लोग निवास करते है ऐसे में इफको की मदत से गरीबों का जो सहयोग हो रहा है वह काफी सराहनीय


गरीबों को कंबल वितरित करते सचिव अनिल कुमार व ग्राम प्रधान फूलकली


कार्य है। ग्राम पंचायत विकास अधिकारी अनिल कुमार मौर्य ने कहा की हर समर्थवानो को समय-समय पर अपने सामर्थ्य के अनुसार गरीबो की मदत करनी चाहिए। वही क्षेत्र पंचायत सदस्य चकरा अलीपुर आनंद कुमार सिंह ने गरीबों की मदत करने के लिए लोगो से अपील की। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ट पत्रकार मौजी लाल रावत ने किया। इस मौके पर दर्जनों विधवा गरीब महिलाओं को कंबल वितरित किया गया। मौके पर अनिल कुमार, सफाई कर्मचारी राम प्रसाद, सुरेश चंद गौतम, आशा देवी, सुशीला देवी, गुड़िया देवी, फूला देवी, शांति देवी, मोशिना बानो, विट्टी वनवासी, शशि कला, कुसुम देवी, राम कली सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।

## फाफामऊ में अलाव न जलने से लोगों में आक्रोश

**फाफामऊ।** फाफामऊ क्षेत्र में कही भी कोई आलाव न जलने से क्षेत्र के लोगों में नगर निगम के प्रति आक्रोश व्याप्त है। बता दे की पिछले कई दिनों से हाड़ कपा देने वाली ठंड से गरीब, बेसहारा, राहगीरों, माघमेला यात्रियों को काफी परेशानी का सामना झेलना पड़ रहा है।लेकिन नगर निगम के अधिकारियों के कान मे जू तक नहीं रेग रही है। लोगों का आरोप है कि नगर निगम के अधिकारियों को फोन करने पर अधिकारी हीलाहवाली बताते है।फाफामऊ व्यापार मंडल के पदाधिकारी नगर आयुक्त से कईबार शिकायत किया परन्तु अभी तक कोई आलाव की पहल नहीं हुई बैठक कर नगर निगम के कार्यप्रणाली पर रोष व्यक्त किया है। आक्रोश व्याप्त करने वालों में गोपीचंद केशरवानी, मनोज अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, श्याम बाबू केशरवानी, शाशि अग्रवाल, भूपेश केसरी, अभिषेक जायसवाल,विजय दिक्षित आदि है।


माघ मेले का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी

# प्रयागराज माघ



## पौष पूर्णिमा स्नान के साथ माघ मेले का शुभारंभ, लाखों ने लगाई पुण्य की डुबकी

**मौसम**



| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 17.00 |
| न्यूनतम : | 5.00 |
| सूर्योदय : | 06.50 |
| सूर्यास्त : | 05.27 |

### लखनऊ शिफ्ट नहीं होगा शिक्षा निदेशालय, केशव ने ट्वीट कर दी जानकारी

**प्रयागराज।** प्रयागराज स्थित उच्च शिक्षा निदेशालय लखनऊ शिफ्ट नहीं होगा। शुक्रवार सुबह इस संबंध में प्रदेश सरकार के विशेष सचिव अखिलेश कुमार मिश्र ने पत्र जारी कर स्पष्ट किया कि निदेशालय को लखनऊ में स्थापित करने कोई भी निर्णय किसी भी स्तर पर नहीं किया गया है। उधर विशेष सचिव के पत्र को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने भी शुक्रवार की सुबह ट्वीट किया। उन्होंने लिखा कि प्रयागराज से उच्च शिक्षा निदेशालय लखनऊ स्थानांतरित नहीं होगा। गलत आदेश जारी करने की जांच भी होगी।

**आस्था**

**6.04 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़के तापमान के बीच हर-हर गंगे के जयकारों के साथ श्रद्धालु संगम की ओर आगे बढ़ते रहे**


पौष पूर्णिमा पर संगम में पुण्य की डुबकी लगाते श्रद्धालु


माघ मेले में भ्रमण के दौरान वृद्ध का हाल चाल लेते अफसर

**प्रयागराज।** शुक्रवार को माघ मेले के प्रथम स्थान पर्व पौष पूर्णिमा के पावन अवसर पर लगभग 5 लाख 10 हजार लोगों ने मेला क्षेत्र में बनाए गए 14 घाटों पर आस्था की डुबकी लगाई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो इसके दृष्टिगत सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने देर रात से ही मेला क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराईं। मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री, मेला अधिकारी अरविंद कुमार चौहान, अपर मेला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी एवं दयानंद प्रसाद ने मेला क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए सभी सेक्टरों एवं घाटों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराईं।

पौष पूर्णिमा पर शुक्रवार को संगम पर भक्ति के कारवां के बीच आस्था की डुबकी के साथ संतों-भक्तों के सबसे बड़े समागम के रूप में महीने भर के माघ मेले का शुभारंभ हो गया। आस्था, भक्ति और विश्वास की त्रिवेणी में प्रथम डुबकी लगा कर जीवन धन्य बनाने के लिए हर कोई आतुर था। कोहरे की घनी चादर में हाड़ कंपा देने वाली ठंड भी आस्था के कदमों को नहीं डिगा सकीं। कोई लेटते हुए संगम पर स्नान के लिए पहुंचा, तो कोई बैंडबाजा के साथ नाचते-कीर्तन करते हुए। इसी के साथ महीने भर का माघ मेला आरंभ हो गया।

देर शाम मेला प्रशासन ने शाम तक 5.10 लाख श्रद्धालुओं के संगम में डुबकी लगाने का दावा किया। भोर में ही सिर पर आस्था की गठरी लिए श्रद्धालु संगम की ओर बढ़ने लगे। 6.04 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़के तापमान के बीच हर हर गंगे के जयकारों केसाथ लोग संगम की ओर आगे बढ़ते रहे। एक तरफ स्नान और दूसरी ओर पतितपावनी गंगा के दोनों तटों पर अन्न, वस्त्र का दान कर पुण्य कमाने के जतन कि जाते रहे।

सुरक्षा की दृष्टि से किसी भी तरह की कोताही ना हो यह सुनिश्चित करने के दृष्टिगत पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी रात से ही भ्रमणशील रहते हुए विभिन्न सेक्टरों का निरीक्षण किया तथा सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में तैनात अधिकारियों का मनोबल बढ़ाया। भ्रमणशील अफसरों में पुलिस अपर महानिदेशक भानु भास्कर, पुलिस आयुक्त रमित शर्मा, पुलिस महानिरीक्षक चंद्र प्रकाश, पुलिस अपर आयुक्त आकाश कुलहरी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेला, राजीव नारायण मिश्रा तथा पुलिस अधीक्षक मेला आदित्य शुक्ला शामिल रहे।

श्रद्धालुओं को ठंड के प्रकोप से बचाने हेतु पूरे मेला क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में अलाव की भी व्यवस्था कराई गई थी तथा पूरे स्नान की अवधि में किसी भी तरह की अप्रिय घटना नहीं हुई।

## संक्षेप

### राम कथा संदेह अज्ञान और भ्रम को हरने वाली कथा हैं




**हनुमानगंज।** क्षेत्र के सृष्टि गार्डन में चल रही नौ दिवसीय रामकथा के दूसरे दिन गुरुवार को परिवहन मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह पहुच कर आरती पूजन कर कथावाचक ओं का आशीर्वाद लिया। हनुमान जी महाराज के नेतृत्व में 4 जनवरी से हनुमानगंज के सृष्टि गार्डन में शुरू हुई श्री राम कथा का रसपान करने भीषण ठंड में भी भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं गुरुवार की शाम परिवहन मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह भी पहुंचे उन्होंने श्रीमद् भागवत की आरती उतारी चित्रकूट धाम से पधारी कथावाचक सुरभि जी का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि राम कथा संदेह अज्ञान और भ्रम को हरने वाली कथा हैं। यह संसार रूपी नदी को पार करने के लिए नाव हैं। पूर्व विधायक हंडिया प्रशांत सिंह व पूर्व ब्लाक प्रमुख राज कुमार सिंह उर्फ रिंकू के नेतृत्व में दयाशंकर सिंह को फूलों का हार पहनाकर स्वागत किया गया। पूर्व विधायक प्रशांत सिंह परिवहन मंत्री से हंडिया और प्रयागराज के बीच इलेक्ट्रॉनिक बस चलाने की मांग की। इस अवसर पर हरिनारायण सिंह, गोपी नाथ स्वर्णकार, जिला पंचायत सदस्य भूपेंद्र सिंह पिंटू, भाजपा नेता पिंटू गुप्ता, अमित सिंह हरि, उत्तम तिवारी सहित भारी संख्या में श्रोता गण मौजूद रहे।

### माण्डा पुलिस ने गांजे के साथ एक आरोपी को पकड़ा



**माण्डा।** माण्डा क्षेत्र के महुवारी खुर्द के सोनकर बस्ती के अमरूद के बाग से अवैध गांजे के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गुरुवार को चौकी प्रभारी भारतगंज उपनिरीक्षक दुर्गेश सिंह ने चेनई सोनकर पुत्र भुलई सोनकर को दोपहर तकरीबन तीन बजे एक किलो सौ ग्राम नाजायज गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया।एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की गयी। प्रभारी निरीक्षक माण्डा अरविंद कुमार ने बताया की अवैध अपमिश्रित देशी शराब व गांजा निष्कर्षण के विरुद्ध कार्यवाही जारी रहेगी।

### अल्फा डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन



**प्रयागराज।** शुक्रवार कीडगंज क्षेत्र अंतर्गत अल्फा डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन हुआ। आधुनिक सुविधाओं से लैस छात्र छात्राओं के उत्तम व्यवस्था की गई इस लाइब्रेरी में छात्र छात्राओं के लिए किताबें वाईफाई सुविधा कंप्यूटर लैब जैसे तमाम आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध है। लाइब्रेरी के संचालक विशाल यादव ने बताया कि हम प्रयागराज क्षेत्र में छात्र छात्राओं के लिए बेहतर सुविधाएं ला रहे हैं हमारे यहां छात्रों के लिए फुल एयर कंडीशन सुविधा, न्यूज,पेपर बुक मैगजीन, पिन ड्रॉप साइलेंस रूम जैसे तमाम सुविधा उपलब्ध है। इस अवसर पर धनेश यादव, विशाल यादव, नितेश ठाकुर, विमुक्ति त्रिपाठी, उत्कर्ष पाल, आयुष यादव, सुनीत त्रिपाठी, आलोक यादव उपस्थित रहे।

### भाजपा के महानगर अध्यक्ष के जन्मदिन पर गरीब असहाय लोगों को बांटा कंबल और गर्म कपड़े



**फाफामऊ।** भाजपा के महानगर अध्यक्ष गणेश केशरवानी के जन्मदिन के अवसर पर फाफामऊ चौराहे पर शिवकुटी मंडल के उपाध्यक्ष भोला सिंह ने शुक्रवार को क्षेत्र के गरीब और जरूरतमंद लोगों को कंबल गर्म कपड़े बांटे। कंबल वितरण कार्यक्रम में गणेश केशरवानी से केक कटवा कर उनके जन्मदिन के उपलक्ष्य में गरीब, बेसहारा, वृद्ध महिलाओं को शाल, कंबल, जैकेट व बच्चों को गर्म कपडे बृहद रूप से वितरण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से व्यापार मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र केशरवानी, आर.डी.वर्मा, जे.पी.सिंह, शिवशंकर श्रीवास्तव , रामनारायण मिश्रा , शेखर गुप्ता, विमल केशरवानी , दरोगा सिंह, जगदीश सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।

## एनजीबीयू में निकली स्वच्छता जागरूकता रैली


जागरूकता रैली में शामिल लोग

**प्रयागराज।** नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय, प्रयागराज में पंच दिवसीय जाँच शिविर के तीसरे दिन एक दिवसीय 'हाइक भ्रमण कार्यक्रमै का आयोजन किया गया। इस दौरान रोवर्स-रेंजर्स द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। सभी रोवर्स-रेंजर्स फालोवर पार्टी के संकेतों के सहारे हाइक-स्थल तक पहुँचे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने समन्वयक डॉ. विष्णु प्रसाद प्रसाद शुक्ल के नेतृत्व में हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस अवसर पर प्रशिक्षक श्रीमती रीता शर्मा एवं श्री उमेश द्विवेदी, प्रति कुलपति डॉ. सुरेश चन्द्र तिवारी, निदेशक जमुनीपुर परिसर डॉ. प्रबुद्ध मिश्र, डॉ. के. के. तिवारी, डॉ. हिमांशु शेखर सिंह, डॉ. छाया मालवीय, डॉ. सियाराम शुक्ल, प्रभारी डॉ. शक्तिनाथ, डॉ. साधना त्रिपाठी, डॉ. पुष्पांजलि पाल सहित अनेक शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## टीपीएस ने 2-1 से जीती सीरीज

**प्रयागराज।** टैगोर पब्लिक स्कूल ने डीएवी क्रिकेट अकादमी को 44 रन से हराकर तीन मैचों की वंडर क्रिकेट सीरीज पर 2-1 से कब्जा जमाया। डीएवी कॉलेज मैदान पर शुक्रवार को खेले गए मैच में टीपीएस ने 25 ओवर में 5 विकेट पर 210 रन (विनायक शुक्ल 56, आयुष कुंद्रा 43, मीजान आलम 33, कुशल छाबरा 31, चहल वर्मा व अली रहमान दो-दो विकेट) बनाये। जवाब में डीएवी अकादमी की टीम 25 ओवर में 8 विकेट पर 166 रन (सक्षम वर्मा 34, इशांत गुप्ता व विष्णु यादव 25-25, विनायक, मीजान, जसविंदर व कुशल एक-एक विकेट) पर सिमट गई। कुशल छाबरा को बेस्ट बैटर, अली रहमान को बेस्ट बॉलर और मीजान को मैन ऑफ दि मैच एवं मैन ऑफ दि सीरीज चुना गया। धीरेंद्र कुशवाहा, वजाहत महमूद दुर्गेश निषाद, रिंकू ने पुरस्कार वितरित किया। इस मौके पर अभिषेक सिन्हा, अंजुम परवेज, रूमी नकवी आदि मौजूद रहे।

## उमरे मुख्यालय में साप्ताहिक संरक्षा एवं समयपालन समीक्षा बैठक आयोजित

**समीक्षा बैठक**

**महाप्रबंधक ने किया उत्तर मध्य रेलवे की नई परिचालन नियमावली (Operating Manual) का विमोचन**


उमरे की नई परिचालन नियमावली (Operating Manual) का विमोचन करते उमरे महाप्रबंधक

**प्रयागराज।** शुक्रवार को उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे सतीश कुमार की अध्यक्षता में साप्ताहिक संरक्षा और समयपालन समीक्षा बैठक के दौरान उत्तर मध्य रेलवे की नई परिचालन नियमावली (Operating Manual) का विमोचन किया गया। बैठक में उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय के सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष और मंडल रेल प्रबंधक, प्रयागराज, मंडल रेल प्रबंधक, झांसी और अपर मंडल रेल प्रबंधक, आगरा सहित मंडल के वरिष्ठ अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शामिल हुए। इस नई नियमावली में नई तकनीक तथा सूचना प्रोद्योगिकी के परिप्रेक्ष्य में रेल यातायात परिचालन नियमों की विषद व्याख्या की गयी है। इसको जारी करते हुए महाप्रबंधक महोदय ने आशा व्यक्त की कि, इस मैनुअल के जारी होने से हमारे रेल कर्मियों को अपने दायित्व निष्पादन में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि, इससे अपनी कार्यप्रणाली को भी सुचारु बनाने में मदद मिलेगी।

बैठक के दौरान बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण कार्यों के साथ-साथ विभिन्न सुरक्षा और समयपालन मुद्दों पर चर्चा की गई।

## छात्रों में साकारात्मक ऊर्जा के साथ अच्छे विचारों को संचारित करना शिक्षक का नैतिक कर्तव्य : मिथिलेश

**सदस्यता अभियान**

**हमारा विद्यालय हमारा तीर्थ की संकल्पना से ओतप्रोत महासंघ ने की संगठन के विस्तार पर चर्चा**



सदस्यता अभियान में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारी

**फूलपुर।** अपने छात्रों में साकारात्मक विचारों के साथ ही सकारात्मक ऊर्जा को संचारित करना एक शिक्षक का कर्तव्य होना चाहिए। शिक्षक को छात्रों में नैतिकता विकसित करने का माध्यम व केंद्र बनना चाहिए। उनके जीवन में संस्कार, अनुशासन, कर्तव्य बोध व नैतिकता के गुण को आत्मसात करने का पाठ पढ़ाये। उक्त बातें राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ फूलपुर इकाई द्वारा बीआरसी फूलपुर में शुक्रवार को आयोजित सदस्यता अभियान के शुभारंभ अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष मिथिलेश यादव ने अपने संबोधन में कही। कार्यकारी अध्यक्ष मो.शहजाद ने कहा कि महासंघ राष्ट्रवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने वाला राष्ट्रीय स्तर का शिक्षक संगठन है जो हमारा विद्यालय हमारा तीर्थ कि संकल्पना पर काम करता है। महामंत्री राधेश्याम मिश्रा ने कहा कि शिक्षकों के अधिकारों,उनकी सेवा शर्तों में अन्य सुविधाओं के लिये महासंघ सदैव से संघर्षरत रहा है। संगठन मंत्री मो.इमरान ने कहा कि सदस्यता अभियान के जरिये हम शिक्षकों को महासंघ से जोड़ने का कार्य करेंगे। कोषाध्यक्ष रेनू ने कहा कि महासंघ निर्विवाद व निष्पक्ष संगठन है। वहीं क्षमा मिश्रा ने शिक्षकों से इसमे बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की। मौके पर संगठन के अन्य सदस्य व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कंपोजिट विद्यालय के रसोई घर में चोरों ने लगाई सेंध

**बारा।** भीषण ठंड और शीतलहरी का फायदा उठाते हुए चोरों ने बीती रात कंपोजिट विद्यालय के रसोईघर की दीवार में सेंध लगा दी और हजारों रुपये के बर्तन और खाद्यान्न पार कर दिया। मामले की जानकारी होने पर प्रधानाध्यापक ने चोरी की तहरीर मुकामी पुलिस को दी है।

कंपोजिट विद्यालय गढ़वा के प्रधानाध्यापक राम सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीती रात चोरों ने रसोईघर की दीवार में सेंध लगाई और अंदर रखा खाना खाने वाला बर्तन, दो बड़ा भगोना, एक कुकर, गैस चूल्हा, नौ बोरी खाद्यान्न आदि पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की जानकारी सुबह हुई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

## भीषड़ ठंडी में जनता त्रस्त, नगर निगम प्रशासन प्रयागराज मस्त

**प्रयागराज।** हाड़ कंपाने वाली ठंडी पड़ रही है , रात में ही नहीं दिन में भी लोगों का चलना फिरना मुश्किल हो गया है। भीषड़ ठंडी में घरों से बाहर निकलकर रोजी-रोटी का जुगाड़ करने वालों को ठंडी से अपनी जान बचाने को लाले पड़े हैं। नगरनिगम प्रयागराज द्वारा इस ठंडी में जगह-जगह अलाव जलाने की व्यवस्था की जानी चाहिये थी लेकिन उसने ऐसा नहीं किया है जिससे लोगों को बहुत ही समस्याओं का सामना करना पड़ रहा हैसड़कों पर घूमने वाले आवारा जानवर भी ठंडी में दम तोड़ रहे हैं। जिलाध्यक्ष प्रयागराज दक्षिण डॉ0अलताफ अहमद ने पार्टी के सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं सभासद व अन्य पदों पर चुनाव लड़ने वाले सम्भावित प्रत्याशियों से जोरदार अपील करते हुए आह्वान किया है कि वे सभी अपने-अपने क्षेत्रों में तत्काल लोगों को ठंडी से बचाने में मदद करें, जगह-जगह अलाव जलवाएँ एवं लोगों को गरम कपड़े बांटें, और मीडिया के लोगों से भी अपील किया कि इस कार्य में सभी लोग सहयोग प्रदान करते हुए इस समस्या को नगर निगम प्रशासन एवं जिला प्रशासन तक पहुंचाने का अपील किया है।


डॉ0अलताफ अहमद जिलाध्यक्ष आप प्रयागराज दक्षिण

### माघ मेले से पहले ठंड ने भी दिखाए तेवर 12 वर्षों में सबसे नीचे रहा पारा

**प्रयागराज।** माघ मेला शुरू होने से एक दिन पहले मौसम ने भी तेवर दिखाए। बृहस्पतिवार को सीजन की सबसे अधिक ठंड रही और पारा 5.2 डिग्री सेल्सियस तक नीचे चला गया। अधिकतम तापमान भी 11 डिग्री से रहा। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार विगत 12 वर्षों में पांच जनवरी को अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान इससे कम कभी नहीं रहा। अभी तीन दिनों तक ऐसे ही ठंड के आसार हैं। इस दौरान तापमान सात से 14 डिग्री के बीच रहने की उम्मीद है। बुधवार को अधिकतम तापमान 19.1 तथा न्यूनतम 10.8 डिग्री रहा। इस तरह से अधिकतम तापमान में एक दिन में 8.1 एवं न्यूनतम में 5.6 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। मौसम विज्ञानियों के अनुसार एक दिन में अधिकतम तापमान में इतनी गिरावट लंबे समय बाद दर्ज की गई है। इससे पहले 2013 में अधिक ठंड पड़ी थी, लेकिन उस वर्ष भी न्यूनतम तापमान छह एवं अधिकतम 20 डिग्री सेल्सियस रहा। पश्चिमी हवाओं एवं पहाड़ों पर बर्फबारी की वजह से एक जनवरी से ही कोहरे एवं ठंड ने पूरे क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया है। वहीं कोल्ड वेब की वजह से बृहस्पतिवार को तापमान में अचानक गिरावट दर्ज की गई। हवाएं चलने की वजह से हाड़ कपा देने वाली इस ठंड का अहसास बुधवार की रात से ही होने लगा था और भोर में पारा पांच डिग्री के करीब पहुंच गया। खास यह कि सुबह 10 बजे भी तापमान आठ डिग्री के आसपास रहा। हालांकि, दिन का अधिकतम तापमान कुछ देर के लिए 11 डिग्री जरूर पहुंचा, लेकिन पारा फिर नीचे गिरने लगा। दिन भर घना कोहरा रहा। ऐसे में दिन और रात के तापमान में अंतर कम होने की वजह से गलन और बढ़ गई तथा जिन्हें जरूरी था वे ही घरों से बाहर निकले। सरकारी दफ्तरों में ब्लोअर चालू थे तो जगह-जगह लोग अलाव के पास घेरा बनाकर बैठे दिखे। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार 2010 के बाद से पांच डिग्री से नीचे तापमान गिनती के दिनों में ही रहा। हालांकि, 2013 में आठ जनवरी को तापमान माइनस 0.3 डिग्री तक पहुंच गया था। बृहस्पतिवार को अधिकतम नमी 100 फीसदी रही। न्यूनतम आद्रता भी 97 फीसदी रही। इसकी वजह से गलन और बढ़ गई और लोग ठिठुरते रहे।

## इंटरनेट से दुनिया तो मुट्ठी में लेकिन लापरवाही कर देगी कंगाल

### मोती लाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में आयोजित पंद्रह दिवसीय एफडीपी सम्पन्न

**कार्यक्रम**

**इंटरनेट एवं तकनीक के नवाचार से परिचित हुए देष के विभिन्न भाग से आए प्रतिभागी**


कार्यक्रम में प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए

**प्रयागराज।** मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (अटल अकादमी) के सहयोग से आयोजित पंद्रह दिवसीय 'इंटरनेट ऑफ थिंग्स' शीर्षक फैकेल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम शुक्रवार सम्पन्न हो गया। कार्यक्रम के सभी सत्रों में प्रतिभागी सूचना एवं प्रौद्योगिकी के नवाचार से परिचित हुए। अंतिम दिन इंटरनेट सिक्योरिटी पर संस्थान के डा. सरसिज त्रिपाठी ने साइबर सिक्योरिटी पर नवीनतम शोध पर अपनी बात रखी। उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग में इंटरनेट के इस्तेमाल में होने वाले सुरक्षा के पहलू को नजरअंदाज करने के जोखिम के तकनीकी पक्ष को विस्तारपूर्वक बताया। कहा कि इंटरनेट ने दुनिया को मुट्ठी में तो कर दिया है लेकिर जरा सी लापरवाही लोगों को कंगाल कर सकती है। इस लिए आवश्यक है कि आप संभावित आइटी खतरों की पहचान करें। अब तकनीक इतनी अधिक विकसित हो चुकी है कि किसी भी कंप्यूटर से कोई गोपनीय जानकारी चोरी हो सकती है और आप खतरे में आ सकते हैं जिसका पता आपको बाद में लगता है। साइबर स्पेस में नामचीन हैकर हमारे कंप्यूटर पर आक्रमण कर तबाही मचाने की फिराक में रहते है, ऐसे में साइबर सतर्कता का ज्ञान एवं एलर्ट की समझ सभी को होनी चाहिए। समापन सत्र में कार्यक्रम के सह समन्वयक प्रो. जीपी साहू ने इंटरनेट का अधिक प्रयोग कर अपने ज्ञान को सुदृढ. बनाने की बात कही। कार्यक्रम समन्वयक प्रो. राजीव त्रिपाठी ने प्रतिभागियों की रचनात्मकता को तकनीक के साथ जोड़ने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भावी शिक्षकों को चाहिए अपने छिपे हुए ज्ञान को कैमरे के माध्यम से संरक्षित करें। इंटरनेट के माध्यम से वह शिक्षा-तकनीकी जगत में अपना अलग स्थान बना सकते हैं। अन्त में उन्होंने सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के पूर्व निदेशक एवं कार्यक्रम समन्वयक प्रो. राजीव त्रिपाठी, सह समन्वयक प्रो, जीपी साहू के अतरिक्त संस्थान के प्रो. आरके सिंह, प्रो. एके सिंह, डा. आनंद, डा. सरसिज त्रिपाठी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में शमिल प्रतिभागियों में अभिषेक कुमार मिश्र, उत्कर्ष शर्मा, प्रदीप तिवारी, नितिन गर्ग, अंकिता सिंह, आलोक रंजन आदि प्रमुख रहे।

## संक्षेप

### 14 जनवरी तक बंद रहेंगे आंगनबाड़ी केंद्र

**कौशाम्बी।** डीएम सुजीत कुमार ने भीषण ठंड को देखते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों पर 14 जनवरी तक के लिए अवकाश घोषित कर दिया है। डीएम ने बताया कि अवकाश के दौरान बच्चे नहीं आएंगे लेकिनए केंद्र खुले रहेंगे और कार्यकत्रियां व सहायिकाएं अपने सरकारी काम निपटाती रहेंगी।

### ट्रैक्टर से बैट्री खोल ले गए चोर

**दारानगर, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के अजुहा कस्बे में खडे.ट्रैक्टर से बीतीरात चोरों ने बैट्री पार कर दिया। ट्रैक्टर मालिक को मामले की जानकारी मिली तो पुलिस को सूचना दी। बताया जाता हैं कि सैनी कोतवाली क्षेत्र के अजुहा कस्बे के टाडा रोड स्थित वार्ड नं सात मौलाना आजाद नगर में बालू के डंप में खडे.अभिषेक केसरवानी के ट्रैक्टर से बीती रात चोरों ने बैट्री पार कर दिया। शुक्रवार की सुबह जब ट्रैक्टर मालिक को ट्रैक्टर से बैटरी गायब होने की जानकारी मिली तो पुलिस को सुचना दी। पुलिस जांच में जुट गई थी।

# गांव की समस्या गांव में समाधान हेतु चौपाल आयोजित



चौपाल में मौजूद लोग

**चरवा, कौशाम्बी।** गांव की समस्याओं का गांव में ही समाधान हो जाए इसके लिए शुक्रवार को विकास खण्ड चायल के ग्राम फरीदपुर सुलेम के उच्च प्राथमिक विद्यालय में सरकार की योजनाओ के सम्बन्ध में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल की अगुवाई ग्राम प्रधान ने किया।

वहीं वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश सिंह पटेल को ग्राम प्रधान ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत भी किया। अयोजित चौपाल में डॉ. ए. के गुप्ता उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने किसानों को पशु पालन विभाग की योजना पशु बीमा एवं पशु किसान क्रेडिट कार्ड पर विस्तार से जानकारी दी। इसी क्रम में कृषि विभाग से आए हुए विजय कुशवाहा ने पीएम किसान सम्मान निधि आवेदन और केवाईसी कराने को लेकर किसानों को आह्वान किया। चौपाल में स्मिता जैसवाल सहायक विकास अधिकारी सहकारिता एवं साधन सहकारी समिति जानकीपुर सुधवर सहयोगी जितेंद्र मिश्रा और चायल ब्लॉक के अन्य कर्मचारी के साथ चलौली ग्राम प्रधान मैदान सिंह आदि मौजूद रहे।

### चौपाल तो आयोजित लेकिन देरी से पहुंचे अफसर

**कनैली, कौशाम्बी।** विकासखंड कौशांबी के ग्राम पंचायत बेरौंचा में लगने वाली चौपाल में ग्राम प्रधान जय प्रकाश त्रिपाठी व सचिव राकेश मिश्रा, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर नाहिद बानो कोटेदार कोमल देवी चौपाल समय से पहुंची। पंचायत सहायक स्वाती व हल्का लेखपाल प्रमोद कुमार पाण्डेय चौपाल में नहीं आए,वहीं बीडीओ प्रवीण कुमार तकरीबन दो बजे चौपाल में पहुंचे। 'जबकि एडीओ पंचायत जितेंद्र शुक्ला उनके बाद पहुंचे। पशुपालन विभाग की ओर से पशुधन प्रसार अधिकारी अमित कुमार भी लगभग एक बजे अपनी उपस्थिति दर्ज कराए। फरियादियों में दुखी लाल प्रजापति ने बताया कि कई बार वृद्धा पेंशन के लिए फार्म भरा है जो अभी तक वृद्धा पेंशन नहीं शुरू हो सकी है। सुखलाल सरोज ने आवास के लिए प्रार्थना पत्र दिया। दिलीप कुमार, छोटेलाल, उर्मिला देवी ने बताया कि उन्हें किसान सम्मान निधि नहीं मिल रही है जबकि वह पात्र हैं और कई बार ऑनलाइन आवेदन भी कर चुके हैं। प्रमोद कुमार व श्रीपाल ने शौचालय के लिए प्रार्थना पत्र दिया। ऐगवां उपरहार में चौपाल का आयोजन नहीं किया गया।

# घरेलू कलह से आजिज युवक ने निगला जहर, मौत

**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली अंतर्गत अझुआ चौकी स्थित वार्ड 7 निवासी एक युवक घरेलू कलह से ऊब गुरूवार को जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालांकि परिवारीजन उसे इलाज के लिए स्थानीय नर्सिंग होम में भर्ती कराया, हालत गंभीर होने पर उसे घर ले गए जहां शुक्रवार की सुबह उसने दम तोड़ दिया।

घटना का जिक्र करें तो अझुवा वार्ड नं. 7 मौलाना आजाद नगर निवासी कासिफ पुत्र परवेज (26) गुरूवार को किन्हीं बातों को लेकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जानकारी होने पर परिवार के लोग आनन फानन इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। इस दौरान युवक की हालत और भी गंभीर हो गई। परिवार के लोग उसे घर ले आए और शुक्रवार की सुबह उसने दम तोड़ दिया। हाालंकि घटना की सूचना खब लिखे जाने तक पुलिस को नहीं दी गई थी। ऐसे में कहीं न कहीं रहस्य से पर्दा नहीं उठा सका। बहरहाल घटना के बाद से परिवारीजन हैरान परेशान थे।

### बरामदे में खड़ी बाइक उठा ले गए चोर

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के सैयद सरावां निवासी बबलू ने बताया कि वह बाजार से घर लौटने के बाद बाइक बरामदे में खड़ी कर भीतर चला गया था। इसी दौरान चोरों ने बरामदे में खड़ी बाइक पार कर दी। घटना की जानकारी पीड़ित को सुबह हुई। बरामदे में बाइक गायब देख युवक अवाक रह गया। पीड़ित थाने पहुंचा और मामले की तहरीर पुलिस को दी। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

# जिला ओडीएफ फिर भी शौचालय के लिए हो रहे आवेदन

**कौशाम्बी।** कई वर्ष पहले ही जिला ओडीएफ घोषित किया जा चुका है। इसके बावजूद सिराथू ब्लॉक के गांवों से भारत सरकार के पोर्टल पर किए गए शौचालय के आवेदन किए गए हैं। जो इस बात की गवाही दे रहे हैं कि यह ओडीएफ का दावा सिफ कागजी ही है। जिले में मंझनपुरए कौशाम्बीए सिराथू, चायल, सरसवां, नेवादा, मूरतगंज और कड़ा सहित आठ ब्लॉक हैं। इन ब्लॉक क्षेत्रों में 451 ग्राम सभाएं हैं। वर्ष 2014 से 2018 तक के बीच सभी गांवों को ओडीएफ ;खुले में शौच मुक्त घोषित कर दिया गया। अफसरों ने ओडीएफ घोषित करने के साथ हर घर में शौचालय निर्माण कराने का दावा किया लेकिन, हकीकत इससे इतर है। भारत सरकार का पोर्टल देखें तो सच्चाई खुलकर सामने आ जाती है। भारत सरकार के पोर्टल पर सिराथू विकास खंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में रहने वाले 145 जरूरतमंदों ने शौचालय के लिए आवेदन किया है। आवेदकों की यह संख्या 29 नवम्बर 2022 तक की हैए जो अब बढ़ गई है। आवेदकों का कहना है कि उन्हें शौचालय योजना का लाभ दिया ही नहीं गया है। अब सवाल यह उठता है कि जब सैकड़ों लोगों के घरों में शौचालय नहीं बना तो फिर गांवों को ओडीएफ कैसे घोषित किया गया यह अपने आप में बड़ा सवाल है।

## पड़ोसियों ने युवक को पीटा

**कौशाम्बी।** सैनी थाना क्षेत्र के डोरमा निवासी सुभाष कुमार का पड़ोसी से पुराना विवाद चल रहा है। मामूली बात पर आरोपित पड़ोसी ने युवक को पीट दिया। पड़ोसी युवक के साथ मारपीट देख मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के बीच.बचाव करने पर आरोपित धमकी देते हुए भाग निकला। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## तीन साल बाद दर्ज हुई दुराचार की एफआईआर

**कौशाम्बी।** पइंसा इलाके में तीन साल पहले युवती से छेड़खानी व दुराचार मामले के आरोपित युवक के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। पुलिस ने घटना के तीन साल बाद अदालत के आदेश पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमा दर्ज होने के बाद से आरोपित घर छोड़कर फरार है।

पइंसा थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती 10 मार्च 2019 की शाम घर में अकेली थी। इसी दौरान रिश्तेदारी आया युवक घर में पहुंचा। आरोपित ने युवती से छेड़खानी की। युवती ने विरोध किया तो वह चला गया। कुछ दिन बाद युवक घर पहुंचा और युवती से दुराचार किया। युवती ने विरोध किया तो जान से मारने की धमकी दी। दूसरे दिन पीड़िता ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। पीड़िता की मां ने मामले की शिकायत थाने में की। आरोप है कि पुलिस ने उसकी एक नहीं सुनी। पीड़िता की मां अदालत पहुंची। घटना के तीन साल बाद अदालत के आदेश पर पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# भाजपा पिछड़ों की हिमायती होती तो बनाती पिछड़े वर्ग से मुख्यमंत्री

**बैठक**

**सकिपा ने की पश्चिम शरीरा नगर पंचायत में बैठक**



सकिपा की बैठक में मौजूद लोग

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी की शुक्रवार को एक आवश्यक बैठक नगर पंचायत पूरब पश्चिम सरीरा में हुई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के जिला सचिव परिहार सिंह लोधी ने की। बैठक में निकाय चुनाव को लेकर चर्चा हुई। बैठक में नगर पंचायत पूरब पश्चिम शरीरा के निकाय चुनाव में आरक्षण को लेकर लोगों ने अपने विचार रखे।

इस अवसर पर समर्थ किसान पार्टी के पिछड़ा वर्ग से नगर पंचायत अध्यक्ष पद के उम्मीदवार एवं पार्टी के जिला सचिव परिहार सिंह लोधी ने लोगों से वार्ता करते हुए मौजूदा भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। अपने संबोधन में परिहार लोधी ने कहा कि भाजपा पिछड़ा वर्ग विरोधी है। भाजपा ने जानबूझकर पिछड़ों के आरक्षण के अधिकारों को खत्म करने के लिए उच्च न्यायालय में कमजोर पैरवी की। आगे कहा कि भाजपा दोहरे चरित्र की पार्टी है। वोट लेते समय पिछड़ों को हक देने की बात करती हैं और वोट लेने के बाद पिछड़ों का हक मारती है। इसका सटीक उदाहरण साल 2017 का उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव का है जब उतर प्रदेश के पिछड़े वर्ग के भाजपा नेता केशव मौर्य को पिछड़ों की वोट निकालने के लिए पूरे प्रदेश में इस्तेमाल किया और जब उन्हे मुख्यमंत्री बनाने की बात आई तो मुख्यमंत्री पद से बेदखल कर दिया। इसी के साथ परिहार लोधी ने कहा कि आज पिछड़ों की हिमायती होने का स्वांग रचने वाली भाजपा पिछड़ा वर्ग से आने वाले वाले केशव मौर्य को साल 2017 में मुख्यमंत्री न बनाकर यह साबित कर दिया कि भाजपा पिछड़ा वर्ग विरोधी है। अगर भाजपा वास्तव में पिछड़ा वर्ग की हिमायत करती है तो केशव मौर्य साल 2017 में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री होते। आगे कहा कि भाजपा मौजूदा मुख्यमंत्री को बदल कर पिछड़े वर्ग के नेता को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाए तब पिछड़े वर्ग के लोग भाजपा का समर्थन करेंगे। इस अवसर पर पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेमचंद्र केसरवानी, बबलू सोनी, अनिल विश्वकर्मा, सुनील कुमार लोधी, गजराज लोधी आदि मौजूद रहे।

### मोबाइल नंबर हैककर परिचितों से मांगी रकम

**कौशाम्बी।** कोतवाली क्षेत्र के मंझनपुर निवासी पीएम ओझा अधिवक्ता है। बताया कि दो दिन पहले साइबर शातिरों ने उसका मोबाइल नबर हैक कर लिया। इसके बाद उसके परिचितों से मदद के नाम पर रकम मांगना शुरू कर दिया। इसकी जानकारी तब हुई जब एक परिचित ने पूछा कि क्या कोई दिक्कत है जो रकम मांग रहे हो। शुक्रवार को थाने में पीड़ित ने मामले की शिकायत की। पीड़ित अधिवक्ता से तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# प्रशासनिक भवन और गर्ल्स हॉस्टल के निर्माण में तेजी लाएं

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी ने शुक्रवार को निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। इस दौरान मातहतों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। चेताया कि लापरवाही करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने कादीपुर में मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करते हुए कहा कि ऑडोटोरियम हॉल, गर्ल्स हॉस्टल, लेक्चर हाल, लाइब्रेरी आदि के निर्माण में तेजी लाई जाए। टाइल्स की फिनिशिंग का काम तत्काल पूरा कराया जाए। डीएम ने लेबरों की संख्या बढ़ाने के लिए कहा। कहा कि निर्माण में गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखा जाना चाहिए। उन्होंने जिला अस्पताल में निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज की विस्तार शाखा का भी निरीक्षण किया। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को एक जेई नामित करने का आदेश दिया। सीएमएस से कहा कि अस्पताल की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करा दी जाए। इस मौके पर सदर एसडीएम प्रखर उत्तमए मंझनपुर ईओ सुनील मिश्रा आदि मौजूद रहे।



निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करते डीएम

## आखिर अलाव जलवाने में ढिलाई क्यों


**हाल दारानगर नगर पंचायत क्षेत्र का, आक्रोश**

**दारानगर, कौशाम्बी।** नगर पंचायत दारानगर में ठंड से लोग परेशान हैं। इतना ही नहीं अपने पैसे से लकडी खरीदकर अलाव जला ठंड से बच रहे हैं। वही नगर पंचायत के अधिकारी इस ओर ध्यान नही दे रहे। ऐसे में इलाकाई लोगों के जेहन में स्थानीय प्रशासन के खिलाफ खासा आकोश देखा जा रहा है। हालांकि राकेश मिश्रा उर्फ बंटा अपने पैसे से जलाऊ लकड़ी खरीदकर अलाव की व्यवस्था कर रहे हैं। सत्यम मिश्रा ने बताया कि नगर पंचायत द्वारा हमारे क्षेत्र में कोई ध्यान नही दिया जा रहा है, जिसके कारण हम लोग अपने पैसे से लकडी की व्यवस्था कर रहे हैं। हालांकि लोगों ने इस ओर जिलाधिकारी सुजीत कुमार का ध्यान आकृष्ट कराया है।

## पट्टीदारों ने घर में घुसकर विवाहिता को पीटा

**कौशाम्बी।** पइंसा थाना क्षेत्र के कुंड्रावी गांव में पट्टीदारों ने घर में घुसकर महिला को पीट दिया। ग्रामीणों के बीच.बचाव करने पर आरोपित कहीं भी शिकायत पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस ने घायल महिला का प्राथमिक उपचार कराने के बाद मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। कुंड्रावी निवासी जगदीश प्रसाद का पड़ोसी पट्टीदार से पुराना विवाद चल रहा है। इसी अदावत में दोनों परिवार के बीच कहासुनी हो गई। तीखी झड़प के बाद आरोपितों परिजनों के साथ महिला के घर पहुंच गया। घर में मौजूद जगदीश की पत्नी को पीट दिया। ग्रामीणों के बीच.बचाव करने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। गांव पहुंची पुलिस ने घायल महिला का प्राथमिक उपचार कराने के बाद पीड़ित की तहरीर पर आरोपित पताली समेत चार लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# फसलों को नुकसान पहुंचा रहे अवारा जानवर



**कौशाम्बी।** जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा जानवरों के आतंक से कृषकों को भारी क्षति उठानी पड़ रही है। रातों में जागकर अपनी फसलों की रखवाली करने के बाद भी आलू, मटर, गेहूं, सरसों को नील गाय, बंदर, जगली जानवर बर्बाद कर रहे हैं। किसानों ने प्रशासन से फसलों की सुरक्षा के लिये ठोस कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र में जंगली जानवरों की धमाचौकड़ी से फसल नष्ट हो रही है। आलू एवं मटर की फसल जंगली जानवर बर्बाद कर रहे है तो गेहू, सरसों, सब्जी को नील गाय व बन्दर नेस्तनाबूद कर रहे है। रात के समय जंगलों से निकल कर जानवर झुण्ड में फसलों पर धावा बोल देते हैं और किसान उन्हे भगाने का साहस नहीं जुटा पाते हैं। पशुओं की झुण्ड फसलों को रौंदकर बर्बाद कर रही हैं। कुछ किसान खेतों में मचान बनाकर कड़ाके की ठंड में रात भर जाग रहे हैंए लेकिन पलक झपकते ही जानवरों का झुंड खेतों में पहुंच कर फसलों को बर्बाद कर दे रहा है। जो परेशानी का सबब बना हुआ है। कृषकों की पीड़ा इस कदर बढ़ गयी है कि वे आलूए मटर की खेती न करने का लोग मन बना रहे हैं। क्षेत्र के सैकड़ों किसानों ने प्रशासन से जंगली जानवरों, नील गायों, बन्दरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है।

## शादी का झांसा दे आबरू से खेलता रहा, शिकायत



**चायल, कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली अंतर्गत बलहेपुर विसनी शिवकली पत्नी जयकरन सरोज ने बताया कि उसकी पुत्री बबिता को पिपरहाई निवासी सूरज पुत्र देवसरन शादी का झांसा देकर लगभग डेढ़ साल से उसके आबरू से रहा, जब उसका मन भर गया तो शादी करने से इंकार कर दिया और अब कह रहा है मैं तुमसे शादी नही करूंगा। पीड़ित पुत्री के माता पिता ने पिपरी कोतवाली जाकर मामले की लिखित शिकायत करते हुए इंसाफ दिलाने की मांग किया है।

# स्व. बाबू सिंह की पुण्यतिथि पर वितरित हुआ कंबल



गरीबों के बीच कम्बल वितति करते कड़ा ब्लाक प्रमुख अनुज सिंह यादव।

**कौशाम्बी।** शिक्षा जगत में एक अलग पहचान रखने वाले स्व. बाबू सिंह की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को कड़ा ब्लाक प्रमुख अनुज सिंह यादव ने एक कार्यक्रम आयोजित कर गरीबों के बीच कम्बल का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिस तरह से उनके पिता स्व. बाबू सिंह ने शिक्षा जगत के लिए बेहतर प्रयास किया है, उससे क्षेत्र ही नहीं बल्कि दूर दराज के लोग भी शिक्षित हो रहे हैं। बताना जरूरी होगा कि शुक्रवार को कड़ा ब्लाक प्रमुख अनुज सिंह यादव ने अपने पिता स्व. बाबू सिंह की पुण्य तिथि को कुछ अलग ही अंदाज में मनाया। उन्होंने एक कार्यक्रम आयोजित कर जहां स्व. पिता के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित किया। वहीं क्षेत्र के गरीबों के बीच ठंड से बचने के लिए कम्बल वितरित किया।

### जुआरियों पर कार्रवाई की मांग

**कौशाम्बी।** पश्चिमशरीरा थाना क्षेत्र के गढ़ी बजार के समीप स्थित स्कूल के समीप जुआरियों का जमावड़ा लगा रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कार्रवाई न होने से जुआरी इलाके में चोरी की वारदातें करते रहते हैं। जिसकी शिकायत भी ग्रामीणों ने कई बार पुलिस से की। इसके बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। लोगों ने स्थानीय पुलिस से मामले में कार्रवाई की मांग की है।

# दबंग कर रहे मारपीट कार्रवाई की गुहार

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के शेखपुर रसूलपुर गांव में रहने वाला कुनबा दबंगों के लगातार मारपीट करने से सहम गया है। आरोप है कि परिवार के सदस्यों को दबंग तरह.तरह से परेशान कर रहे हैं। इसकी शिकायत लगातार पुलिस से की जा रही है। पुलिस कार्रवाई के नाम पर कुछ नहीं कर रही है। शेखपुर रसूलपुर गांव की अन्ना देवी ने बताया कि उसके पति राजेन्द्र प्रसाद ने वर्ष 2015 में एक मुकदमे में स्वतंत्र साक्षी के तौर पर गवाही दी थी। गवाही के कारण आरोपितों को दोष सिद्ध किया गया। उधरए गवाही के कुछ महीनों बाद पति की संदिग्ध दशा में मौत हो गई। पीड़िता की मानें तो दोष सिद्ध आरोपित अब उसे व उसके परिवार के सदस्यों को परेशान कर रहे हैं। 16 दिसम्बर 2022, 31 दिसम्बर 2022 और इससे पहले व बाद भी कई बार घर में घुसकर मारपीट कर चुके हैं। आरोपित बेटियों को भी पीटते हैं। इससे पूरा परिवार सहमा हुआ है। परिवार के सदस्यों ने डर वश कहीं आना.जाना बंद कर दिया है। मामले में अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर का कहना है कि प्रकरण संज्ञान में नहीं है। जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क पर जगह-जगह हुए गड्ढे, मरम्मत की मांग

**कौशाम्बी।** सदर ब्लॉक के उमरा.देवरा मार्ग से ऊनौ गांव को जाने वाली सड़क पर जगह.जगह गड्ढे हो गए हैं। क्षतिग्रस्त सड़क पर आए दिन बाइक व साइकिल सवार गिरकर चोटिल हो रहे हैं। इलाके के विनोद कुमार, कैलाश नाथ पांडेय, राजकुमार, दिनेश आदि लोगों का कहना है कि कई बार सड़क मरम्मत के लिए उच्चाधिकारियों से शिकायत भी गई। इसके बाद भ सड़क की मरम्मत नहीं कराई जा रही है। लोगों ने सड़क की मरम्मत की मांग की है।

# प्रधानों की आयोजित हुई मासिक बैठक



बैठक में मौजूद प्रधान संघ के लोग

**दारानगर, कौशाम्बी।** कड़ा विकास खंड के प्रधानो की मासिक बैठक गुरुवार शाम को श्री गंगा प्रसाद साहू इंटर कालेज देवीगंज में हुई। प्रधान संघ अध्यक्ष कड़ा अनिल कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में ब्लाक के तमाम ग्राम प्रधान मौजूद रहे। बैठक में ग्राम प्रधानों की समस्याओं पर विचार.विमर्श किया गया साथ ही संगठन को मजबूत बनाने की रूप रेखा तय की गई। बैठक में कुछ प्रधानो ने ग्राम पंचायत में हुए कार्यों का समय से भुगतान नहीं होने की बात कही जिस पर संघ के अध्यक्ष ने अधिकारियों से वार्ता करके समस्या का निराकारण कराने का आश्वाशन दिया। इस मौके पर कमलेश निषाद, गुलाम मुस्तफा, सलाउद्दीन, सरोज कुमार, अखिलेश यादव, मो हलीम, चन्द्रशेखर, जगदीश यादव, बलराम सिंह, लवलेश कुमार सहित तमाम प्रधान व उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### कार की टक्कर मे युवक घायल

**प्रतापगढ़।** घुइसरनाथ धाम रोड पर स्थित आरआर गुप्ता इण्टर कालेज के समीप तेज रफ्तार कार की चपेट मे आकर बाइक सवार युवक घायल हो गया। बताया जाता है कि गोविंदपुर निवासी अठारह वर्षीय विकास शर्मा बाइक से लालगंज आ रहा था। घुइसरनाथ रोड पर कालेज के सामने तेज गति कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे मे घायल युवक को आननफानन मे लालगंज सीएचसी लाया गया। यहां उसकी हालत गंभीर देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

### जंगली सुअर के हमले से युवक घायल

**पट्टी।** क्षेत्र के रमईपुर नेवादा गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद वर्मा पुत्र रामअचल वर्मा दोपहर अपने खेत में गया हुआ था। जैसे ही वह खेत मे काम करने लगा जंगली सूअर ने हमला बोल दिया। हमले से चीख पुकार सुनकर लोग दौड़े और किसी तरह युवक की जान बचाई। गंभीर अवस्था में परिजन उसे अस्पताल ले आए जहां पर उसका इलाज चल रहा है।

# ठंड लगने से छात्रा की हालत बिगड़ी, इलाज के दौरान मौत

**दुःखद**

**गुरूवार को साइकिल से पढ़ने के लिए स्कूल गई थी छात्रा**

**रायबरेली पुलिस ने छात्रा के शव का कराया पोस्टमार्टम**



मृतक छात्रा ज्योती सिंह (फाइल फोटो)

**लालगंज।** सांगीपुर इलाके के सिलौधी स्थित बेनीमाधव इंटर कालेज बेनीमाधव नगर में पढ़ने वाली इन्टर की छात्रा की ठंड लगने से उपचार के दौरान रायबरेली की एक अस्पताल में उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार की शाम उसका शव घर पहुंचा तो परिजनों मे कोहराम मच गया।

सांगीपुर के पूरे कछवाह देऊम पूरब गांव निवासी रविशंकर सिंह की (17) वर्षीया पुत्री ज्योति सिंह गुरुवार को वह साइकिल से सुबह दस बजे स्कूल गई थी। दोपहर लगभग डेढ़ बजे स्कूल में ही ठंड लगने से तबीयत खराब होने लगी। जानकारी होने पर स्कूल व्यवस्थापक ने अलाव जलाकर छात्रा को बैठाया, किन्तु राहत नही मिली। इसके बाद स्कूल प्रशासन ने छात्रा के परिजनों को सूचना दी। परिजन स्कूल पहुंचकर छात्रा को इलाज के लिए पास की एक अस्पताल ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए रायबरेली ले गए। जहां देर रात लगभग साढ़े दस बजे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर परिजन बदहवास हो गये। रायबरेली पुलिस ने छात्रा के शव का पोस्टमार्टम कराया। शुक्रवार की शाम पोस्टमार्टम के बाद छात्रा का शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। ठण्ड लगने से छात्रा की मौत के मामले मे जिम्मेदार अफसरो से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन किसी का फोन नही उठा।

## ठंड से बचने के लिए जलाए गए अलाव से वृद्ध की मौत

**प्रतापगढ़।** कंधई के वारी कला गांव में गुरुगुवार की रात ठंड से बचने के लिए जलाए गए अलाव की चपेट में आने से वृद्ध महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव के निवासी रंग बहादुर सिंह की पत्नी सोभलता (85) वृद्धावस्था के कारण चल फिर नहीं पाती थी। परिजनों ने रात में भोजन कराने के बाद सोने के लिये बिस्तर लगा दिया। ठंड से बचाव के लिये चारपाई के पास ही अलाव रख दिया गया। चर्चा है कि अलाव की चिंगारी रजाई से होकर पूरे बिस्तर में फैल जाने से उसकी मौत हो गई। सुबह उसका पुत्र श्रीकुमार चाय लेकर गया तो पूरा बिस्तर जला हुआ मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा। शुक्रवार की शाम शव का पोस्टमार्टम होने के बाद अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# नर्सरी का निरीक्षण करने पहुंचे कमिश्नर



लालगंज वन विभाग कार्यालय में नर्सरी का निरीक्षण करते कमिश्नर अखिलेश पाण्डेय

**लालगंज।** वन विभाग की नगर स्थित नर्सरी का विभागीय कमिश्नर द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के बाद कमिश्नर ने नर्सरी की दशा पर संतोष व्यक्त करते हुए वनकर्मियों की पीठ थपथपाई। लालगंज नगर स्थित वन विभाग कार्यालय में शुक्रवार को अचानक विभागीय कमिश्नर अखिलेश पाण्डेय पहुंच गये। डीएफओ के साथ यहां पहुंचे कमिश्नर अखिलेश पाण्डेय ने नर्सरी में पौधो का रखरखाव देखा। इसके साथ ही उन्होने साफ सफाई व कार्यालय का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लालगंज वन क्षेत्राधिकारी शिवप्रसाद मिश्र ने कमिश्नर को वांछित जानकारी प्रदान की। कमिश्नर ने नर्सरी व कार्यालय की दशा पर संतोष व्यक्त करते हुए अफसरो व वनकर्मियों को शाबासी दी।

# एसडीएम के तबादले को लेकर दूसरे दिन भी वकीलों ने किया विरोध प्रदर्शन

**विरोध प्रदर्शन**

**समाधान दिवस के बहिष्कार की दी चेतावनी**



तहसील गेट पर विरोध प्रदर्शन करते लालगंज के अधिवक्ता

**लालगंज।** एसडीएम के तबादले की मांग को लेकर शुक्रवार को दूसरे दिन भी वकीलो का आंदोलन जारी रहा। कडाके की ठंड से बेपरवाह दिखे वकीलो ने एसडीएम की कार्यशैली से कुपित होकर तहसील परिसर से लेकर नेशनल हाइवे के तहसील गेट पर घण्टो जमकर नारेबाजी की। वकीलो ने एसडीएम सौम्य मिश्र का तबादला न होने पर शनिवार को होने वाले तहसील समाधान दिवस के भी बहिष्कार का एलान किया है। अधिवक्ताओं तथा तहसील मे आने वाले फरियादियो से अनुचित व्यवहार का आरोप लगाते हुए वकील एसडीएम के तबादले की जिद पर अडे हुए है। शुक्रवार को एसडीएम के तबादले की मांग को लेकर आम सभा के द्वारा डीएम के नाम पारित प्रस्ताव को एक प्रतिनिधि मण्डल के माध्यम से जिलाधिकारी को भेजवाया गया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अगुवाई में वकीलों ने तहसील गेट पर नारेबाजी करते हुए आंदोलन को तेज करने की हुंकार भरी। अधिवक्ताओं ने एसडीएम का तबादला न होने की स्थिति मे शनिवार को तहसील समाधान दिवस के भी बहिष्कार किये जाने का ऐलान किया है। आम सभा को संबोधित करते हुए पूर्व अध्यक्ष टीपी यादव ने कहा कि मौजूदा एसडीएम की कार्यशैली पूरी तरह से अधिवक्ताओं के सम्मान के खिलाफ बर्दास्त के बाहर हो गयी है। पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र ने भी कहा कि एसडीएम का तबादला न हुआ तो यह आंदोलन और जोर पकडेगा। संचालन महामंत्री शेष तिवारी ने किया। सभा को ज्ञानप्रकाश शुक्ल, जयकरन सिंह, अनूप पाण्डेय, विपिन शुक्ल, शैलेन्द्र मिश्र, विनय शुक्ल, शिव नारायण शुक्ल, रवीन्द्र नाथ तिवारी, शैलेन्द्र शुक्ल, बेनीलाल शुक्ल, मो. असलम, ओपी जायसवाल, संजय द्विवेदी, अखिलेश द्विवेदी, राजेश्वर यादव, राकेश तिवारी गुडडू, आदि अधिवक्ता रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 11 फरवरी को

**प्रतापगढ़।** अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार बरनवाल ने बताया कि उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रदीप कुमार सिंह के आदेशानुसार 11 फरवरी 2023 दिन शनिवार को पूर्वान्ह 10 बजे से जनपद मुख्यालय के साथ ही साथ समस्त तहसील मुख्यालयों पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया है। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में विशेष रूप से आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम वाद, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकायें, पारिवारिक वाद, श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद, सर्विस में वेतन सम्बन्धित विवाद एवं सेवानिवृत्ति लाभों से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद, अन्य सिविल वाद (किराया, सुखाधिकार, व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद), आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित हो सकने वाले समस्त प्रकार के वादों का निस्तारण किया जायेगा। उन्होने वादकारियों से कहा है कि अपने सम्बन्धित न्यायालय में सम्पर्क कर अपने वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु सन्दर्भित कराकर लोक अदालत का लाभ उठाये।



बैंक कर्मियों द्वारा वितरित किये गये कंबल

## बैंककर्मियों ने वृद्धों, कुष्ठ रोगियों व विकलांगों को बॉटे कंबल व गर्म कपड़े

**प्रतापगढ़।** मौसम के करवट बदलते ही लोग ठंड़ से कॉपने लगे और ठंड़ लगने से मौतों का सिलसिला शुरू हो चुका है। जिसे देखते हुए समाजसंवियों, संस्थाओं व सक्षम लोगों द्वारा गरीबों, वृद्धों, असहायों को कम्बल व गर्म कपड़े बॉटे जा रहे हैं। शुक्रवार को बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक की तरफ से वृद्धा आश्रम, कुष्ठ आश्रम व दिव्यांग आश्रम में गर्म कपड़े तथा कम्बल बॉटे गये। बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक केशव राम के नेतृत्व में बैंक अधिकारियों व सामजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य के द्वारा जरूरतमंदों को ठंड़ से राहत पहुंचाई गई। रोशन लाल ने सक्षम लोगों से अपील किया कि मानवता के इस कार्य में भागीदार बनें। उन्होंने कहा कि बैंक के अधिकारी जरूरत मंद लोगों को गर्म कपड़े व कंबल देकर मानवता का संदेश दे रहे हैं। बैंक के क्षेत्रीय उप प्रबंधक बलराम तिवारी ने कहा कि क्षेत्रीय प्रबंधक के निर्देश पर बैंक भी आगे आकर जरूरत मंद लोगों को ठंड़ से बचाने के लिए अग्रसर है। इस दौरान दिव्यांशु श्रीवास्तव, विवेक कुमार, अनिरूद्ध तिवारी, मानसिंह, शंकरलाल, प्रदीप कुमार मिश्र आदि बैंक अधिकारी मौजूद रहे।

## बैंक की दीवार तोड़कर अंदर दाखिल हुए चोर, लाकर तोड़ने में रहे विफल



**प्रतापगढ़।** कोहरे के बीच खिड़की की 9 सरिया काटकर, दीवार तोड़कर चोर बड़ौदा ग्रामीण बैंक की गौराडांड़ शाखा के भीतर घुस गए। वे लॉकर तक पहुंचे लेकिन उसे तोड़ने का प्रयास नाकाम हो गया। सुबह खिड़की की सरिया कटी देख ग्रामीणों की सूचना पर बैंककर्मी के साथ ही पुलिस वाले भी पहुंच गए। चोरी न होने से लोगों ने राहत की सांस ली। अंतू थाना क्षेत्र के गौराडांड़ में किराए के घर में बड़ौदा ग्रामीण बैंक की शाखा संचालित है। गुरुवार रात चोर बैंक की खिड़की की सरिया काटकर, दीवार तोड़कर भीतर घुस गए। लॉकर तोड़ने का प्रयास किए लेकिन नाकाम रहे। सुबह ग्रामीणों की सूचना पर ग्राम प्रधान शिवकुमार सिंह, मैनेजर आशुतोष कुमार के साथ ही पुलिस टीम भी पहुंच गए। लोगों ने भीतर जाकर देखा तो लॉकर तोड़ने का प्रयास किया गया था। कोई अन्य सामान चोरी नहीं गया था। यह देख सभी ने राहत की सांस ली।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**पट्टी।** घर लौट रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के औराइन गांव निवासी राजकुमार वर्मा पुत्र शालिकराम वर्मा अपने घर से पट्टी तहसील मुख्यालय आया हुआ था। यहां से काम होने के बाद ढखवा पट्टी रोड पर जा रहा था। शुभवा गांव के समीप सामने से आ रही तेज रफ्तार वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना 108 एंबुलेंस को दी। मौके पर पहुंचे पट्टी थाने के सिपाहियों ने उसे इलाज के लिए सीएचसी पट्टी भिजवाया जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हालत गंभीर होने के चलते मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

# भवराम बोझी की कोटेदार बनीं स्वाती, एसडीएम के निर्देश पर हुई चयन प्रक्रिया



लालगंज के भवराम बोझी में कोटेदार की चयन प्रक्रिया में जुटे अफसर व ग्रामीण

**लालगंज।** क्षेत्र के भवराम बोझी मे मतदान के जरिए कोटे का चयन किया गया। एसडीएम के निर्देश पर सम्पन्न कराए गए चुनाव मे स्वाती को ग्रामीणों ने गांव का नया कोटेदार चुना। बैठक से ग्राम प्रधान के चले जाने के बाद अफसरो के निर्देश पर वैकल्पिक अध्यक्ष चुनकर मतदान व चयन की प्रक्रिया सम्पन्न करायी गयी। लालगंज विकासखण्ड के भवराम बोझी प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को कोटे के चयन को लेकर बैठक बुलाई गयी थी। सहायक विकास अधिकारी आद्या प्रसाद के मौजूदगी में ग्राम प्रधान गिरिजाशंकर द्विवेदी की अध्यक्षता मे पूर्वान्ह ग्यारह बजे बैठक प्रारम्भ हुई। बैठक के दौरान प्रीतम सरोज की पत्नी स्वाती व मदन की पत्नी कृष्णा ने कोटेदार के रूप में दावेदारी प्रस्तुत की। इस बीच किसी बात को लेकर नाराज ग्राम प्रधान बैठक छोडकर चले गये। इसकी सूचना एडीओ पंचायत आद्या प्रसाद ने उप जिलाधिकारी सौम्य मिश्र को दी। सौम्य मिश्र ने एडीओ को निर्देश देकर तत्काल कोटे का चयन प्रक्रिया पूरी करने को कहा। एसडीएम के निर्देश पर सर्वसम्मत से गांव के एक व्यक्ति को प्रधान की जगह वैकल्पिक अध्यक्ष चुनकर चयन प्रक्रिया शुरू करायी गयी। इसमें स्वाती के पक्ष मे दो सौ पचास ग्रामीणों ने मतदान किया जबकि कृष्णा देवी के पक्ष में एक सौ बहत्तर ग्रामीणों ने वोट दिया। इस तरह से एकतरफा मुकाबले मे स्वाती पत्नी प्रीतम सरोज को भवराम बोझी का कोटेदार चुना गया। कोटे के चयन होने पर पूर्व प्रधान दयाराम वर्मा, देवराज वर्मा, आशीष तिवारी, कृष्ण कुमार सिंह, रामकिशोर आदि ने प्रसन्नता जतायी। एडीओ पंचायत आद्या प्रसाद ने बताया कि एसडीएम के निर्देश पर कोटे के चयन प्रक्रिया को पूर्ण कर लिया गया है। इसमें ग्रामीणों के बहुमत के आधार पर स्वाती देवी को कोटेदार चुना गया है। सम्पूर्ण कार्रवाई अफसरो को प्रेषित की जाएगी।

# शिविर में उमड़ी लाभार्थियों की भारी भीड़

**शिविर**

**विधायक आराधना मिश्रा मोना के निर्देश पर लगे शिविर में चिकित्सा टीम ने शिविर में आये मरीजों का भी किया निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण**



शिविर में उमड़ी लाभार्थियों की भीड़

**लालगंज।** सांगीपुर ब्लाक में शुक्रवार को निराश्रित वृद्धा एवं विधवा तथा दिव्यांग पेंशन शिविर में लाभार्थियों की उत्साहजनक भीड़ दिखी। सरयू समाज कल्याण संस्थान के बैनरतले क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के निर्देश पर लगे शिविर में चिकित्सा टीम ने शिविर मे आये मरीजो का भी निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर का शुभारंभ अतिथियो द्वारा प्रख्यात कानूनविद एवं समाजसेवी स्व. पं. सरयू प्रसाद तिवारी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने कहा कि रामपुर खास में जरूरतमंदो की मदद के लिए विधायक आराधना मिश्रा मोना के द्वारा कल्याणकारी शिविर का आयोजन गरीब तबके के लिए वरदान है। शिविर में चिकित्साधीक्षक डा. अरविंद तिवारी की अगुवाई में खांसी जुकाम व बुखार तथा शुगर व बीपी व नेत्र विकार आदि से जुडे रोगों का परीक्षण किया गया। मरीजो को उपचार के साथ संस्था द्वारा उपलब्ध करायी गयी दवाओं का वितरण भी किया गया। शिविर मे विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग आदि के अधिकारियों व कर्मचारियों ने लाभार्थियों के आवेदन पूर्ण कराये। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू व संचालन रामबोध शुक्ल ने किया। संयोजक आशीष उपाध्याय ने शिविर के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। आभार प्रदर्शन प्रधानाचार्य सुधाकर पाण्डेय ने किया। इस मौके पर पूर्व प्रमुख रामकृपाल पासी, अशोकधर द्विवेदी, राजू मिश्र, रिंकू सिंह परिहार, राजकुमार तिवारी, कुंवर बहादुर सिंह, रामशरण शुक्ल, मो. मुस्लिम आदि रहे।



विदाई समारोह में उपस्थित लोग

## समारोह पूर्वक लेखाधिकारी की हुई विदाई

**प्रतापगढ़।** जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में तैनात रहे सहायक तित्त एवं लेखाधिकारी राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान रामेश्वर नाथ तिवारी के स्थानान्तरण पर शुक्रवार को कार्यालय परिसर में विदाई समारोह का अयोजन किया गया। डीआईओएस सर्वदानंद ने रामेश्वर नाथ को कर्मठ, योग्य और अनुभवी अधिकारी बताया। पिछले 11 सालों से उन्होंने जनपद में माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धियॉ हासिल करने में अपनी बड़ा योगदान दिया है। लेखाधिकारी रमेश सिंह ने श्री तिवारी को वित्त व विभाग के मामलों जानकारी बताया। कहा कि श्री तिवारी योग्य, कुशल और क्षमता से भरपूर है। एडीआईओएस एसपी द्विवेदी ने डबल एओ के कर्तव्य निष्ठा, सहज स्वभाव व कार्यो के प्रति लगनशील बताया। कर्मचारियों ने श्री तिवारी के विदाई समारोह में उनकी भूरि-भूरि प्रसंशा की। इस मौके पर डा0 विन्ध्याचल सिंह, राम शिरोमणि,, कौशल पाण्डेय, जीआईसी प्रधानाचार्य राज कुमार सिंह, डा0 अनीस अहमद, ऋचा श्रीवास्तव, नसरत अली, श्याम शंकर, कपिल, राजेश पाल सहित कार्यालयकर्मी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संतोष मिश्र ने किया।

## जनसंपादकीय

# नासिरगंज की नाच

वे बचपन के दिन और गर्मियों की लम्बी दोपहरे थी । आम के बाग थे- ताल और नदियां थी झ झाड़ झझंखाड थे । इन्ही के बीच हम खरगोशों का पीछा करते थे । परिंदों के घोसलें ढूंढ़ते थे बगीचों के बीच आये हुये नये परिंदे देखते थे । भीषण गर्मियों में आम के पेड़ हमे पनाह देते थे । गांव से थोड़ी दूर पर बुद्धा नदी बहती थी । कभी कभी हमारे दुपहरे वहां बीतती थी । गांव से आगे तालाब था झ जिसमें खूब पानी था , वहां माल-मवेसी के साथ गांव के लोग नहाते थे , वे उत्सव जैसे दिन थे ,जिसे हम दिल से मनाते थे ।

साल भर से हम गर्मी की छुट्टियों का इंतजार करते थे । गर्मी के दिनों में लोग फसले काट- दाय कर खाली हो जाते थे । शादियां अक्सर गर्मी के दिनों में होती थी । बारातें आम के बगीचों में या स्कूलों में रूकती थी । आज की तरह बाराते नही होती थी कि शाम को आये और सुबह विदा हो जाये । वे कम से कम एक या दो दिन जरूर रूकती थी । बाराती लड़कीवालों के नही पूरे गांव के मेहमान होते थे । उन दिनो की सामूहिकता देखते बनती थी । समूचा गांव लड़कीवालो का सहयोग करता था , शादी गांव की इज्जत थी । लोग बढ़ झ चढ़ कर अपने हिस्से का काम करते थे । जब लड़की विदा होती तो पूरा गांव लड़कीवालों के साथ हिचक- हिचक कर रोता था । लड़की के विदा का दृश्य कारूणिक होता था , उसके विदा होने के बाद जो खालीपन पैदा होता था , वह उसके बचपन की स्मृतियों से भरा जाता था ।

बारात के साथ नाच न आये , यह असम्भव था , नाच हमारे गर्मी की छुट्टियों का मुख्य आकर्षण था । बारात का आकलन नाच के आधार पर किया जाता था , जिस बारात के साथ नाच नही आती थी झ उसपर आफत आ जाती थी । हम लोग बारातियों के रूकने के स्थल पर मांटे का झोझ विखरा देते थे या केवाच का पाऊडर डाल देते थे । केवाच से देह में खूब खुजली मचती थी , बाराती खुजलाते - खुजलाते बेहाल हो जाते थे । कुंये के पानी से कई गगरा नहाने के बाद उन्हे खुजली से मुक्ति नही मिलती थी । कुछ बाराती तालाब की शरण लेते थे । बारातवालों की गालियां लड़कवालों पर खर्च होती थी , कई बाराती बारात छोड़ कर भाग जाते थे । जवार में उनकी खूब भद्द होती थी , जवार के लोग ऐसी बारातों पर थूकते हुये कहते थे कि लड़कीवाला कितना दरिद्र है कि एक नाच का इंतजाम नही कर पाया । मनोरंजन का मुख्य साधन नौटंकियां थी , कुछ समर्थ लोग पतुरियां की नाच लाते थे । लेकिन यह आम लोगो के लिये सर्वसुलभ नही था । इसके सामंत किस्म के लोग आते थे और पतुरियों के अदा पर नोट लुटाते थे । बड़े रसूख के लोग बदत्तमीजियां भी करते थे , फिर उनके किस्से सरे- आम हो जाते थे । नौटंकियों का अपना अलग शास्त्र था , वे जनसुलभ थी । लोग खुल कर हंसते थे , मस्त होकर नाचते थे , खुला मंच था ,लेकिन पतुरियां के नाच की अपनी सीमायें थी । वहां जानेवालों को अच्छी नजर से नही देखा जाता था , कुछ मनबढ़ लोग बाबूसाहबों के बगल में छिप कर चले तो जाते थे लेकिन लौटने के बाद उनका खूब मजाक बनाया जाता था ।

हमारे जवार में कई नौटंकियां थी , उनका सट्टा पहले से बंध जाता था , जरा सी चूक हुई तो काम से गये । नौटंकियां खूबसूरत छोकरों और जोकरों के दम से चलती थी , छोकरे सज झधज कर बिटिहिनी की तरह दिखते थे , नचनिहों के सीने पर सांप लोट जाता था । हमारे जवार में ऐसी ही नाच कम्पनी थी झ जिसके सूत्रधार गजेंद्र नाथ झा थे । इस कम्पनी को गजेंद्र नाथ पाठक नें तीस साल तक चलाया । इस कम्पनी की नाच हम घर से भाग कर देखते थे । हम सब दोस्त अलग अलग से गांव की बगियां में जुटते थे और काफिले बना कर चलते थे । किसी के हाथ में लाठी , तो किसी के पास टार्च होती थी । हम अंधेरी रात में नदी ,जंगल , खंदक , मेड़ पार करते हुये नाच स्थल पर पहुंचते थे । उस यात्रा का रोमांच ही अलग था , डर को दूर भगाने के लिये गाना गाते या हनुमान चालिसा का सस्वर पाठ करते थे । सुबह होने के पहले हम अपने बिस्तर में घुस जाते थे , घरवालों को कत्तई पता नही चलता था । गांव का कोई आदमी हमे नाच देखते हुये देख लेता था तो उसे घर न बताने के लिये चिरौरी करते थे और उसकी शर्ते पूरी करते थे ।


नासिरगंज की नाच देखते हुये नाच के कई लोग परिचित हो गये थे । नाच में कुछ लोग पड़ोस के गांव के थे । हम नाच के टेंट के किनारे से नचनिहों को चेहरे पर रंग- रोगन पोतते हुये देखते थे । सब से मनोरंजक दृश्य वह होता था झ जब नचनिहे छाती की जगह मुलायम गेद बांधते थे , इससे उनके छाती का उभार वास्तविक लगता था । कई बार हमने स्टेज पर नचनिहों की छाती से गेद को छिटकते हुये देखा है

उसे देख कर हम देर तक हंसते रहे । नाच के आगाज का पता नगाड़े की आवाज से चलता था , नगाड़े की आवाज रात के सन्नाटे में दूर तक सुनाई पड़ती थी । नगाड़े की आवाज से लोग इकट्ठे हो जाते थे , आवाज को पकड़ कर लोग नाच तक पहुंच जाते थे । नगाड़े बजाने की कला सब को नही आती थी , उसे बिभिन्न ध्वनि में बजाने का काम सबके बस का नही होता है । नगाड़े के बाद का जरूरी वाद्य यंत्र ढ़ोल होता है - उसके बाद सारंगी का नम्बर आता है ।

जैसे जैसे मनोरंजन के साधनों का विकास हुआ , नौटंकियों का जादू कम होने लगा । सब से ज्यादा नुकसान वीडियों के आने से हुआ , इस मशीन से नौटंकियों को निगल लिया था । नौटंकियों के लिये जो थाम- झाम होता था , वह वीडियो के मुकाविले ज्यादा था । वीडियों के लिये बस एक मेज चाहिये और एक जनरेटर , एक रात में कई फिल्में देख ली जाती थी ।

धीरे धीरे समय बीताता गया , बचपन के दोस्त शहर पहुंच गये । शहर से नौकरी में खप गये । कभी तीज त्योहार में गांव आते - लेकिन इतना वक्त नही मिलता था । मन तड़फ कर रह जाता था । जीवन की प्राथमिकताये बदलती गयी , लोकरस सूखता चला गया , गांव हड़बढ़ी में आता और चला जाता । जब गांव आता तो बीती हुई बातें याद आती , बचपन के दोस्त और नाच के अनुभव याद आते । लोग बताते नाच देखनेवाले लोग कम हो रहे है , वे वीडियों देखने में ज्यादा रूचि रखते है । फिर टी. वी का दौर आया , शहर और गांव में उसके पंख फैलने लगे । किसी के पास पीछे मुड़ कर देखने का समय नही रहा , लेकिन मेरी स्मृति में नासिरगंज की नाच का वजूद बना रहा लेकिन इस बार मैंने तय कर लिया था कि मै नासिरगंज के नौटंकी के नायक से जरूर मिलूंगा । मेरे अवचेतन मन में उनका प्रभाव बना हुया था । उन्होने मेरे लोकचित्त को बदला है , नौटंकी के प्रति मेरे अनुराग को बढ़ाया है । नौटंकियों ने हमारी लोकसंस्कृति को समृद्ध किया है , उन्हे याद करना लोकमंडल को याद करना है । नौटंकी ऐसी लोककला है जिसमें हमारे लोकमूल्य सुरक्षित रहते है ।

गजेंद्रनाथ झा ऊर्फ पाठक जी का गांव नासिरगंज मेरे गांव से दो कोस की दूरी पर था । यह बांसी - मेहदावल रोड पर स्थित बेलौहा से थोड़ी दूर पर स्थित है । यह खेसहरा ब्लाक का उन्नत गांव है यह सड़को से जुड़ा हुआ इलाका है , आवाजाही की सुविधा है । इस गांव में पाठक बिरादरी के साथ अन्य जातिया रहती है । गजेंद्र झा हमारे समय के नायक थे , उन्हे देखना और सुनना मेरे लिये एक अनुभव था । वे हमारे जवार के वेदव्यास ही थे जिन्होने लोकजीवन का महाकाव्य रचा था - भले ही वह नौटंकी विधा में क्यो न हो ।



**स्वप्निल श्रीवास्तव**
(510 - अवधपुरी कालोनी, अमानीगंज फैजाबाद, मोबाइल- 09415332326)

# जहीन और ज़िन्दादिल लेखक शमोएल साहब



**स्मरण**

प्रांजल धर

शमोएल अहमद। एक नामचीन शख़्स। एक बेहतरीन और ज़िन्दादिल इंसान। उम्दा लेखक और बेहतरीन अख़लाक वाले। अदब की भाषा उर्दू के शहंशाह। मेल-मिलाप की भाषा के जादूगर। शब्दों के खिलाड़ी। क़िस्सागोई के उस्ताद। माहिर। वे तहज़ीब की इन्तिहाँ थे। उन पर कुछ भी लिखने से पहले यह लिख देना बहुत जरूरी है कि उन पर मुझ जैसा नाचीज शख़्स कुछ भी लिखे, बहुत कम ही होगा। मसला अलहदा है। उनसे मेरी अनेक अन्तरंग मुलाकातें। कभी दिल्ली में, कभी पटना में, कभी नोएडा में उनकी बेटी के घर में, कभी सड़कों पर। उन पर कुछ भी लिखना आब-ए-तल्ख से लिखना है। लिखना क्या है, लिखने की एक कोशिश है महज। इसलिए, क्योंकि वे मेरा आशियाना थे। उनके सामने मैं हमेशा खाम। उन्होंने मुझे अल्फ़ाज के तोहफे दिये।

मुझे नहीं मालूम था कि ठीक एक हफ़्ते बाद वे हमसे इतनी दूर चले जाएँगे। मेरे एक परिचित को देशद्रोह का बनावटी और नकली मुकदमा झेलना पड़ रहा है क्योंकि वह सच्चा इंसान है। इसी सिलसिले में शमोएल साहब से उनके इन्तकाल के हफ़्ते भर पहले सुबह-सुबह लम्बी गुफ़्तगू हुई। उन्होंने मेरे उस परिचित की मदद करने से मना कर दिया। उन्होंने मुझे कभी मना नहीं किया। चाहे जायज बात हो या फिर नाजायज। शमोएल साहब के साथ गुँथे-बिंधे रिश्तों में यह उनकी पहली, और जाहिर है कि अब आखिरी, मनाही थी। यह उनकी तबियत के कारण था। वे जूझ रहे थे। साहित्य अकादेमी, दिल्ली में कुछ ईंटें हैं, कुछ पत्थरों वाली कुर्सियाँ हैं। वहाँ सन्-2004 में, फरवरी महीने में, मुझ कमजर्फ इंसान से उन्होंने तीन वाक्य बोले थे। तीनों सही निकले। पहला यह बोला था कि 2022 पार नहीं कर पाऊँगा। मैंने कहा कि सर, ऐसा न कहिए। आप हिन्दुस्तान की शान हैं। दूसरा यह बोला था कि प्रांजल छत्तीस साल की उम्र के पहले शादी मत करना। मैंने उनको फोन किया कि शादी तो तय हो चुकी है और अब आगे आप जैसा कहें! उन्होंने कहा कि मैं मना नहीं करूँगा लेकिन तुम्हारी बेगमजान तुम्हारे छत्तीसवें साल को पार कर लें, यह बहुत मुश्किल होगा। बाद में सब कुछ ठीक-ठाक चलता रहा, मेरा निकाह भी छत्तीस साल की उम्र के पहले हो गया। उनकी बात सही निकली, ठीक मेरे छत्तीसवें जन्मदिन पर राम मनोहर लोहिया अस्पताल में मेरी पत्नी भर्ती हुईं। उनकी तबियत कुछ नासाज हुई रात के ग्यारह बजे। मैंने शमोएल साहब को फोन किया। उन्होंने कहा कि बारह बजे की घड़ी की सुई पार होने दीजिए। चिन्ता न कीजिए, मैं फि लिस्तीन और इजराइल से जो आइजाबेला लाया हूँ, और आपको चाँदी में पहनाया है, उसको चूमते रहिए। रात के बारह पार हो गए। तारीख बदल गई। वक़्त ने साथ दिया। सब कुछ सही हो गया। चिकित्सक परेशान थे लेकिन मैं नहीं। मेरे पास शमोएल साहब की ताकत थी। मैं निराश था, परेशान नहीं। शमोएल साहब चलते-फिरते शब्दकोश थे। शब्दों की भरमार थी उनके यहाँ। अल्फाज उनकी कलम पर नृत्य करते थे। शब्द नहीं, बहुत कोमल शब्द। तीसरा वाक्य मेरे लेखन के प्रति व्यक्तिगत तौर पर था कि प्रांजल तुम आलोचना की भाषा में काम करो। मैंने वह काम शुरू किया। खैर।

दाहिनी कुहनी पर सर को रखकर सफेद कुर्ते में शमोएल साहब ने मुझसे कई जगहों पर बहुत सारी बातचीत की है। यह उनकी प्रिय देहभाषा और मुद्रा थी। उदाहरण के लिए करोलबाग का सिटी इण्टरनेशनल होटल या फिर सम्राट या जे.पी. सिद्धार्थ होटल। वे सादगीपसन्द और डैशिंग इंसान रहे। बड़प्पन उनके कदम चूमता था। उन्होंने कभी ज़िन्दगी को यह मौका नहीं दिया कि ज़िन्दगी उन्हें जिए। ज़िन्दगी को उन्होंने जिया। अपनी शर्तों पर जिया। उन्होंने दिया, लिया नहीं। उनके पास तौफीक देने की एक अद्भुत कला थी। यह उनकी ज़िन्दादिली का सबूत था। बहुत कम लिखा उन्होंने। बहुत उम्दा। उनकी कालजयी कहानी 'सिंगारदान' पर बहुत लोगों ने लिखा। मैंने उनके उपन्यासों 'नदी' और 'महामारी' पर लिखा। ह्यनदीह्न औरतों के मनोविज्ञान को पकड़ती है। नदी बर्क.की तरह चमकती है। यहाँ चीजें तो रोशन हैं मगर रोशनाई खत्म है। परमानन्द श्रीवास्तव जी को शमोएल साहब पर मेरा लिखना बहुत पसन्द आता था। शमोएल साहब चीजों से हौसला पैदा कर दिया करते थे वरना ऐसा कैसे हो सकता था भला, कि कोई सिंगारदान किसी बृजमोहन के हाथ लगे और उसके परिवार के हाव-भाव बदलने लगें? चावल का एक दाना देखकर शमोएल साहब अगर सब कुछ महसूस न कर पाते तो क्यों लिखते कि फसाद में रण्डियाँ भी लूटी गयी थीं। उसको लूटना जिसके पास लुटाने को बहुत ही कम चीजें मौजूद हों! मजबूरियाँ जिसकी पूँजी हों। भाई अविनाश दास ने लिखा है कि उनकी 'सिंगारदान' कहानी पर फि ल्म बनाने का मन था। अदीब शमोएल साहब के जीवन और लेखन में कोई जल्दबाजी नहीं रही। इस बात को उन्होंने अविनाश दास से भी कहा कि स्क्रिप्ट लिखकर दिखाइए, तब बात करेंगे। बाद में इसी कहानी पर कोई एक मुकदमा भी शुरू हो गया क्योंकि किसी शख़्स ने इस कहानी को चुराकर एक मिनी सीरीज बना डाली थी। अपने साथ हुई इस नाइंसाफी को शमोएल साहब कभी भूल नहीं पाए।


उनकी कि ताब 'गिरदाब' आई तो एक से ज्यादा भाषाओं में आई। खूब चर्चा हुई उसकी। बाद में उनकी कहानी 'लुंगी' आई तो कुछ कमदिमाग लोगों ने उस पर बहुत ऐतराज किया। यह ऐतराज बहुत चर्चित हुआ। तंग गलियों में शोर हुआ इस ऐतराज का। विजय राय साहब ने इस ऐतराज का इंसाफ से लबरेज जवाब दिया। शमोएल साहब का सबसे प्रिय रंग, सफेद रंग है। लुंगी कहानी में अफसानानिगार ने साफ-साफ लिख दिया है कि सफेद लुंगी पहनो भी नहीं कि मैली नजर आने लगती है। भला यह भी कोई रंग है कि सफेद? इतना वाहियात रंग कि एक दाग तक को न छिपा पाए। जो दाग ही न छिपा पाए वह राजदार कैसे हो सकता है, उस पर ऐतबार कैसे करें! इस ऐतबार के सियाह लुंगी पसन्द आई कि गर्दखोर थी। एक ज्योतिषी ने कहा था कि सियाह शनि का रंग है जो नाउम्मीदी का सितारा है। जरबहार एक प्रोफेसर की बेटी थी और उसने एम. ए. किया था। जरबहार की अदाएँ अलग ही थीं। बातचीत के दौरान जुल्फों की एक लट उसके मुखमंडल पर लहरा जाती जिसे अदा-ए-खास से पीछे की तरफ पलटती रहती। मौजूँ और बयानिया दोनों स्तरों पर शमोएल अहमद अभूतपूर्व हैं। वजीरे-आजम भूतपूर्व हो सकता है लेकिन शमोएल साहब जैसा लेखक कभी भूतपूर्व नहीं हो सकता। ऐसे लोग अलग लकीर पर चलते हैं, उनके रास्ते अलग होते हैं और इसीलिए अभूतपूर्व होते हैं। मंज़िल एक ही हुआ करती है, रास्ते मुख़्तलिफ़। लोग देखते हैं। समझते हैं। अर्जमन्द इंसान शमोएल साहब देखते थे कशिश और खलिश के साथ, देख लिया करते थे पर वे देखने पर रुकते नहीं थे। देखना नामक क्रिया को उन्होंने बेमानी साबित किया। वे छूकर देखते थे। महसूस करके देखते थे। अजीज चीजों को ओढ़-पहनकर देखते थे। लिखकर और रचकर देखते थे। वे न देखकर भी देखते थे और देखकर भी नहीं देखते थे। उनका लेखन करीब-करीब वैसा रहा जैसे कुर्रतुलऐन हैदर की रचना 'पतझड़ की आवाज' हो या फिर इन्तिजार हुसैन की 'आखिरी आदमी'। उन्होंने सच बयाँ किया मगर कभी किसी शख़्स की तौहीन नहीं की। शमोएल साहब पैदा भले ही गुलाम भारत में हुए हों लेकिन ताज़िन्दगी वे आजादीपसन्द इंसान रहे। उनकी कृति 'ऐ दिल-ए-आवारा' इसका मुकम्मल सबूत है। यह एक संस्मरणात्मक रचना है। इसमें उनके बहुत सारे संस्मरण हैं, पुरानी यादें हैं और जो नहीं हैं वो उन्होंने मुझे बाकायदा सुनाई हैं। बाद में उन्होंने एक और उपन्यास लिखा। उनवान था 'चमरासुर। अरुण नारायण ने इस सन्दर्भ में उनका एक इण्टरव्यू भी किया था। इस उपन्यास का मुख्य पात्र एक महरूम समाज से आता है और विजेता बनकर उभरता है। मुल्क की सियासत को देखकर उन्हें यह कहना पड़ा कि अब मैं अँधेरे की एक गर्त में हूँ। यह कहना एक कबूलनामा था। जब दलितों, वंचितों और अल्पसंख्यकों पर जुल्म बढ़ते ही चले गए और उन्हें हाशिये पर लाने की पुरजोर साज़िशें रची गयीं तो शमोएल अहमद को कहना पड़ा कि 'चमरासुर' लिखकर, मुक्तिबोध की भाषा में, मैंने भी खतरा उठाया है। मठों और गढ़ों को तोड़ने की एक कोशिश की है। उनका कहना था कि अगर यह उपन्यास मैं नहीं लिखता तो मेरा जीना मुश्किल था। वे गूँगे-बहरे लेखक की तरह नहीं थे। अपना विरोध दर्ज.कराते थे, बेहद सलीके के साथ। उन्होंने यह भी लिखा कि, 'हालत यह है कि हम विरोध भी नहीं कर सकते हैं। तुरन्त देशद्रोह का मुकदमा कर दिया जाएगा।'

यासिर अराफात जब भी थोड़ा समय पाते थे तो कार्टून देखते थे। उनका कहना था कि इससे मुझे कुछ नया सोचने का तरीका आता है। ह्यगिर्दाबह्न में शमोएल साहब ने जिस पुरुष मानसिकता की तफ़्तीश की है वह काबिल-ए-तारीफ है। इंजीनियर होकर भी उन्होंने मुझसे इंजीनियरिंग पर कभी कोई बात नहीं की, सिवा एक घटना के। वह घटना यह थी कि जब बिहार के तत्कालीन मुख्यमन्त्री ने एक नल से पानी गिरने के मामले में उनको तलब किया तो उन्होंने कहा कि हुज़ूर, आप इस नलके से पानी निकालने का सवाल खड़ा कर रहे हैं, जरा गौर से देखिए, इन नलकों से हमारा खून बहता है। बाद में यह संस्मरण 'तहलका' नामक प्रतिष्ठित पत्रिका में छपा। यादों की अमानत को सँभालने वाले शमोएल साहब के बारे में लोग कहते हैं कि वे सेक्स के अफसानानिगार हैं। मैं इस बात से कोई इत्तेफ़ाक नहीं रखता। उनकी कहानियों ने समाज में फैले सेक्स के जहर को उजागर किया है। उन्होंने एक दलित बच्ची और एक मुसलमान लड़की के रेप का विरोध किया है। इस मुआमले को तथाकथित दबंग जातियों ने मिलकर दबाने की कोशिश की थी। और तो और, राजनीतिक पार्टियाँ भी मामले को दबाने की फिराक में शामिल रहीं। शमोएल साहब ऐसे मामलों से कभी बेखबर नहीं रहे। वे अखबार पढ़ा करते थे और खबरों के खरेपन को खोजते रहा करते थे।

वे खुले दिल के थे। आज़ाद पंछी की तरह। सच्चे मायनों में सेक्युलर। साम्प्रदायिकता उनको छू तक नहीं पाई थी। जब ह्यऊँटह्न कहानी आई, तो उसमें एक मौलाना की यौन कुण्ठाओं का उन्होंने ज़िक्र किया। उर्दू पाठकों को यह रचना बुरी लगी क्योंकि ऐसे बेअंदाज पाठक यह कतई नहीं चाहते थे कि किसी मौलाना को बेनकाब किया जाए। शमोएल साहब ऐसे हालात से हारे नहीं, उन्होंने हालात को हराया। ऐसी चीजें उनकी ज़िन्दगी में बारहा साज़िशें की तरह दरपेश हुईं। इस पेशगी पर उन्होंने फ़िक्र किया और झेला भी। अमरीकी सियासत पर उन्हें मुझसे बात करना बहुत प्रिय था। अमरीका की राजनीति और उसकी असली थियोरी को वे समझते थे। इन मामलों पर बात करते समय हमारे बीच बहुत सारी असहमतियाँ भी हो जाया करती थीं। उनके अहसास का दायरा बहुत बड़ा था। उन्हें जमाने के बदलने का एक गहरा गम था। वे कहते थे कि पहले जो उर्दू के रचनाकार थे, वे आपस में मिलते थे और आमफहम भाषा में अपने अनुभवों को बाँटते थे, किसी अन्जुमन में। अब ऐसा नहीं रहा। शमोएल साहब पर लोगों ने इल्जाम लगाया कि वे मंटो बनने की कोशिश करते हैं। उन्होंने हमेशा ह्यबड़ा लेखकह्न होने से 'मौलिक लेखक' होना बेहतर पाया। उनकी तलाश ताउम्र जारी रही। वे मौलिक ही रहे। यह सच है कि उन्हें किसी की भी तरह, चाहे वह कितना भी अजीम लेखक क्यों न हो, बनने की कोई तमन्ना नहीं रही। 'बागमती जब हँसती है' तो जाहिर है कि ह्यआँगन का पेड़ह्न याद आता है। यहाँ सियासत-दानों के मकरूह चेहरे सामने आते हैं। अगर कोई इनके खिलाफ आवाज उठाए तो उसका जेहनी इस्तिहसाल होता है। ये रचनाएँ लेखन के प्रति उनके समर्पण को स्याही के जरिये कागज पर उतारती हैं। शमोएल साहब बड़ी बहर की गजल हैं। उन्हें समझना इतना आसान नहीं है। उन पर चंद सतरें लिखना और भी मुश्किल। ऊपरवाले ने उनको बहुत सारी नेमतें बख़्शी थीं। वे इस बात के कायल भी रहे। दोस्तों के लिए हमेशा शुक्रगुजार रहे। उनका बोलना और लिखना दफअतन ही हुआ करता था। वे कभी कोई प्लान नहीं बनाते थे इसलिए बहुत सहज और मौलिक रहे।

एक बार उन्होंने हैदराबाद से मुझे फोन किया। मैंने कहा कि कहाँ हैं जनाब! तो बोले लिली ब्लाजम अपार्टमेण्ट के पास पिलर नम्बर 177 पर। मैंने कहा कि आप खुद एक पिलर हैं तो पिलर पर क्या कर रहे हैं! वे हँसे। उनकी हँसी उसी तरह हुआ करती थी, जैसे यह कहा जाए कि 'नाजुकी उसके लब की क्या कहिए, पंखुड़ी इक गुलाब की सी है।' वह खामोश हँसी मैं कभी नहीं भूल सकता। उस हँसी में वे मेरे लिए फि क्रमन्द लगे। उनकी मामूली हँसी सैलाब को भी जमींदोज करने की कूबत रखती थी। मुल्क के ताजातरीन हालात को देखकर वे अक्सर मुझसे कहते थे कि हँसना अब एक जुर्म है। मैं खुशकिस्मत रहा कि उनका साथ मिला। अपने खिलाफ रहने वाले लोगों को उन्होंने कभी तवज्जो नहीं दी। यह उनका स्टाइल और लहजा था। बेफि क्र रहते थे। जो मुकाम उन्होंने हासिल किया, वहाँ तक पहुँचना किसी के लिए भी नामुम्किन है। रवीन्द्र कालिया ने उन्हें बहुत बार छापा। वे कहते थे कि दुनिया में रहकर अलीम शमोएल अहमद जैसा कुछ भी लिख पाना मुश्किल है। उनकी ज़िन्दगी असफार से भरी रही, अस्काम से बहुत दूर।

वे असली आशना थे, सारी दुनिया साथ छोड़ दे, तो भी हमकदम, हमखयाल और हमउम्र बनकर साथ चलने वाले। अपनी ज़िद पर किसी का भी गिरहबान पकड़ लेने वाले हमारे शमोएल साहब। समाज की रिवायतों को जूते की नोक पर रखने वाले। अर्श के तारे टूटने पर अपनी दिली दोस्तियों के लिए मन्नत माँगने वाले शमोएल साहब। किसी भी तरह के ज़िन्दान के खिलाफ मरने तक लड़ने की कोशिश करने वाले। वो जानते थे कि चिड़िया ज़िन्दान से ज्यादा आसमान में उड़ती हुई खूबसूरत लगती है। अजमत के साथ बात करने वाले शमोएल साहब के अपने घर में शादी का एक मौका आया। उन्होंने मुझे न्यौता भेजा। इस खास निकाह के मौके पर मैं




अपनी छोटी बहन कीर्ति बंसल के साथ दिल्ली में शरीक हुआ। उन्होंने दावत दी। मैं और कीर्ति जहनसीब रहे। उन्होंने क्या-क्या नहीं खिलाया। उनकी सोहबत बेकार लोगों का तग़ाफुल कर दिया करती थी। सही मायनों में वे उर्दू कहानी के पासबान थे। उर्दू हो चाहे हिन्दी या फिर अंग्रेजी या संस्कृत, उनका तलफ़्फ़ुज़ हमेशा शानदार, जानदार और ईमानदार रहा। माज़ी लोगों के पीछे घूमता है, उनके आगे घूमता था। वे बज़्म नहीं थे महज़, रौनक-ए-महफ़िल थे। अहद और लहरें उनके लिए रुक जाया करती थीं। कहानियाँ वे पाठकों तक कासिद से भिजवाते थे। उनके अन्दर आफताब और महताब साथ-साथ रहते थे। वे विरुद्धों का सामंजस्य थे। उनसे बात करने के लिए लोगों की लम्बी-लम्बी कतारें देखी हैं मैंने। वह एक दौर था। कोई ज्योतिष के बहाने मिलना चाहता था तो कोई अपनी गुस्ताखी बयाँ करने। चाहने वालों को बेशुमार मुहब्बत दी उन्होंने, हालाँकि खुद वे आबला-पा रहे। उनकी रचनाएँ अल्लाह की इनायत से उतरी हैं और बड़ी शिद्दत से उन्होंने इन रचनाओं को गढ़ा है। आसमान की सीमा को महसूस करने वाले शमोएल साहब हमेशा जमीन पर ही रहे। उन्होंने जमीन नहीं छोड़ी। प्रख्यात कवयित्री सविता सिंह जी का उनके बारे में यही कहना है। यह कहना रफ़्ता-रफ़्ता सच होता गया। वो बियाबाँ में रहते थे और बहार घर में आती थी।

एक वाकया याद आता है। उनके घर का एक जवान बच्चा जम्मू कश्मीर में तैनात था। वे इस तैनाती के खिलाफ थे। मैं उनके साथ बैठा हुआ था और उन्होंने कहा कि कैसे समझाएँ एक वालिद की तरह! इसलिए, क्योंकि वह बच्चा कहता था कि जब मैं फाइटर प्लेन से नीचे उतरकर चौड़ा होकर चलता हूँ तो मुझे अहसास होता है कि कोई असद चल रहा है। यह चलना रुक गया। वे मायूस हुए। मुझे विद्याधर सूरजप्रसाद नायपॉल की कि ताब 'ए राइटर्स पीपुल' याद आती है। उसे पढ़कर महात्मा गांधी या विनोबा भावे के बारे में कुछ बेहद नई चीजें मालूम पड़ती हैं। सोचने का एक हौसला बढ़ता है। लेखक के कुछ अपने लोग हुआ करते हैं, यह शमोएल साहब के साथ भी रहा। आप 'अनकबूत' पढ़िए। आपके लफ़्ज नाकाम हो जाएँगे। एक वक़्त ऐसा था जब मेरे सितारे गर्दिश में थे, तब उन्होंने थाईलैण्ड से मेरे लिए हरे रंग का एक रत्न मँगवाया था। मुझे उससे बहुत राहत मिली।

शमोएल अहमद की रचनाओं को पढ़ते हुए पाकिस्तानी मार्क्सवादी समाजशास्त्री हमजा अल्वी की बातें याद आती हैं। उन्होंने अतिविकसित राज्य का सिद्धान्त दिया। अपनी, खुद की कोशिशों से जो राजव्यवस्था न गढ़ी जाए वहाँ जम्हूरियत एक बेमेल हालात है। शमोएल साहब का लेखन इन पीछे छूट गए लोगों पर बात करता है। आर्मी, पुलिस और सिविल सर्विस बिरतानिया हुकूमत की देन रहे, पर मन हम सबका हिन्दुस्तानी ही रह गया। यह सभ्यताओं की कोमल और शान्त एक टक्कर थी। इस टक्कर से शमोएल साहब अपने लेखन में लगातार टकराते हैं। जीतते हैं। सियासत किस तरह सच्चे लोगों का मुँह बन्द करना बखूबी जानती है, शमोएल साहब इससे वाकि फ थे। उन्होंने इन चेहरों की नुमाइंदगी की है। इस लेख की एक आखिरी बात और! शमोएल साहब से जब उनके इन्तकाल से पहले मेरी बात हुई तो उन्होंने कहा था कि दिल्ली आऊँगा जल्द और हमेशा की तरह साथ बैठेंगे। वैसा हो न सका। ऊपरवाले को मंजूर नहीं था शायद। वे मेरे आजर्दाह जेहन में हमेशा रहेंगे अपने अफसानों के बलबूते।

(सी-17, एन.पी.एल. कॉलोनी, न्यू राजेन्द्र नगर,नई दिल्ली, संपर्क 9990665881)

# सोच विचार का आईना है 'सम्पादकनामा'



**मूल्यांकन**

कौशल किशोर

न खींचो कमानो, न तलवार निकालो, जब तोप हो मुकाबिल, तब अखबार निकालो।

यह अकबर इलाहाबादी का मशहूर शेर है जो कलम की ताकत का एहसास कराता है। विचारों की मार तलवार से अधिक मारक होती है। शहीदे आजम भगत सिंह भी कहते हैं कि क्रांति की तलवार विचारों की शान पर तेज होती है। कहने का आशय है कि पत्र-पत्रिकाएं भावों-विचारों को पहुंचाने का प्रमुख माध्यम है। यह आम लोगों को मानसिक-सांस्कृतिक खुराक प्रदान करती हैं। वाराणसी हिंदी प्रदेशों का प्रमुख साहित्यिक-सांस्कृतिक केंद्र है। यहीं से 'सोच विचार' मासिक पत्रिका निकलती है। इसने 14 वर्षों की यात्रा पूरी की है। यह यात्रा तमाम कंटकों के बावजूद आज भी जारी रही है। इसकी शुरूआत अर्थात पहला अंक फरवरी 2009 में आया था। इसका लोकार्पण तत्कालीन राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा देवीसिंह पाटिल ने किया। यह समय था जब धर्मयुग, साप्ताहिक हिंदुस्तान, दिनमान, रविवार, सारिका जैसी बड़े संस्थानों से निकलने वाली पत्रिकाएं बंद हो चुकी थीं। ये हिंदी समाज के मध्यवर्गीय परिवारों में खूब पढ़ी जाती थीं। ऐसे ही समय में 'सोच विचार' मासिक साहित्य-पारिवारिक पत्रिका की शुरूआत हुई। शुरू में इसके जीवन और निरंतरता को लेकर आशंकाएं भी व्यक्त की गईं। कहा गया कि जहां बड़े-बड़े डूब गए वहां नौसीखिए का पानी में उतरना बुद्धिमानी नहीं है। पर 'नौसिखए' ने इसे चुनौती के रूप में स्वीकार किया। उसने जो कर दिया, वह किसी इतिहास से कम नहीं है। उसी का प्रतिफल है कि पत्रिका ने एक लंबी यात्रा पूरी की है। वह सफर आज भी जारी है।


'सोच विचार' के प्रकाशन के 12 वर्ष पूरा होने पर हर महीने प्रकाशित होने वाले संपादकीय को 'सम्पादकनामा' शीर्षक से एक पुस्तक का रूप दिया गया है। इसमें पत्रिका के प्रवेशांक से लेकर 144 वे अंक तक का संपादकीय संकलित है। संपादन-संकलन का काम पत्रिका के संपादक नरेंद्र नाथ मिश्र ने किया है जो सेवक प्रकाशन, वाराणसी से प्रकाशित हुआ है। इससे पत्रिका का वैविध्यपूर्ण और वैचारिक-सांस्कृतिक चेहरा सामने आता है। इस पुस्तक के माध्यम से विगत एक दशक से अधिक के समय, समाज, जीवन, परंपरा, साहित्य, संस्कृति, भाषा, राजनीति, इतिहास आदि की झलक मिलती है। 'सम्पादकनामा' की नजर से कौन सा विषय ओझल रह गया है, यह कहना मुश्किल है और इससे भी मुश्किल है कि किस विषय पर लिखा जाए तथा किसे छोड़. दिया जाय। ऐसा ही विषय वैविध्य से भरा यह 'सम्पादकनामा' है।

'सोच विचार' ने इन पंक्तियों के लिखे जाने तक 14 वर्ष पूरे कर लिए हैं। प्रश्न है कि इस बाजारवादी समय में जब शब्द संस्कृति पर सर्वाधिक चोट पड़ रही है पत्रिका ने अपनी निरंतरता को कैसे बनाए रखा है? 14 वर्षों तक पत्रिका का निकलना कोई सामान्य परिघटना नहीं है। इस प्रश्न का उत्तर काशी की साहित्यिक-सांस्कृतिक परंपरा में खोजा जा सकता है। पहली बात, पत्रिका बाजारवाद के विरुद्ध साहित्यिक पत्रकारिता की उस समृद्ध परंपरा से अपने को जोड़ती है जो भारतेंदु की 'कविवचन सुधा', महावीर प्रसाद द्विवेदी की 'सरस्वती', प्रेमचंद की 'हंस', हिंदी प्रदीप, मयार्दा आदि से आगे बढ़ी है। दूसरी बात, इसे साहित्यकारों तक सीमित न करते हुए घर-परिवार की पत्रिका में बदल देना है। इसी का प्रतिफल है कि प्रकाशन के 3 वर्ष के भीतर ही पाठक-परिवार की संख्या 2000 तक पहुंच गई। इस तरह यह मात्र लेखकों की पत्रिका न होकर पाठकों की पत्रिका बनी। इसका स्वरूप पारिवारिक पत्रिका का बन गया। यही कारण है कि जब लॉकडाउन के समय पत्रिकाओं का प्रकाशन असंभव सा हो गया था। ऐसे समय में भी 'सोच विचार' का प्रकाशन बंद नहीं हुआ। इस विकट दौर में भी पत्रिका छपी। उसका वितरण हुआ। यह संपादकीय-प्रकाशकीय टीम की प्रतिबद्धता व समर्पण के कारण ही संभव हुआ है।

अब कुछ बातें 'सम्पादकनामा' की विषय-वस्तु पर जो इसमें संकलित हैं। पत्रिका वाराणसी से निकलती है। इसमें बनारस का बनारसीपन है, तो काशी की सामासिक संस्कृति है। यह विविधता के भीतर एकता की संस्कृति है जो सभी को अपना बना लेती है। पत्रिका के 5 अंक निकलने के बाद आर एन आई द्वारा जुलाई 2009 के अंक को मान्यता मिली। उसके बाद से हर वर्ष के जुलाई अंक को पत्रिका ने 'काशी अंक' के रूप में निकालना शुरू किया। इस तरह 'संपादकनामा' में कुल 11 काशी अंक के संपादकीय शामिल हैं। पहले काशी अंक के संपादकीय की शुरूआत प्रसिद्ध कवि केदारनाथ सिंह की बहुचर्चित कविता 'बनारस' के अंश को उद्धृत करते हुए किया गया है- 'अद्भुत है इसकी बनावट/यह आधा जल में है/आधा मंत्र में/आधा फूल में है/आधा शव में/आधा नींद में है/आधा शंख में/अगर ध्यान से देखो तो आधा है और आधा नहीं है'। संपादकीय में कहा गया कि काशी की सभ्यता, संस्कृति, इतिहास और विचारधारा पर बात करने का मतलब भारत की सामासिक संस्कृति के संदर्भ में बात करना है। काशी उसका एक मॉडल है 'जो कभी किसी एक की नहीं रही, यह सदैव सबकी, सबसे और सबके लिए रही'। समय के साथ समाज व जीवन मूल्य भी बदले हैं। इसका प्रभाव भी पड़ा है। पत्रिका की नजर इस 'बदलती काशी' पर भी है।

भारतवर्ष त्यौहारों और पर्वों का देश है। इनका धार्मिक के साथ सांस्कृतिक महत्व है। 'सम्पादकनामा' में इन पर अनेक लेख और टिप्पणियां हैं जैसे - जनपर्व होली, पर्वोत्सवों का विज्ञान, ऋतु पर्व होली, अक्षय नवमी, बुढ़वा मंगल, नवरात्र, दीपावली: स्वातंत्र्य का प्रतीक, महाशिवरात्रि, कुंभ मेला, ऋषि पंचमी, भारतीय पर्वों का संदेश, वैशाखी का महत्त्व, मानवता के प्रतिष्ठापक हैं हमारे पर्व आदि। पर्वों के महत्त्व और इनसे संबंधित कथाओं की चर्चा है। यह देखने में भी आता है कि जो त्यौहार खुशियां लाते हैं, वे वर्तमान में अपने साथ अनेक समस्याएं और गम भी ले आते हैं। पत्रिका में इन पर भी चर्चा है। पर्व-त्योहार के मूल उद्देश्य क्या है? इस पर विस्तार में विचार किया गया है। कहा गया है कि पर्वों का उद्देश्य मनुष्य के भीतर मानवता के उदात्त भावों को प्रतिष्ठित तथा संकुचित एवं भेदभाव मूलक मानवता विरोधी प्रवृत्तियों का शमन करना है। समाज में भाईचारा, प्रेम, सहिष्णुता व उदारता की सलिला बहती रहे। यहां हिन्दू धर्म के उदार, समावेशी और सहिष्णु रूप को लाया गया है। भारत बहुधार्मिक देश है। 'सोच विचार' में हिंदुओं के तीज-त्योहारों पर विस्तार में चर्चा की गई है। वहीं, अन्य धर्मों के त्योहारों की चर्चा नहीं के बराबर है। यहां सोच में हिन्दू धर्म के प्रति विशेष आग्रह का भाव दिखता है। इससे हिन्दी के साथ हिन्दू पत्रिका का आभास होता है। उर्दू और जनभाषाओं के प्रति भी यही दृष्टिकोण है। जबकि हिन्दी साहित्य का विपुल भंडार जनभाषा के साहित्य से भरा है। हम उम्मीद करते हैं कि 'सोच विचार' का संपादक मंडल इस दिशा में भविष्य में अवश्य विचार करेगा।

'सोच विचार' ने अपनी यात्रा के दौरान अनेक विशिष्ट व्यक्तियों और विधाओं पर केंद्रित अंक और साहित्यकारों पर एकाग्र का प्रकाशन किया। महात्मा गांधी की 150 वी जयंती के अवसर पर अक्टूबर 2019 का जो अंक प्रकाशित हुआ, उसके संपादकीय का शीर्षक था 'गांधी: लोकजागरण के महान ऋषि'। इसमें गांधी जी के मानवतावादी गुणों पर चर्चा की गई है। इसके साथ ही बापू के अनुयायी लाल बहादुर शास्त्री के सद्गुणों को भी सामने लाया गया है। यह संदेश भी है कि हिंसा और अराजकता के दौर में गांधी के विचार शैतानी संस्कृति के विरुद्ध हमारे अंदर आत्मबल को जागृत करते हैं। जून 2020 में ह्यप्रणाम बापूह्न शीर्षक से अंक निकला जिसके संपादकीय का शीर्षक है 'सोच में गांधी विचार'। अर्थात गांधी व्यक्ति से अधिक विचार हैं। इसी तरह 'स्वामी विवेकानंद के जीवन संदेश', 'वाणी विमल रैदास की', 'भारत रत्न डॉक्टर अंबेडकर', 'महाकवि जयशंकर प्रसाद', 'प्रेमचंद की स्वतंत्र्य चेतना' शीर्षक से पत्रिका में लिखे गए संपादकीय संकलित है। इसमें इनकी सामाजिक व साहित्यिक भूमिका और इनके योगदान पर चर्चा की गई है। 'सोच विचार' की ओर से मई 2012 में कथा अंक निकाला गया। इस अंक के संपादकीय का शीर्षक है 'भ्रष्टाचार यथार्थ है तो सदाचार भी'। कहानी के बारे में इस बात को रेखांकित किया गया कि गढ़ी गई कहानियों की जगह पाठकों को जिंदगी से कढ़ी हुई कहानियों की अपेक्षा है। ये कहानियां बनाई नहीं जाती अपितु बन जाती हैं। इसका आशय है कि कहानियों का रिश्ता जीवन की सच्चाइयों से है। पत्रिका ने आधुनिक साहित्यकारों जैसे डॉ रामदरश मिश्र, ठाकुर प्रसाद सिंह, सूर्यबाला आदि पर एकाग्र निकाले। इसके साथ पत्रिका की ओर से बैंकिंग उद्योग पर भी केंद्रित अंक प्रकाशित हुआ। इस तरह जो विशेष अंक निकाले गए, वे विविधताओं से भरे हुए हैं। यह उन अंकों के संपादकीय में दिखता है। 'सोच विचार' की ओर से राष्ट्रीय पर्वों, धार्मिक त्योहारों, हिन्दी दिवस, शिक्षक दिवस, साहित्यकारों और महापुरुषों की जन्म तिथियों पर जो अंक निकाले गए हैं, उनका संदर्भ समकालीन है तथा वर्तमान में उनके महत्व पर रोशनी डाली गई है। हमारा वर्तमान हलचल से भरा है। भारतीय स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे हुए। इसे अमृत महोत्सव वर्ष कहा गया। हमने जनतंत्र की राह चुनी। हमारे पड़ोस में जहां जनतंत्र लुढ़कता रहा है, वहीं भारतीय जनतंत्र की दुनिया में ख्याति है।



फिर भी राजनीति और जनतंत्र में आए क्षरण पर 'सोच विचार' की निगाह है। पत्रिका का काम निगहबानी करना भी है। इससे संबंधित अनेक आलेख 'सम्पादकनामा' में है जैसे जनतंत्र का मतलब, जनता और जनतंत्र, जनतंत्र का स्वास्थ्य, जन सेवा और राजनीति, मानवता की बुनियाद है स्वतंत्रता, लोकतंत्र का चौथा खंभा आदि। ऐसे अनगिनत लेख हैं जो जानकारी मूलक हैं, पाठकों का ज्ञान-वृद्धि करते हैं, स्थितियों और समस्याओं से अवगत कराते हैं तथा चुनौतियों का एहसास कराते हैं।

वास्तव में, 'सोच विचार' पत्रिका के संपादक नरेंद्र नाथ मिश्र ने इसके 12 वर्षों के संपादकीय को 'संपादकनामा' पुस्तक के रूप में संकलित कर एक जरूरी और महत्वपूर्ण कार्य किया है। 'पुरोवाक' शीर्षक से भूमिका पत्रिका के संरक्षक और प्रधान संपादक जितेन्द्र नाथ मिश्र ने लिखी है। मानव सभ्यता के सामने चुनौती, सत्ता नहीं व्यवस्था बदलनी चाहिए, अभिव्यक्ति की आजादी, केवल कैलेंडर बदलने से क्या होगा, हिंदी पत्रकारिता की शक्ति स्वतंत्रता, भाषा नहीं संस्कृति है हिंदी, एक नया सुनहला सवेरा, मानवता की बुनियाद है स्वतंत्रता आदि लेखों से सहज आभास होता है कि यह पुस्तक सोच विचार का आईना है, हमारे समय का वैचारिक आख्यान है। यह पाठकों के अंदर भारतीयता की भावना भरता है। उनमें भाषा के प्रति अनुराग पैदा करता है तथा हर संकट और चुनौतियों के मुकाबले के लिए तैयार करता है। यह लोगों को जगाने का काम करता है। यही पत्रिका का सांस्कृतिक काम है। 'सम्पादकनामा' से गुजरते हुए प्रेमचंद का यह कथन याद आता है जिसमें उन्होंने कहा है' हमारी कसौटी पर वही साहित्य खरा उतरेगा जिसमें उच्च चिंतन हो, स्वाधीनता का भाव हो, जो हममें गति और बेचैनी पैदा करे, सुलाए नहीं, क्योंकि अब और ज्यादा सोना मृत्यु का लक्षण है।

कृतिः सम्पादकनामा ('सोच विचार' पत्रिका के संपादकीय का संकलन)
संपादनः नरेन्द्र नाथ मिश्र
प्रकाशकः सेवक प्रकाशन, वाराणसी
पृष्ठ संख्याः 296
मूल्यः रुपये 400.00

(एफ - 3144, राजाजीपुरम, लखनऊ - 226017
मोबाइल - 8400208031)

# अखिलेश अध्यक्ष, सचिव पद पर राजेंद्र ने दर्ज की विजय


चुने गए पदाधिकारी प्रफुल्लित मुद्रा में

**लालगंज।** विंध्य युवा अधिवक्ता समिति के नए वर्ष 2023 के कार्यकारिणी चुनाव में अध्यक्ष एवं सचिव पद पर आमने-सामने सीधा मुकाबला अधिवक्ता सभागार में शुक्रवार को 10:00 से लेकर 3:00 तक मतदान एवं 4:00 परिणाम संपन्न हुआ। चुनाव में कुल 146 मतदाताओं में से 130 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया और अध्यक्ष पद से दो अवैध मत मतगणना में पाए गए। अध्यक्ष पद से अखिलेश कुमार मिश्र एडवोकेट एवं सचिव पद से राजेंद्र प्रसाद मौर्य एडवोकेट विजई घोषित किए गए। अध्यक्ष पद से प्रत्याशी अखिलेश कुमार मिश्र 77 वोट प्राप्त हुए और उनके निकटतम प्रतिद्वंदी आनंद प्रताप सिंह को 51 मत प्राप्त हुए। अखिलेश मिश्रा अपने प्रतिद्वंदी आनंद प्रताप सिंह को 26 मतों से पराजित किया। जबकि दो मत अवैध पाए गए। इसी प्रकार सचिव पद के प्रत्याशी राजेंद्र प्रसाद मौर्य को 67 मत एवं उनके निकटतम प्रतिद्वंदी सुरेंद्र कुमार सिंह को 61 मत प्राप्त हुए। राजेंद्र प्रसाद मौर्य ने 6 मतों से प्रतिद्वंदी सुरेंद्र कुमार सिंह को पराजित किया। वही चुनाव के पहले निर्विरोध उपाध्यक्ष पद से राजेश कुमार जायसवाल, संयुक्त सचिव पद के लिए राजेश कुमार गुप्ता, एवं पुस्तकालय पद से प्रदीप कुमार दुबे, ऑडिटर पद से राकेश कुमार प्रजापति, मीडिया प्रभारी अशोक कुमार सिंह, निर्विरोध निर्वाचित हुए थे। वही कार्यकारिणी समिति के सदस्य गुलाम रसूल एडवोकेट, जनार्दन मिश्रा, सत्य प्रकाश तिवारी, शरद कुमार मौर्य, नित्यानंद मौर्य, सुनील कुमार पाल, बृजेश कुमार मिश्रा को बनाया गया। इस आशय की जानकारी चुनाव निर्वाचन अधिकारी जीत नारायण दुबे एवं सहायक चुनाव निर्वाचन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य एडवोकेट ने दिया।

## जन चौपाल के माध्यम से प्रमुख ने सुनी समस्याएं

**कछवां।** विकासखंड मझवां क्षेत्र के ग्राम सभा केवटावीर में गांव की समस्या गांव में समाधान के तहत शुक्रवार को प्रधान ग्राम सभा केवटावीर के द्वारा जन चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्र पंचायत प्रमुख दिलीप सिंह व बीडीयो राजेश यादव रहे। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा सैकड़ों समस्या को जन चौपाल के माध्यम से अवगत कराया गया। जिसमें दर्जनों समस्याओं का तत्काल निस्तारण भी किया गया। बाकी समस्याओं को जल्द से जल्द निस्तारण करने का आश्वासन दिया। वही क्षेत्र पंचायत प्रमुख ने ग्रामीणों को सरकार के विचारों को व्यक्त करते हुए संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र व प्रदेश की सरकार द्वारा आप सभी ग्रामीणों को तमाम सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसका आप सभी आसानी से सुविधाओं का लाभ लें सकें। और कहा कि जन चौपाल के माध्यम से ही आप के सभी समस्याओं का समाधान हो जाएगा। अन्यथा किसी भी समस्या के लिए आप स्वयं सीधे क्षेत्र पंचायत कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# सम्पूर्ण जिले में धारा 144 लागू 28 फरवरी तक रहेगी प्रभावी


एडीएम वित्त शिव प्रताप शुक्ल

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि./रा.) शिव प्रताप शुक्ल ने अपने एक आदेश के तहत जनपद मे मकर संक्रान्ति, मौनी अमावस्या, गणतंत्र दिवस, कंतित शरीफ उर्स, मो. हजरत अली जन्म दिवस, महाशिवरात्रि, होलिका दहन, होली, चैत्र नवरात्र, राम नवमी, विभिन्न परीक्षाओं एवं कोविड-19 आदि अवसरों पर कतिपय अराजक एवं असामाजिक तत्वों द्वारा सुरक्षा, शान्ति एवं कानून व्यवस्था भंग करने की आशंका के दृष्टिगत जनपद मे सुरक्षा, शान्ति एवं कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिये तत्कालिक प्रभाव से दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा-144 लगा दिया गया है। यह आदेश मीरजापुर के सम्पूर्ण क्षेत्र मे 06 जनवरी 2023 से लागू होकर 28 फरवरी 2023 तक प्रभावी रहेगा। इस आदेश मे वर्णित प्रतिबन्धों की अवहेलना पर भारतीय दण्ड विधान की धारा-188 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होगा।

# गैंगस्टर एक्ट से संबंधित दो आरोपियों को किया गिरफ्तार


पत्रकारों को जानकारी देते सीओ सदर

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष को प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना को.देहात पर पंजीकृत धारा 3(1)उ.प. गिरोह बन्द अधिनियम में त्वरित कार्यवाही करते हुए शुक्रवार को उ.नि. सुरेन्द्र यादव व उ.नि. कमलेश सिंह मय पुलिस बल द्वारा थाना को.देहात क्षेत्र से गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित 02 आरोपियों उदल बिन्द पुत्र घुरन बिन्द व रामतेरस उर्फ लखन्दर बिन्द पुत्र अमृतलाल बिन्द निवासीगण लखमीपुर थाना को.देहात मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

## बीडीओ ने विकास खंड के दो ग्राम पंचायतों में लगाई चौपाल

**हलिया।** खंड विकास अधिकारी कुलदीप कुमार की अध्यक्षता में विकासखंड के 2 ग्राम पंचायतों में शुक्रवार को चौपाल लगाई गई जिसमें ग्राम पंचायत हथोड़ा में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। ग्राम पंचायत की सदस्य निर्मला देवी ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय खेड़ा में शौचालय सही ढंग से ना होने के कारण तथा पानी ना होने के कारण विद्यालय के बच्चे शौच के लिए बाहर जाया करते हैं। वही मनीषा ने बताया कि स्कूली ड्रेस एवं जूता का पैसा ना मिलने के कारण समस्याएं हो रही हैं। जिसके निस्तारण के लिए खंड विकास अधिकारी ने संबंधित को निर्देश दिया। इसी तरह से ग्राम पंचायत भटवारी में ग्राम प्रधान राजेश कुमार मौर्य की उपस्थिति में चौपाल लगाई गई तथा लोगों की समस्याएं सुनी और निस्तारण हेतु पंजीकृत कर आवश्यक संबंधित को आवश्यक निर्देश दिया गया। इस मौके पर एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव, एडीओ आईएसबी राजाराम उपाध्याय, एडीओ मनोहर लाल, ग्राम प्रधान अनीता मिश्रा, सचिव चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, कोटेदार शिव चौबे, काशी मिश्र सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# अमृत सरोवर के निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल की जांच टीम ने पुष्टि की

**लापरवाही**

### बीडीओ को रिपोर्ट सौंपने के बावजूद नहीं की गई कार्रवाई


घटिया सामग्री से कराया जा रहा निर्माण

**राजगढ़।** राजगढ़ विकास खंड के ददरा मुतलके रामपुर ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर के पक्के घाट निर्माण में जांचोपरांत घटिया सामग्री का इस्तेमाल का होना पाया गया था। जिसकी रिपोर्ट जांच अधिकारी द्वारा ब्लाक में सौंपी गयी है। परन्तु कार्यवाही करने के बजाय मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

विकास खंड के ग्राम पंचायत ददरा मुतलके रामपुर के ग्राम प्रधान द्वारा सरकारी नियमों को ताख पर रखकर मनमाना काम कराया जा रहा है। जिससे सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओ में सुमार अमृत सरोवर भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा है। ग्राम पंचायत ददरा मुतलके रामपुर में अमृत सरोवर के पक्के घाट में धड़ल्ले से भस्सी का प्रयोग किये जाने की शिकायत ग्रामीणों द्वारा किये जाने पर जन संदेश टाइम्स अखबार ने कुछ माह पहले खबर प्रकाशित प्रकाशित किया था। जिसका संज्ञान लेकर खंड विकास अधिकारी रमाकांत ने सेक्टर प्रभारी अभय सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर जांच कराया था। जांच अधिकारी अभय सिंह ने बताया कि जांच में भस्सी व घटिया मैटेरियल का प्रयोग हुआ मौके पर पाया गया था। जिसकी रिपोर्ट तैयार कर खंड विकास अधिकारी को सौप दिया गया है। परन्तु अभी तक कोई कार्यवाही नही हुई है और मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। जिससे कार्यवाही न होने पर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है और ग्रामीण तरह तरह के सवाल खड़े कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि गंभीरता से जांच की जाए तो ग्राम पंचायत में बहुतायत कार्य सरकारी मानक के विपरीत कराये जाने का मामला उजागर हो सकता है।

# कांग्रेस प्रायश्चित यात्रा निकालती तो देश की जनता करती समर्थन : परिवहन मंत्री

**किया तंज**

### महाकुंभ के पहले डिपो में शामिल होंगी 7000 बसें

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह विंध्याचल धाम पहुंच कर मां विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन किया। पत्रकारों से बात करते हुए कांग्रेस के भारत जोड़ो यात्रा को लेकर परिवहन मंत्री ने राहुल गांधी पर निशाना साधा और कहा कि राहुल गांधी गलत समय में यात्रा कर रहे हैं और इस समय भारत बहुत मजबूत हुआ है आज दुनिया मे जब दो देश आपस में लड़ रहे हो वहां पर भारत का तिरंगा देखकर युद्ध विराम कर देता हो ऐसा नेतृत्व नरेंद्र मोदी में मिल रहा है। जी 20 का भी भारत को नेतृत्व करने को मिल रहा है भारत मजबूत हुआ है। राहुल गांधी को कांग्रेस की गलतियों का जो लंबे समय तक कांग्रेस सत्ता में रही कांग्रेस में जो गलतियां की उसके प्रायश्चित यात्रा निकालते तो ज्यादा देश की जनता समर्थन करती। इस यात्रा का उत्तर प्रदेश में कोई अस्तित्व नहीं रहा। बहुत छोटा समय उन्होंने उत्तर प्रदेश को दिया। साथ ही उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के राहुल गांधी के हॉफ टीशर्ट के तंज को लेकर कहा की व स्वास्थ्य विभाग के हैं ज्यादा जानते होंगे। हम परिवहन विभाग के हम परिवहन के ज्यादा जानते हैं। महाकुंभ के पहले उत्तर प्रदेश परिवहन के बेड़े में 7000 बसें शामिल होने जा रही हैं। जल्द ही देश और प्रदेश की राजधानियों के लिए अलग से बसें चलाई जाएंगी। राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के साथ-साथ राहुल के टीशर्ट को लेकर भी चर्चा खूब की जा रही हैं। उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री ने राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला है। उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह शुक्रवार को विश्व प्रसिद्ध विंध्याचल धाम पहुंचे उन्होंने मां विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन किया। इस दौरान निमार्णाधीन विंध्य कॉरिडोर भी अवलोकन किया। साथ ही विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा उत्तर प्रदेश में परिवहन व्यवस्था आने वाले समय में और बेहतर होने जा रहा है। दो हजार बसों को अभी हमने खरीदा है। 1150 बसों की बॉडी बन रही है 14 तारीख के बाद तैयार होकर शामिल हो जाएंगी। मुख्यमंत्री ने बजट में 1000 बसों के लिए हमें परमिशन दिया है उसका भी हम टेंडर निकालने जा रहे हैं। 2025 के कुंभ के पहले 7000 बसे हमारे बेड़े में शामिल हो जाएंगी। 2800 बसे माघ मेले में चलाने जा रहे है। जल्द ही देश की राजधानी और प्रदेश की राजधानी के लिए अलग से बसे नॉनस्टॉप चलाए जाएंगी। धर्मस्थल विंध्याचल आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मीरजापुर बस अड्डे को हवाई अड्डे की तरह बनाया जाएगा टेंडर निकाल दिया गया है। इसके साथ ही बताया की दुर्घटनाएं जो बढ़ रही हैं इसको देखते हुए जल्द ही ओवरलोडिंग को लेकर टास्कफोर्स का गठन किया जाएगा।

## एसपी ने जवानों से लगवाई दौड़, फिट होने के बताए मंत्र

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के द्वारा शुक्रवार को साप्ताहिक परेड के दौरान पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउण्ड पर परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जवानों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ व पुश-अप लगवायी गयी। अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल तथा शस्त्र कवायद सहित दंगा निरोधक उपकरणों के प्रयोग की जानकारी देते हुए अभ्यास कराया गया। जनपद के विभिन्न थानों से परेड मे उपस्थित थाने के वाहनों का निरीक्षण तथा दंगा निरोधक उपकरणों के रख-रखाव व क्रियाशीलता को बनायें रखने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। पुलिस लाइन निरीक्षण में पुलिस अधीक्षक द्वारा क्वार्टर गार्द की सलामी तथा वर्दी स्टोर में रिजर्व किट का निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में गणना कार्यालय में विभिन्न रजिस्टरों व अभिलेखों को चेक करते हुए सम्बन्धित को अभिलेखों कि जानकारी लिया गया एवं पुलिस लाइन मेस ,पुलिस लाइन कार्यालय, बैरक, महिला थाना, रेडियो शाखा, आर. ओ. प्लान्ट, आवासीय परिसर आदि का निरीक्षण कर साफ-सफाई एवं समुचित रख-रखाव के निर्देश दिए गये।

# 402 स्थानों पर प्रशासन ने जलवाये अलाव, मिली राहत

**डीएम की पहल**

### जरूरतमन्द लोगो में वितरित किये गये 6950 कम्बल

**मीरजापुर।** शीतलहर के मध्य जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देश पर संचालित राहत कार्य का वितरण व अलाव जलाने की व्यवस्था जनपद के तहसीलों पर नगर पालिकाओं के क्षेत्रों में किया गया हैं। अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल ने विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि तहसील एवं नगर पालिका में संचालित अलाव कि संख्या सदर 30, चुनार 17, मड़िहान 13, लालगंज 24, नगर पालिका मीरजापुर 141, नगर पालिका चुनार 126, नगर पालिका अहरौरा 35, नगर पालिका कछवां 16, कुल 402 एवं तहसील एवं स्वयंसेवी संगठनों द्वारा अब तक किये गए कंबल वितरण क्रमशः सदर 1575, चुनार 1575, मड़िहान 1420, लालगंज 1570, स्वयंसेवी संस्था समाजसेवी संस्था, एन0जी0ओ0 810, अब कुल 6950 कम्बल वितरण किया गया। नगर पालिका द्वारा संचालित रैन वसेरों की व्यवस्था की गयी। जिसमें व्यवस्था सगरा बस स्टैंड, मीरजापुर 25 लोगों की क्षमता, राजकीय रोडवेज, मीरजापुर 40 लोगों की क्षमता, घंटाघर, मीरजापुर 10 लोगों की क्षमता, सामुदायिक भवन, पट्टी खुर्द, सामुदायिक भवन अहरौरा 10 लोगों की क्षमता, सामुदायिक भवन, बालुघाट में चुनार 20 लोगों कि क्षमता, जलकल परिसर, कछवा 10 लोगों कि क्षमता, कुल 6 रैन वसेरों में 115 लोगों तक के ठहरने कि क्षमता है। उन्होने बताया कि समस्त रैन वसेरों में पेयजल, बिस्तर, रजाई, अलाव, स्वच्छता एवं शौचालय कि व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा कि गयी है। कुल 81 धान क्रय केंद्रों पर अलाव कि व्यवस्था कि गयी है। एक परिसर में एक से अधिक धान क्रय केंद्र होने पर उस परिसर में एक केंद्रीय स्थान पर अलाव कि व्यवस्था कि गयी है।

# ज्यादा से ज्यादा युवाओं को जोड़ना है मकसद : प्रदेश महामंत्री


पत्रकारों को संबोधित करते महामंत्री

**मीरजापुर।** भाजपा जिला कार्यालय पर प्रेस वार्ता का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री भाजयुमो देवेन्द्र भाई पटेल एवं जिलाध्यक्ष भाजयुमो सिद्धार्थ मिश्र मोंटी रहे।

मुख्य अतिथि ने प्रेस वार्ता करते हुए अपने वक्तव्य में कहा कि 12 जनवरी 2023 को स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में देश भर में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता रहा है। इस वर्ष 12 जनवरी को भाजयुमो उ0प्र0 यंग इण्डिया रन के माध्यम से 05 किमी0 का दौड़ आयोजित करेगा। जिसमें कम से कम प्रत्येक जिले से 500 युवाओं को प्रतिभाग कराना है। जिसमें युवाओं की आयु सीमा 18 से 35 वर्ष होगी। यंग इण्डिया रन कार्यक्रम 12 जनवरी 2023 को सुबह 08:00 बजे सरदार पटेल चौक, भरूहना से सिटी क्लब के मैदान में समापन एवं टॉप 3 को विशेष पुरस्कार व प्रमाण पत्र वितरण किया जायेगा। यंग इण्डिया रन कार्यक्रम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ज्यादा से ज्यादा नये युवाओं को जोड़ना है। भाजयुमो जिले के प्रतिभावान, प्रभावशाली, अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय खिलाड़ियों से सम्पर्क कर प्रतिभाग के लिए आमंत्रित कर रहा है। दौड़ के दौरान जगह जगह पर युवाओं, प्रतिभागियों पर पुष्प वर्षा करके उनके उत्साह को बढ़ाने का काम भाजयुमो मीरजापुर करेगा। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री पुष्पेंद्र द्विवेदी, प्रितेश सिंह, रोहित त्रिपाठी, अमरेश केसरी, कृष्ण चन्द शुक्ल, शिवम पांडेय, सचिन राय, अभिषेक राय, अमित शाह, अनुराग बेटू, आशुतोष पाठक, अभिनव सिंह के साथ इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## जनता दरबार में डीएम ने सुनीं जन समस्याएं

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन के दौरान फरियादियों की जन समस्याओं व शिकायतों को सुनते हुए प्रकरणों को तत्काल सम्बंधित अधिकारियों से वार्ता कर निस्तारण के निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए गुणवत्तायुक्त निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठित

**मीरजापुर।** शासन के निर्देश एवं व्यवस्थानुक्रम में जनपद के नगर निकायों के कार्यकाल की समाप्ति के पश्चात नगर निकायों के दैनिक कार्यो के सम्पादन हेतु जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा त्रिस्तरीय समिति का गठन किया गया है, त्रिस्तरीय समिति में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, अध्यक्ष, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल एवं समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद/नगर पंचाययत मीरजापुर को सदस्य नामित किया गया हैं। जिलाधिकारी ने अपने आदेश में कहा है कि निकाय के दैनिक कार्यों को सम्पादित करेगीं और कोई नीतिगत

# अधिवक्ता करते हैं न्याय दिलाने का नेक कार्य : विधायक

**आयोजन**

### नवनिर्वाचित अधिवक्ताओं द्वारा ली गई शपथ


कार्यक्रम में शामिल विधायक मड़िहान

**कलवारी।** थाना क्षेत्र तहसील मड़िहान के अधिवक्ता समिति का शपथ समारोह शुक्रवार को मड़िहान तहसील में किया गया। शपथ समारोह में मुख्य अतिथि देवेंद्र मिश्र नगरहा बार काउंसलिंग ऑफ उत्तर प्रदेश, अतिविशिष्ट अतिथि रामाशंकर सिंह पटेल विधायक विशिष्ट अतिथि सिविल जज पूनम कुमारी चौहान, डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामकृष्ण द्विवेदी, महामंत्री प्रवीण कुमार दीक्षित के नेतृत्व में जीते हुए अधिवक्ता को शपथ दिलवाया गया। शपथ में जीते हुए अध्यक्ष पप्पू लाल सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुंज बिहारी सिंह, कोषाध्यक्ष शैलेश कुमार मिश्र, महामंत्री अर्जुन कुमार पटेल, कनिष्ठ उपाध्यक्ष रामनारायण यादव, वरिष्ठ करणी सदस्य अनंद राव, पुस्तकालय मंत्री रामकुमार, सूचना मंत्री अजय भारती ने शपथ ग्रहण किया गया। विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने कहा अधिवक्ता बहुत ही नेक कार्य करते हैं। गर्मी, सर्दी, चाहे बरसात हो सभी अधिवक्ता कार्य में लगे रहते हैं। अधिवक्ताओं को बैठने के लिए एक 20 40 का कमरा बनवाने के लिए कहा। वही देवेंद्र मिश्र ने अधिवक्ताओं को लाइब्रेरी के लिए 50000 देने की घोषणा किया। अधिवक्ता को किसी प्रकार का दिक्कत न हो अगर किसी भी प्रकार की दिक्कत होती है तो आपके साथ हम हमेशा तत्पर रहेंगे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष को कहा कि आप लोग मड़िहान बार समिति को सुचारु रुप से चलाएं। एसडीएम मड़िहान अश्वनी कुमार सिंह, तहसीलदार फूलचंद यादव, नायब तहसीलदार बिंदु नंदन, भाजपा नेता गंगासागर दुबे, अधिवक्ता रामधनी सिंह, श्रवण कुमार, सत्य प्रकाश, कुंज बिहारी, अखिलेश, मारकंडे, रामकेश, आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### थानाध्यक्ष ने कोल बस्ती में बच्चों तथा असहायों को बांटे गर्म कपड़े



**हलिया।** विकास खंड के मध्य प्रदेश की सीमा पर स्थित भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में शुक्रवार को ड्रमंडगंज थानाध्यक्ष अतुल कुमार पटेल व समाजसेवी विनोद कुमार गुप्ता ने 150 आदिवासी गरीब बच्चों में गर्म कपड़े, सेब, बिस्कुट टाफी, नमकीन का वितरण किया। पुलिस व समाजसेवी द्वारा गर्म कपड़े, टाफी, बिस्कुट पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। थानाध्यक्ष अतुल कुमार पटेल ने ठंड से निजात दिलाने हेतु कोल बस्ती के दस दिव्यांग वृद्ध, असहाय लोगों को कंबल वितरित किया। थानाध्यक्ष के हाथों कंबल पाकर दिव्यांग जयंती, फुलेशरी, मनीलाल आदि के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिली। ठंड के मौसम में गर्म कपड़े ग्रामीणों ने पुलिस के इस नेक कदम की सराहना की। थानाध्यक्ष अतुल कुमार पटेल ने ग्रामीणों से बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इस दौरान कांस्टेबल प्रमोद कुमार यादव, महिला कांस्टेबल विजेता साहू, प्रधान पति संतलाल कोल, आदित्य तिवारी, विनोद कुमार गुप्ता,दयालु कोल, मिठाई लाल, रामायण आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

### भगवान भास्कर के दर्शन के बाद भी कम नहीं हुई गलन

**मीरजापुर।** जनपद में बढ़ते शीतलहर के प्रकोप ने आम जनजीवन को हिला कर रख दिया है। सर्द हवाओं के चलते लोगों को ठिठुरन ज्यादा महसूस हो रही है। तेज गलत बढ़ने से लोग शाम ढलते ही अपने-अपने घरों में दुबकने को मजबूर हो रहे हैं। शाम होते ही हवाओं के साथ साथ कोहरा छा जाता है। हालांकि शुक्रवार को हल्की धूप निकलने से आम जनमानस को थोड़ी राहत मिली। जनपद में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस व अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस मापा गया। भीषण शीतलहर के चलते ठंड जानलेवा सी बन गई है। आम जनमानस के साथ-साथ पशु-पक्षी भी बेहाल दिखाई दिए।बीते एक जनवरी से लगातार पड़ रही भीषण ठंड से लोग बेहाल से दिखाई देते नजर आए, वहीं शुक्रवार को भास्कर भगवान ने दर्शन देकर थोड़ी राहत पहुंचाया है। सड़कों और गलियों में शाम होते ही लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो जा रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन से चार दिन तक ऐसे ही मौसम बने रहने की संभावना बताई गई है। दिन चढ़ने के साथ ही कोहरा छंट जाता है परंतु गलन में कोई इजाफा नहीं होता है।गर्म कपड़ों की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ दुकानों पर दिखाई देती है। लापरवाही करना आम जनमानस के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में ठंड के बीच किसान खेतों की सिंचाई कर रहे हैं। ठंड के मद्देनजर जनपद में शासन प्रशासन के द्वारा अलाव की व्यवस्था में कमी देखी गई।

### अधिकारियों ने लगाई चौपाल

**राजगढ़।** ग्राम का चौपाल गांव की समस्या गांव में समाधान का भव्य आयोजन किया गया। मड़िहान तहसील के अंतर्गत विकासखंड राजगढ़ में स्थित ग्राम पंचायत धन सीरिया के पंचायत भवन पर ग्राम का चौपाल गांव की समस्या गांव में समाधान के तहत वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में शुक्रवार को सुबह 11 बजे आयोजन हुआ। आयोजन के मुख्य अतिथि विधायक मड़िहान विधानसभा रमाशंकर पटेल रहे। चौपाल में जिले के जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय ने चौपाल में आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना। जन चौपाल प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री के आदेशानुसार प्रत्येक विकासखंड के 2 गांव में जन चौपाल लगाने का आदेश हुआ था। जिसके तहत ग्राम पंचायत धन सरिया का भी चयन हुआ था। सभा में खंड विकास अधिकारी रमाकांत, एडीओ कोऑपरेटिव राजगढ़ कपूरचंद ने लोगों की समस्याओं को सुना। ग्रामीणों ने किसान सम्मान निधि योजना, आवास योजना, पेंशन, के बारे में आवेदन किया। मौके पर जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय, रमाशंकर पटेल विधायक, खंड विकास अधिकारी राजगढ़ रमाकांत, कपूरचंद, संतोष कुमार मौर्या, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी संजय पांडे, लवकुश सिंह क्षेत्र पंचायत सदस्य, बाबू नंदन सिंह उपस्थित रहे। सभा का संचालन संतोष कुमार पाठक ने किया।

### पात्रों की सूची बनाकर योजनाओं का लाभ दिलाएं : बीडीओ

**जिगना।** शासन के निदेश पर हर शुक्रवार को विकासखंड वार 2 ग्राम पंचायतों में जन चौपाल का कार्यक्रम लगाने का निर्देश दिया गया है। उसी के क्रम में शुक्रवार को प्रथम जन चौपाल का विकासखंड छानबे के ग्राम पंचायत जासा बधौरा व गौरा में खंड विकास अधिकारी छानबे हरिओम गुप्ता की अध्यक्षता में जन चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित हुए। लोगों के सामने ग्राम पंचायतों में हुए कार्यों को बताया गया और स्थलीय सत्यापन किया गया। जन चौपाल के माध्यम से उपस्थित लोगों को यह भी बताया गया जो लोग पात्र होते हुए भी लाभ से वंचित है उन्हें सूचीबद्ध कर उनको शासन द्वारा दिए जाने वाला लाभ अवश्य पहुंचाया जाएगा। मनरेगा के द्वारा हुए कार्यों का सत्यापन किया गया। मजदूरी भुगतान, महिला मेठ बीसी सखी समूह के द्वारा हो रहे कार्यों को अधिकारियों के द्वारा सत्यापन किया जाएगा। इस जन चौपाल में सभी विभागों से एक कर्मचारी को रहना अनिवार्य होगा। इस दौरान एडीओ पंचायत पीयूष दुबे, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि त्रिभुवन मौर्य, ग्राम प्रधान बेचन सिंह, ग्राम प्रधान संतोष कुमार सिंह पटेल, प्रधान प्रतिनिधि पंच बहादुर सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य अनूप उपाध्याय, ग्राम विकास अधिकारी अखिलेंद्र राज सिंह संत कुमार टीए संतोष सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### उपखनिजों की ढुलाई करने वाले वाहनों की औचक जांच

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देश के अनुपालन में उपजिलाधिकारी, चुनार नीरज पटेल, पुलिस क्षेत्राधिकारी, मड़िहान, खान अधिकारी आशीष चौधरी एवं खनिज मोहर्रिर, खनिज विभाग, मीरजापुर की टीम द्वारा 05 दिसम्बर, 2022 को विशेष अभियान चलाकर उपखनिजों का परिवहन करने वाले वाहनों की औचक जाँच की गयी। जाँच के दौरान बिना परिवहन प्रपत्र व ओवरलोड परिवहन करने वाले 02 वाहनों (ट्रैक्टरों) को पुलिस चौकी कजरहट एवं पुलिस थाना चुनार की पुलिस अभिरक्षा में दिया गया तथा 03 वाहनों को क्रेशर क्षेत्रों के आस-पास बिना परिवहन प्रपत्र, ओवरलोड परिवहन करते पाये जाने पर एवं 02 वाहनों को अहरौरा चुनार मुख्य मार्ग पर बिना परिवहन प्रपत्र, ओवरलोड परिवहन करते पाये जाने पर ऑनलाइन चालान किया गया। उक्त के अतिरिक्त तहसील चुनार क्षेत्रान्तर्गत ग्राम भगौतीदेई क्षेत्र में स्थित मे० बजरंग स्टोन, मे0 देवब्रत सिंह क्रेशर, मे० कृष्णा स्टोन एवं मे० नीलीमा सिंह क्रशर प्लाटों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय किसी क्रशर प्लांट पर ओवरलोडिंग होते हुए नहीं पाया गया। उपरोक्त वाहनों पर नियमानुसार देय खनिज की रायल्टी, खनिमुख मूल्य एवं आरोपित शास्ति धनराशि की वसूली के अतिरिक्त उपखनिजों का ओवरलोड परिवहन कर रहे वाहनों में परिवहन प्रपत्र जारी करने वाले खनन पट्टाधारकों से भी प्रति वाहन रू० 25000 शास्ति की वसूली हेतु अलग से कार्यवाही की जा रही है। उपरोक्त वाहनों से खनन विभाग एवं परिवहन विभाग द्वारा लगभग रू0 7.50 लाख के राजस्व क्षतिपूर्ति जुमार्ना की वसूली की जायेगी। जनपद में अवैध परिवहन ओवर लोड पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किये जाने के दृष्टिगत कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी।

### आज तहसील सदर में डीएम सुनेंगी जन समस्याएं

**मीरजापुर।** शासन के निर्देश के क्रम में शनिवार को जनपद के सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया हैं। तहसील सदर में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र, तहसील चुनार में मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस, तहसील मड़िहान में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, एवं तहसील लालगंज में अपर जिलाधिकारी भू0/रा0 सत्य प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया हैं। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा उपरोक्त सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा गया है कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक अपने निर्धारित तहसील में उपस्थित होकर शासनादेश में दिये गये निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुये जन समस्याओं समाधान सुनिश्चित करें।

### अधिवक्ताओं को 60 वर्ष के बाद मिले पेंशन, दिया पत्रक

**मीरजापुर।** अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच द्वारा राज्यपाल को संबोधित एक पत्र जिलाधिकारी को दिया गया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने मांग किया कि उत्तर प्रदेश में अधिवक्ताओं के जानमाल की सुरक्षा हेतु अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम तत्काल लागू किया जाए। अधिवक्ताओं को 60 वर्ष उम्र पूर्ण करने पर पेंशन व्यवस्था की जानी चाहिए। साथ ही साथ अधिवक्ताओं के हित में सामूहिक अधिवक्ता बीमा योजना व सामूहिक स्वास्थ्य बीमा योजना भी लागू किया जाना चाहिए। अधिवक्ताओं पर हो रहे शोषण व अपराधिक कार्यों को रोका जाए इन्हीं बिंदुओं के साथ शुक्रवार को एक पत्रक जिलाधिकारी को सौंपा गया। इस दौरान जनपद इकाई के अध्यक्ष प्रकाश नाथ उपाध्याय ने कहा कि हमारी मांगे जायज है और सरकार व राज्यपाल को इस पर जल्द से जल्द विचार कर पूर्ण करना चाहिए।

### अमृत उद्यान का विधायक ने किया उद्घाटन

**राजगढ़।** अमृत उद्यान एवं अतिरिक्त कक्ष का मड़िहान विधायक रमाशंकर पटेल ने उद्घाटन किया। विकासखंड राजगढ़ के ग्राम पंचायत धनसरिया में नवनिर्मित पंचायत भवन के अतिरिक्त कक्ष, एवं अमृत उद्यान का लोकार्पण रमाशंकर पटेल विधायक मड़िहान विधानसभा के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। अमृत उद्यान में लगे हुए महापुरुषों बाबा भीमराव अंबेडकर, एवं सरदार वल्लभभाई पटेल के मूर्ति का भी अनावरण मुख्य अतिथि के कर कमलों द्वारा किया गया। मौके पर जिला मुख्य विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय, खंड विकास अधिकारी राजगढ़ रमाकांत, ग्राम प्रधान जन्मेजय सिंह, एडियो कोऑपरेटिव कपूरचंद, राजकुमार , संतोष, लवकुश, बाबू नंदन आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# स्पोर्ट्स

## पाकिस्तानी गेंदबाजों की बेइज्जती सुन तिलमिलाए शॉन टेट, रिपोर्टर के साथ हुई झड़प

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में पाकिस्तान टीम के गेंदबाज विकेट लेने में नाकाम रहे। इस टेस्ट मैच में मेजबान टीम की पेस बॉलिंग को लेकर लगातार सवाल किए जा रहे है। इसी बीच पाकिस्तान के बॉलिंग कोच शॉन टेट प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पत्रकारों पर भड़के हुए नजर आए। दरअसल, न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले जा रहे टेस्ट सीरीज में पाकिस्तान के तेज गेंदबाज नसीम शाह के अलावा कोई भी गेंदबाज कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाया। बता दें कि फ्लैट पिचों पर नसीम शाह ने दो टेस्ट मैच में 9 विकेट चटकाएं। जबकि सभी तेज गेंदबाज दो टेस्ट मैच में मिलकर 9 विकेट ही चटका पाए। जिससे ये साफ स्पष्ट होता है कि टेस्ट क्रिकेट में पाकिस्तान के तेज गेंदबाज विकेट लेने के लिए तरस रहे हैं।



# इंडिया-श्रीलंका टी20 सीरीज : निर्णायक मैच जीतने के लिए तेज गेंदबाजों और शीर्षक्रम पर भारत का फोकस

### राजकोट की पिच सपाट है और बल्लेबाजों की मददगार रहने की उम्मीद है...टॉस की भूमिका भी अहम होगी और दोनों कप्तान पहले गेंदबाजी करना पसंद करेंगे



**राजकोट।** श्रीलंका को शनिवार को निर्णायक तीसरे टी20 मैच में हराने के लिए भारतीय तेज गेंदबाजों और शीर्षक्रम के बल्लेबाजों को पिछले मैच की हार से उबरकर बेहतर प्रदर्शन करना होगा। पहले मैच में आखिरी गेंद पर जीत दर्ज करने के बाद भारतीय टीम दूसरे मैच में 16 रन से हार गई। युवा तेज गेंदबाजों का खराब प्रदर्शन हार का प्रमुख कारण रहा लेकिन उमरान मलिक और शिवम मावी को बखूबी पता है कि उन्हें इससे काफी कुछ सीखने को मिला है। उनकी खराब लाइन और लैंग्थ का श्रीलंकाई बल्लेबाजों ने बखूबी फायदा उठाया। चोटों से उबरकर टीम में लौटे बायें हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने अपने दो ओवरों में पांच नोबॉल डाली। वह पहले ओवर में लगातार तीन बार क्रीज से बाहर रहे और टी20 में नोबॉल की हैट्रिक लगाने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बने।

पहले मैच में शानदार पदार्पण करने वाले मावी और अर्शदीप दोनों ने काफी नोबॉल फेंकी। ऐसे में कप्तान हार्दिक पंड्या को स्पिनरों पर निर्भर रहना पड़ा। वैसे महज एक मैच में खराब प्रदर्शन की गाज युवाओं पर नहीं गिरेगी क्योंकि उन्हें अनुभव की जरूरत है। मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा, युवा खिलाड़ियों के कैरियर में इस तरह के मैच आयेंगे और हमें उनके साथ संयम बरतना होगा। लेकिन हमें समझना होगा कि ऐसा प्रदर्शन नहीं होना चाहिये। उन्होंने कहा ,वे सीख रहे हैं। यह कठिन है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सीखना आसान नहीं होता। हमें संयम से काम लेना होगा। बल्लेबाजी में शीर्ष क्रम एक बार फिर अच्छी शुरूआत देने में नाकाम रहा। शुभमन गिल लगातार दूसरी बार असफल रहे और अब राहुल त्रिपाठी की तरह ही वह कोई मौका बर्बाद नहीं करना चाहेंगे। त्रिपाठी भी अपने पहले मैच में नहीं चल सके। आधी टीम 60 रन के भीतर पवेलियन लौट चुकी थी जिसके बाद अक्षर पटेल और सूर्यकुमार यादव ने उम्दा बल्लेबाजी की।

अक्षर के रूप में भारत को रविंद्र जडेजा जैसा उपयोगी हरफनमौला मिल गया है। अपने कोर खिलाड़ियों को टीम और मौके देगी क्योंकि अब उसे विराट कोहली और रोहित शर्मा के दौर से इस प्रारूप में आगे निकलना है। निर्णायक मैच में टीम में किसी बदलाव की संभावना कम है। कोच द्रविड़ कह ही चुके हैं कि बहुत ज्यादा बदलाव उन्हें पसंद नहीं है। एशिया कप चैम्पियन श्रीलंका ने शानदार वापसी करके भारत के लिये खतरे की घंटी बजा दी है। उसे हालांकि मध्यक्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। राजकोट की पिच सपाट है और बल्लेबाजों की मददगार रहने की उम्मीद है। टॉस की भूमिका भी अहम होगी और दोनों कप्तान पहले गेंदबाजी करना पसंद करेंगे।

**भारतः** हार्दिक पंड्या (कप्तान), इशान किशन, रुतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, संजू सैमसन, वाशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, हर्षल पटेल, उमरान मलिक, शिवम मावी और मुकेश कुमार।

**श्रीलंकाः** दासुन शनाका (कप्तान), पाथुम निसंका, अविष्का फर्नांडो, सदीरा समरविक्रम, कुसाल मेंडिस, भानुका राजपक्षे, चरिथ असलंका, धनंजय डी सिल्वा, वानिंदु हसरंगा, एशेन बंडारा, महेश तीक्षणा, चमिका करुणारत्ने, दिलशान मदुशंका, कासुन राजिता, दुनिथ वेलालागे, प्रमोद मदुशान, लाहिरू कुमारा, नुवान तुषारा। समयः मैच शाम सात बजे शुरू होगा। *एजेंसी*

## विराट-अनुष्का ने नीम करोली बाबा के आश्रम में माथा टेका, बेटी वामिका भी नजर आई



विराट और अनुष्का की वृंदावन यात्रा का एक वीडियो सामने आया है। इसमें वे नीम करोली बाबा के आश्रम में माथा टेकते और श्रीहित प्रेमानंद गोविंद शरण जी महाराज से आशीर्वाद लेते नजर आ रहे हैं। इस दौरान बेटी वामिका अनुष्का की गोद में खेलती रही। विराट परिवार के साथ 4 जनवरी को यहां आए थे। वीडियो में दिख रहा है कि अनुष्का ने व्हाइट सूट, ब्लैक जैकेट, व्हाइट कैप, फ्लोरल स्कार्फ पहना है जबकि विराट ने ओलिव ग्रीन जैकेट, ब्लैक कैप और ट्राउजर। बेटी वामिका अनुष्का की गोद में बैठी दिख रही है। इस मौके पर आश्रम के लोगों ने अनुष्का को चुनरी ओढ़ाई और वामिका के गले में माला डाली। व्हाइट ड्रेस में वामिका बेहद क्यूट लग रही हैं। वामिका के इस वीडियो को देख फैंस काफी खुश हुए। एक यूजर ने कमेंट में लिखा, 'विराट और अनुष्का केली कुंज में श्रीहित प्रेमानंद गोविंद शरण महाराज के यहां गए थे और वहां वह पूरे सत्संग में शामिल रहे।'

## क्या अब टी20 मैच नहीं खेलेंगे विराट कोहली-रोहित शर्मा? कोच राहुल द्रविड़ ने दिया संकेत

### 'अगले टी20 विश्व कप के लिए बना रहे हैं टीम, युवाओं के साथ संयम की जरूरत'



**पुणे।** मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा है कि अगले टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम तैयार की जा रही है और ऐसे में युवा खिलाड़ियों को अनुभव दिये जाने की जरूरत है। द्रविड़ ने कहा कि श्रीलंका से दूसरे टी20 में मिली हार की एक अहम वजह खिलाड़ियों की अनुभवहीनता थी। उन्होंने कहा कि श्रीलंका के पास अनुभवी अंतिम एकादश थी जबकि भारत ने दो महीने पहले हुए टी20 विश्व कप की तुलना में बिल्कुल अलग टीम उतारी थी।

राहुल द्रविड़ ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ये युवा खिलाड़ी काफी हुनरमंद हैं लेकिन सीख रहे हैं। यह आसान नहीं है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सीखना आसान नहीं होता। हमें इनके साथ संयम से काम लेना होगा। उन्होंने कहा कि टीम अगले टी20 विश्व कप के लिए तैयार की जा रही है। उन्होंने विराट कोहली, रोहित शर्मा और केएल राहुल के लिए इस प्रारूप में दरवाजे बंद होने का संकेत देते हुए कहा कि युवाओं के साथ संयम से काम लेने की जरूरत है और टीम प्रबंधन को चाहिए कि उनका साथ देता रहे। उन्होंने कहा, हमने इस श्रृंखला से पहले आखिरी टी20 विश्व कप सेमीफाइनल इंग्लैंड के खिलाफ खेला था। उस टीम के तीन या चार खिलाड़ी ही मौजूदा टीम में है। हमारी नजरें अगले टी20 विश्व कप पर है और यह युवा टीम है। अब फोकस भारत में होने वाले वनडे विश्व कप पर है और द्रविड़ का मानना है कि अधिक से अधिक युवाओं को टी20 खेलने का मौका देने का यह सही समय है।

उन्होंने कहा, अच्छी बात यह है कि इस साल वनडे विश्व कप होना है। उस पर अधिक फोकस रहेगा। उसके बाद विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप है। ऐसे में टी20 मैचों में युवाओं को मौके दिये जा सकते हैं। भारत ने इस श्रृंखला में शिवम मावी, उमरान मलिक, शुभमन गिल और राहुल त्रिपाठी जैसे युवाओं को मौका दिया । द्रविड़ ने कहा उन्हें मौके देने के साथ उनका साथ देने की भी जरूरत है। हमें इनके साथ संयम से काम लेना होगा। हमें यह भी समझना होगा कि इस तरह के मैच आयेंगे ही ।

## वनडे विश्व कप में भी नजर नहीं आएंगे ऋषभ पंत, लंदन में हो सकती है लिंगामेंट सर्जरी



**नई दिल्ली।** सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज ऋषभ पंत इस साल वनडे विश्व कप में शायद ही खेलते नजर आएं। इसके अलावा वे इस साल सात और मेजर इवेंटस भी मिस कर करेंगें.। फिलहाल पंत को देहरादून से बुधवार को ही एयरएंबुलेंस से मुंबई शिप्ट किया गया है. जहां उनका इलाज कोकिलाबेन अस्पताल में डॉ. दिनेशा पारदीवाला की देखरेख में चल रहा है. लेकिन कहा ये भी जा रहा है कि पंत के आगे का इलाज लंदन में हो सकता है। बता दें कि पंत की चोंटें गंभीर हैं और जब तक वे पूरी तरह से फिट नहीं हो जाते उनकी वापसी के बारे में नहीं सोचा जा सकता है. इस लिहाज से पंत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप समेत सात बड़े इवेंट्स मिस करेंगें। सबसे पहले जनवरी फरवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज, मार्च- अप्रैल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज, अप्रैल और मई में आईपीएल, आईपीएल में पंत दिल्ली कैपिटल्स की टीम से खेलते हैं। जून में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (अगर भारत फाइनल में पहुंच पाता हे तो) , जुलाई में वेस्टइंडीज की धरती पर सीरीज, सितंबर में एशिया कप और इसके बाद अक्टूबर नवंबर में भारत में होने वाला वनडे विश्व कप भी मिस करेंगें।

# 'राष्ट्रीय टीमों में कोचिंग करना एक सुखद अनुभव' चेन्नई में पसीना बहाएंगी भारत की अंडर-20 महिला टीम



**नई दिल्ली।** सैफ चैंपियनशिप और एफसी महिला एशियाई क्वालीफायर मैचों के लिए भारत की अंडर-20 महिला टीम नवनियुक्त मुख्य कोच मेमोल रॉकी की देखरेख में यहां आयोजित प्रशिक्षण शिविर में पसीना बहाएगी। सैफ अंडर-20 चैंपियनशिप फरवरी और एफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप क्वालीफायर के मुकाबले मार्च में प्रस्तावित है जिसके लिये 35 खिलाड़ियों को चेन्नई में नौ जनवरी से होम गेम्स स्पोर्टस एरिना में शुरू हो रहे प्रशिक्षण शिविर में बुलाया गया है।

मेमोल ने कहा प्रशिक्षण शिविर के दौरान हर पल अंडर-20 लड़कियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण होने वाला है। टीम के लिए चयनित सभी लड़कियां सीनियर टीम का हिस्सा बनने की कगार पर हैं। इनमें से कुछ सीनियर टीम के लिए खेल भी चुकी हैं। हम अपने अनुभव का उपयोग टीम को सैफ और एशियाई स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम बनाना चाहते हैं। हमें इन लड़कियों को प्रशिक्षित करने के लियेलगभग एक महीने का समय मिल रहा है, जो उन्हें भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिये तैयार करने में मदद करेगा। सीनियर टीम की मुख्य कोच रहे चुकी भारत की पूर्व डिफेंडर मेमोल ने कहा एक बार फिर से राष्ट्रीय टीमों में कोचिंग करना एक सुखद अनुभव है। दिल में भारत का होना हमेशा एक सम्मान की बात है।ह्व भारतीय अंडर-20 टीम के लिये आयोजित प्रशिक्षण शिविर में शामिल 35 सदस्यीय दल में गोलकीपर के तौर पर तन्वी विजय मवानी, मोनालिसा देवी, अंजलि, हेमप्रिया सेराम, मेलोडी चानू कीशम हैं जबकि डिफेंडर के तौर पर पूर्णिमा कुमारी, शिल्की देवी हेमम, अस्तम उरांव, भूमिका, काजल, वार्शिका, ग्लेडिस, शुभांगी सिंह, निकिता जूडे, सनमीजा चानू को शामिल किया गया है। इसके अलावा मिडफील्डर के रूप में मार्टिना थोकचोम, पूनम, किरण, बबीना देवी लिशम, नीतू लिंडा, काजोल डिसूजा, तानिया कांटी, मधुमती, शैलजा, शेलिया अपनी प्रतिभा को चमकायेंगी। फारवर्ड में सुधा अंकिता, डेजी क्रास्टो, सुनीता मुंडा, अमीषा बक्सा, सुमति कुमारी, लिंडा कॉम सर्टो, अनीता कुमारी, नेहा, रेजिया देवी लैशराम, सोनाली सोरेन शामिल है।

***बेल्जियम की सफलता की कुंजी साबित होंगे अनुभवी खिलाड़ी : कोच हूवेल***

भुवनेश्वर। गत चैम्पियन बेल्जियम 13 जनवरी से शुरू हो रहे एफआईएच विश्व कप में अपने अनुभवी खिलाड़ियों के सहारे खिताब बरकरार रखने के इरादे से उतरेगा। मुख्य कोच माइकल वान डेन हूवेल ने कहा कि जॉन जॉन डोमैन जैसे 400 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके खिलाड़ियों की मौजूदगी से ओलंपिक चैम्पियन टीम को फायदा मिलेगा। बेल्जियम को ग्रुप बी में जर्मनी, जापान और कोरिया के साथ रखा गया है। उसका सामना 14 जनवरी को कोरिया से होगा। हूवेल ने कहा, ये सभी अनुभवी खिलाड़ी हैं और अपना खेल बखूबी जानते हैं। डोमैन यहां पहले भी खिताब जीत चुके हैं। इस बार कठिन हालात में भी उनकी मौजूदगी से टीम को फायदा मिलेगा। कप्तान फेलिक्स डेनायेर ने कहा, हम पूरी तरह से तैयार हैं। हमने स्पेन में अभ्यास शिविर में अपने सारे मैच जीते। टीम में आत्मविश्वास भरा हुआ है और हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे। हमें हालांकि पता है कि प्रतिस्पर्धा काफी कठिन है। हम काफी रोमांचित हैं। उन्होंने कहा कि आस्ट्रेलिया, नीदरलैंड और जर्मनी कठिन प्रतिद्वंद्वी हैं जबकि भारत को घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा, कई प्रबल दावेदार हैं। ऑस्ट्रेलिया है और नीदरलैंड भी है। जर्मनी मजबूत टीम है और भारत को उसकी धरती पर हराना कठिन होता है।

## पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने जय शाह पर लगाए थे आरोप, एशियन क्रिकेट काउंसिल ने दिया मुंहतोड़ जवाब




एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) ने गुरुवार (पांच जनवरी) को एसीसी कैलेंडर 2023-24 की घोषणा की थी। इसे पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन नजम सेठी ने एकतरफा करार दिया था। उन्होंने इसके लिए एसीसी के अध्यक्ष जय शाह की आलोचना भी की थी। इस पर एसीसी ने पलटवार किया है। उसने कहा है कि कैलेंडर दिसंबर 2022 को पाकिस्तान बोर्ड सहित सभी सदस्यों के साथ साझा किया गया था, लेकिन उनकी ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। हालांकि, कुछ अन्य सदस्यों ने कैलेंडर पर अपनी राय शेयर की थी। नजम सेठी ने जय शाह के ट्वीट को रिट्वीट करते हुए तंज कसा था। उन्होंने लिखा था, "एसीसी कैलेंडर 2023-24 को एकतरफा तरीके से पेश करने के लिए धन्यवाद जय शाह, विशेष रूप से एशिया कप 2023 में, जिसका मेजबान पाकिस्तान है। जब आप इससे जुड़े हैं, तो आप हमारे पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल 2023) का कैलेंडर भी पेश कर सकते हैं।" इसके जवाब में एसीसी ने अपने बयान में लिखा, ३हम यह बताना चाहते हैं कि कैलेंडर को 13 दिसंबर 2022 को हुई डेवलपमेंट व फाइनेंस और मार्केटिंग कमेटी की बैठक में मुहर लगने के बाद ही जारी किया गया था। इसे एसीसी के सभी सदस्यों को शेयर किया गया था और उनसे बात की गई थी। सभी सदस्य देशों को 22 दिसंबर 2022 को ईमेल भेजे गए थे। कई सदस्यों ने जवाब में अपने विचार भी भेजें, लेकिन पीसीबी ने कैलेंडर को लेकर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। नजम सेठी अगर यह कहते हैं कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है तो यह बेबुनियाद है।

## कपिल देव द लीजेंड : मां से मिली प्रेरणा, कप्तान बनने के बाद डरे हुए थे कपिल देव...फिर ऐसे साकार किया करोड़ों लोगों का सपना



नई दिल्ली। पूर्व भारतीय कप्तान और लीजेंड कपिल देव आज अपना 64वां जन्मदिन मना रहे हैं। कपिल देव का जन्म 6 जनवरी 1959 को चंडीगढ़ में हुआ था। कपिल देव आज भले ही क्रिकेट की दुनिया से दूर हैं। लेकिन ,उनके नेतृत्व में भारतीय टीम ने कुछ ऐसा कर दिखाया, जिसकी आज भी मिसाल दी जाती है। 1983 में कपिल की ही कप्तानी में भारत ने पहली बार विश्व चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया था। आज हर क्रिकेटर कपिल देव जैसा बनना चाहता है। एक कप्तान के तौर पर भी उन्होंने सिद्ध कर दिया था कि वे ऐसी टीम को विश्व चैंपियन बना सकते हैं, जिसके बारे में शायद किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। कपिल देव ने 1994 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। कपिल देव ने अपने करियर में 434 टेस्ट और 253 वनडे विकेट लिए हैं। इसके अलावा उन्होंने 131 टेस्ट मैचों में 5248 और 225 वनडे मैचों में 3783 रन भी बनाए हैं। मतलब कि कपिल देव ने 356 इंटरनेशनल मैच में 9031 रन बनाए हैं और 687 इंटरनेशनल विकेट झटके हैं। कपिल के नाम एक अनोखा रिकॉर्ड भी दर्ज है। एक कप्तान के रूप में एक पारी में सर्वश्रेष्ठ बॉलिंग फिगर की लिस्ट में कपिल सबसे ऊपर हैं। उन्होंने 1983 में वेस्टइंडी के खिलाफ एक पारी में 83 रन देकर नौ विकेट चटका दिए थे। कपिल को 1980 में अर्जुन अवॉर्ड, 1982 में पद्मश्री और 1991 में पद्म भूषण सम्मान मिला था। दिग्गज कपिल देव की अगुवाई में भारतीय क्रिकेट टीम ने 25 जून 1983 को पहली बार वर्ल्ड कप जीता था। उस समय भारतीय टीम को ज्यादा तवज्जों नहीं दी जाती थी। लेकिन वर्ल्ड कप फाइनल में दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज को मात देकर कपिल देव की टीम ने करोड़ों लोगों का सपना साकार किया था। इस ऐतिहासिक विश्व कप पर ह्र83ह्न नाम की फिल्म भी बनी, जिसमें उनका किरदार रणवीर सिंह ने निभाया है। कपिल देव का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर (1978-1994) 16 साल का रहा। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ वनडे से इंटरनेशनल क्रिकेट की शुरूआत की थी। यह मैच एक अक्टूबर 1978 को खेला गया था। इसी महीने 16 अक्टूबर को कपिल ने टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया। यह मैच पाकिस्तान के खिलाफ फैसलाबाद में हुआ था। इसके 16 साल बाद कपिल ने क्रिकेट को अलविदा कह दिया। उन्होंने अपना आखिरी वनडे मैच वेस्टइंडीज के खिलाफ अक्टूबर 1994 में खेला था। चंडीगढ़ में जन्मे कपिल देव रामलाल निखंज की सबसे बड़ी प्रेरणा उनकी मां थीं, जिन्होंने अपने बेटे को अभ्यास के लिए ग्राउंड पर भेजा और उनके खान-पान का विशेष ध्यान रखा। मां को क्या पता था कि उनका बेटा भारतीय क्रिकेट इतिहास का चेंजमेकर बनकर उभरेगा। कपिल देव बमुश्किल 14 साल के होंगे, जब उन्होंने डीएवी स्कूल के लिए खेलना शुरू किया था। दाएं हाथ के मध्यम गति के गेंदबाज ने देश प्रेम आजाद के मार्गदर्शन में क्रिकेट की बारिकियां सीखीं। 15 साल की उम्र में कपिल देव को बॉम्बे में एक लिव-इन कोचिंग कैंप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया, जिसका संचालन भारत के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर हेमू अधिकारी ने किया था। आखिरकार कपिल देव की मेहनत रंग लाई, जब उन्होंने 17 साल की उम्र में नवंबर 1975 में पंजाब के खिलाफ फर्स्ट क्लास डेब्यू किया। उस पदार्पण मुकाबले में कपिल देव ने छह विकेट चटकाकर हरियाणा को जीत दिलाने में अहम रोल अदा किया था। 1982-83 में श्रीलंका के खिलाफ खेले जाने वाले मैचों के लिए कपिल देव को भारतीय टीम का कप्तान बनाया गया। कपिल देव ने इस जिम्मेदारी को बखूबी निभाया, जिसके चलते उन्हें 1983 विश्व कप के लिए भी भारतीय टीम का कप्तान बनाए रखा गया। *एजेंसी*

## टी20 विश्व कप से पहले शिखा पांडे की भारतीय टीम में वापसी, कहा- 'सुखद आश्चर्य'



**नई दिल्ली।** भारत की अनुभवी तेज गेंदबाज शिखा पांडे को एक साल पहले अचानक से भारतीय महिला राष्ट्रीय क्रिकेट टीम से बाहर कर दिया गया था लेकिन अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप से पहले टीम में वापसी से पर उन्होंने 'सुखद आश्चर्य' हुआ है। इस 33 साल की खिलाड़ी ने भारत के लिए अपना पिछला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया दौरे पर अक्टूबर 2021 में खेला था। वह पिछले साल न्यूजीलैंड में खेले गए एकदिवसीय विश्व कप से पहले टीम की अहम सदस्य थी। ऐसे में टीम से अचानक बाहर होने से भारतीय वायुसेना की इस अधिकारी को झटका लगा था लेकिन इसका असर उनके घरेलू क्रिकेट के प्रदर्शन पर नहीं पड़ा। चयनकताओं ने टी20 विश्व कप के लिए अनुभव को तरजीह दी जिससे शिखा की टीम में वापसी हुई। शिखा ने कहा, मैं एक समय में एक ही दिन के बारे में सोचती हूं। कम अवधि के लक्ष्य बनाने से मुझे बहुत मदद मिली। प्रदर्शन करने का दबाव हमेशा होता है और मुझे उम्मीद है कि मैं इस बार बेहतर तरीके से तैयार हूं। उन्होंने कहा, मैंने इस सत्र में घरेलू सर्किट में अच्छा प्रदर्शन किया। मुझे क्षेत्रीय और चैलेंजर्स में अपने कोचों से बहुत सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। हाँ, मुझे सुखद आश्चर्य (टीम में वापसी पर) हुआ। शिखा ने इस सत्र में घरेलू क्रिकेट के गोवा का प्रतिनिधित्व करते हुए 16 मैचों में 13.45 के औसत से 20 विकेट चटकाये। शिखा भारतीय टीम के खिलाड़ियों के साथ बेंगलुरु में एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) में हैं और 11 जनवरी को दक्षिण अफ्रीका के लिए रवाना होंगी। विश्व कप से पहले भारत, वेस्टइंडीज और मेजबान दक्षिण अफ्रीका के बीच 19 जनवरी से त्रिकोणीय श्रृंखला का आयोजन होगा। शिखा ने कहा कि मुश्किल परिस्थितियों में परिवार के साथ गोवा टीम के उनके साथियों ने भी उनकी मदद की। उन्होंने कहा, मुझे अपनी राज्य टीम के लिए खेलना अच्छा लगाता है। यहां तक कि जब मैं अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रही थी तब भी मौका मिलने पर गोवा टीम के साथियों के साथ खेलती थी। उन्होंने कहा, टीम में मेरे कुछ करीबी दोस्त हैं। गोवा की टीम में कुछ शानदार खिलाड़ी है और मुझे उम्मीद है कि वे भविष्य में अच्छा करेंगे।

# 3 दिन में हाईकोर्ट के लिए 44 जजों के नाम पर लगेगी मुहर, केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को बताया

**सरकार कॉलेजियम द्वारा भेजे गये नामों पर विचार के लिए समय-सीमा का पालन करेगी, कॉलेजियम ने पिछले माह पांच न्यायाधीशों को शीर्ष अदालत में पदोन्नत करने की सरकार से सिफारिश की थी, इनमें राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पंकज मित्थल और पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजय करोल के नाम भी शामिल**



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट को अवगत कराया कि वह संवैधानिक अदालत के न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम द्वारा भेजे गये नामों पर विचार के लिए समय-सीमा का पालन करेगी। इसने शीर्ष अदालत को यह भी बताया कि कॉलेजियम की ओर से भेजे गये 44 नामों पर दो-तीन दिन के भीतर निर्णय ले लिया जाएगा। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणि ने शीर्ष अदालत को बताया कि उच्च न्यायालयों के कॉलेजियम की ओर से सरकार को भेजे गये 104 नामों में से 44 पर इस सप्ताहांत निर्णय ले लिया जाएगा और इसकी सूची शीर्ष अदालत को भेज दी जाएगी। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति अभय एस. ओका की पीठ ने कॉलेजियम द्वारा भेजे गये उन पांच नामों की स्थिति के बारे में भी वेंकटरमणि से जानना चाहा, जिन्हें शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के तौर पर पदोन्नत किया जाना है। अटॉर्नी जनरल ने पीठ से कहा, श्रीमान क्या इसे कुछ समय के लिए टाल सकेंगे? मुझे कुछ जानकारियां दी गयी हैं, लेकिन मेरा मत उस पर थोड़ा भिन्न है। इसके बाद पीठ ने कहा, जहां तक पांच न्यायाधीशों को इस अदालत में पदोन्नत करने की सिफारिश का मसला है, अटॉर्नी जनरल ने थोड़ा वक्त मांगा है क्योंकि वह इस मामले पर विचार कर रहे हैं। पीठ ने कहा, अटॉर्नी जनरल ने निवेदन किया है कि उन्हें यह निर्देश है कि सरकार संबंधित फैसले में उल्लेखित समय-सीमा का पालन करेगी। उन्होंने दलील दी है कि उच्च न्यायालयों के कॉलेजियम की ओर से भेजे गये 104 नामों में से 44 पर निर्णय लिये जाने की और इस सप्ताहांत शीर्ष अदालत को भेजे जाने की संभावना है। शीर्ष अदालत ने इसके बाद मामले की सुनवाई तीन फरवरी के लिए स्थगित कर दी।

न्यायालय संवैधानिक अदालतों में न्यायाधीशों की नियुक्तियों के लिए कॉलेजियम द्वारा भेजे गये नामों पर निर्णय लेने में कथित तौर पर केंद्र सरकार की ओर से की जाने वाली देरी के मामले में सुनवाई कर रहा था। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने पिछले माह पांच न्यायाधीशों को शीर्ष अदालत में पदोन्नत करने की सरकार से सिफारिश की थी। इनमें राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पंकज मित्थल और पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजय करोल के नाम भी शामिल हैं।

## रद्द किया संजय राउत के खिलाफ गैर-जमानती वारंट

**मुंबई।** मुंबई की एक अदालत ने भारतीय जनता पार्टी के नेता किरीट सोमैया की पत्नी मेधा सोमैया की मानहानि की एक शिकायत की सुनवाई में भाग न लेने के लिए शिवसेना नेता संजय राउत के खिलाफ जारी गैर-जमानती वारंट शुक्रवार को रद्द कर दिया। राउत अदालत में पेश हुए, जिसके बाद वारंट रद्द कर दिया गया। इससे पहले जब मामले पर सुनवाई शुरू हुई तो राउत के वकील ने राज्यसभा सदस्य को व्यक्तिगत पेशी से छूट देने का आग्रह किया, लेकिन शिवड़ी के मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट ने याचिका खारिज कर दी और पहले आदेश दिए जाने के बावजूद अदालत में पेश न होने के लिए राउत के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया। अदालत ने मामले में शुक्रवार को शिकायतकर्ता के बयान दर्ज करने शुरू किए। राउत अदालत में पेश हुए, जिसके बाद अदालत ने वारंट रद्द कर दिया। मामले पर अगली सुनवाई 24 जनवरी को होगी। सोमैया ने कहा कि राउत ने निराधार और अपमानजनक आरोप लगाए कि उन्होंने और उनके पति ने सार्वजनिक शौचालय के निर्माण और देखरेख में 100 करोड़ का घोटाला किया।

## महिलाओं की बेहतर सेहत की जिम्मेदारी केवल उनकी नहीं, परिवारों की भी है : विद्या बालन



**कोलकाता।** जानी मानी अभिनेत्री विद्या बालन ने महिलाओं से अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरुक रहने की अपील की, साथ ही कहा कि महिलाओं का स्वास्थ्य बेहतर हो इसकी जिम्मेदारी केवल उन पर ही नहीं डाली जानी चाहिए बल्कि उनके परिवारों को भी इसका ध्यान रखना चाहिए। विद्या बालन कोलकाता में 'ऑल इंडिया कांग्रेस ऑफ ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनोकोलॉजी' के 65वें सत्र को संबोधित कर रह थीं। उन्होंने कहा कि महिला को पहचान देने में उसके शरीर का अहम योगदान होता है, लेकिन तब भी हम उस शरीर का धयान नहीं रखते। हम उसकी इच्छाएं और जरूरतों को नहीं समझते। हम उसका पूरा ध्यान नहीं रखते। प्रत्येक महिला को अपना ध्यान रखना चाहिए। अभिनेत्री ने कहा कि महिला के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी केवल उसकी ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार की है। उन्होंने कहा कि हम महिलाओं की सेहत के बारे में बात करते हैं, लेकिन इसकी जिम्मेदारी केवल उसकी अकेले की नहीं है। परिवारों को अपने घरों की महिलाओं के स्वास्थ्य में निवेश करना चाहिए। अगर हम प्रगतिशील और सफल राष्ट्र बनना चाहते हैं तो हमें महिलाओं के स्वास्थ्य पर निवेश करना होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा और जागरुकता से समाज में काफी बदलाव आ रहा है लेकिन अभी भी, काफी कुछ किया जाना बाकी है। विद्या बालन के मुताबिक, महिलाएं स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याओं को लेकर झिझकती हैं और अगर उनके परिवार के लोग उन्हें स्त्री रोग विशेषज्ञ के पास लेकर जाएं तो वे भी उनके स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को समझ सकते हैं।

## खास खबर

### सोनिया की सेहत में हो रहा है सुधारः सर गंगाराम अस्पताल

**नई दिल्ली।** वायरल श्वसन संक्रमण के कारण सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की सेहत में सुधार हो रहा है। अस्पताल ने यह जानकारी दी है। सर गंगाराम अस्पताल की ओर से जारी बयान में कहा गया है, वायरल श्वसन संक्रमण के बाद भर्ती कराई गईं सोनिया गांधी की हालत स्थिर है और उनकी सेहत में धीरे-धीरे सुधार भी हो रहा है। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष 76 वर्षीय सोनिया गांधी को वायरल श्वसन संक्रमण के कारण बुधवार को गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में भर्ती कराने के समय सोनिया गांधी की पुत्री प्रियंका गांधी वाद्रा उनके साथ थीं।

### मुख्यमंत्री योगी ने जयराम ठाकुर को जन्मदिन की दी बधाई

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु की प्रार्थना की। सीएम योगी ने ट्वीट कर लिखा, ह्लदेवभूमि हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री जयराम ठाकुर जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। माता कांगड़ा देवी से आपके लिए उत्तम स्वास्थ्य एवं सुयशपूर्ण जीवन की प्रार्थना है।

### साइन सिटी के सीएमडी राशिद के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस

लखनऊ। साइन सिटी के निदेशक राशिद नसीम के खिलाफ ईओडब्ल्यू (आर्थिक अपराध शाखा) के सिफारिस पर सीबीआई ने रेड कॉर्नर नोटिस जारी कर किया। बता दें कि राशिद नसीम पर करोड़ों रुपए के घोटले का आरोपी है। राशिद नसीम प्लाट और विभिन्न लुभावनी योजनाओं के नाम पर तमाम लोगों से 60 हजार करोड़ की ठगी के आरोपित है। राशिद के खिलाफ सिर्फ गोमतीनगर कोतवाली में ही 400 से अधिक ठगी के मुकदमे दर्ज हैं।

## श्रीसम्मेद शिखरजी मामले में अनशन कर कर रहे एक और जैन मुनि का निधन

**शिखरजी को पर्यटन स्थल घोषित करने के झारखंड सरकार के फैसले के खिलाफ अनशन पर थे**




**जयपुर।** श्री सम्मेद शिखरजी को पर्यटन स्थल घोषित करने के झारखंड सरकार के फैसले के खिलाफ अनशन कर रहे एक और जैन मुनि का शुक्रवार को जयपुर में निधन हो गया। राजस्थान जैन सभा के अध्यक्ष सुभाष चंद्र जैन ने बताया कि समर्थ सागर (74) पांच दिन से अनशन पर थे और शुक्रवार तड़के करीब दो बजे उनका निधन हो गया। यह मुनि जयपुर के सांगानेर इलाके में संघीजी मंदिर में अनशन कर रहे थे।

सुभाष चंद्र जैन ने कहा, झारखंड सरकार के फैसले के विरोध में अनशन करते हुए महाराज समर्थ सागर का निधन हो गया। मंगलवार को सुज्ञेयसागर महाराज (72) का संघीजी मंदिर में निधन हो गया था। वह भी झारखंड सरकार के फैसले के खिलाफ अनशन पर थे। झारखंड के गिरिडीह जिले में पारसनाथ पहाड़ी पर स्थित सम्मेद शिखरजी जैन समुदाय का सबसे बड़ा तीर्थस्थल है। जैन धर्मावलम्बी पारसनाथ पहाड़ी को पर्यटन स्थल के रूप में नामित करने वाली झारखंड सरकार की 2019 की अधिसूचना को रद्द करने की मांग कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने बृहस्पतिवार को झारखंड में जैनियों के धार्मिक स्थल सम्मेद शिखरजी से संबंधित पारसनाथ पहाड़ी पर सभी प्रकार की पर्यटन गतिविधियों पर रोक लगा दी और झारखंड सरकार को इसकी शुचिता अक्षुण्ण रखने के लिए तत्काल सभी जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिये।

## ओमप्रकाश दे रहे 10 रुपये में तीन साल की गारंटी

**लखनऊ।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रमुख ओमप्रकाश राजभर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इसमें पार्टी की सदस्यता लेने पर ओपी राजभर पार्टी के सदस्यों की सुरक्षा के लिए तीन साल तक गारंटी, वारंटी देने का दावा करते नजर आ रहे हैं। वायरल वीडियो लोगों के बीच सुर्खियां बटोर रहा है। इसमें 10 रुपये की सदस्यता शुल्क देकर पार्टी के सदस्यों को सुरक्षा देने का दावा किया जा रहा। ओपी राजभर वीडियो में आगे कह रहे हैं, अगर हम नहीं आ पाए तो हम गारंटी लेते हैं कि हमारा नेता जिला अध्यक्ष, प्रदेश का नेता, ब्लॉक अध्यक्ष, विधानसभा अध्यक्ष या हमारा कोई न कोई नेता आपके सुख दुख में आएगा। वायरल हो रही ओपी राजभर की यह वीडियो बलिया जिले के रसड़ा पार्टी कार्यालय की है। ओपी राजभर ने कहा, 3 साल की गारंटी और वारंटी ले रहे हैं। आपके यहां कोई मुसीबत होगी थाना, ब्लॉक, जिला की या आपके यहां कोई दुख होगा, सुख होगा हम बिना पैसा लिए आपके दरवाजे आएंगे। आपकी पूरी मदद करेंगे। लेकिन हम 3 साल की गारंटी ले रहें हैं, आपको सिर्फ हमारी एक रसीद लेनी होगी जिसका मूल्य मात्र 10 रुपए है।

# राम मंदिर के निर्माण पूरा होने की तारीख की घोषणा साधु-संतों को करनी चाहिए, शाह को नहीं: खरगे

**गृह मंत्री अमित शाह की घोषणा को लेकर उन पर निशाना साधा**



**पानीपत (हरियाणा)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का काम अगले साल एक जनवरी तक पूरा होने की गृह मंत्री अमित शाह की घोषणा को लेकर उन पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को सवाल किया कि क्या शाह राम मंदिर के पुजारी हैं जो वह ऐसी घोषणा कर रहे हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी घोषणा साधु-संतों को करनी चाहिए और गृह मंत्री के तौर पर शाह का जो कर्तव्य है उन्हें उस पर ध्यान देना चाहिए। खरगे कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के तहत आयोजित यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए यह आरोप लगाया कि भाजपा द्वारा लालच देकर और जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करके चुनी हुई सरकारों को अस्थिर किया जा रहा है। उन्होंने यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा, राहुल गांधी का धैर्य और साहस देखकर सबको अचंभा हुआ है। हम तो राहुल गांधी को दिल्ली में देखते थे...ये राहुल अलग निकले। उन्होंने कन्याकुमारी से पदयात्रा शुरू की और हर मौसम का सामना करके चलते रहे। मैं इसके लिए उन्हें बधाई देता हूं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, राहुल गांधी जी की लड़ाई महंगाई के खिलाफ, बेरोजगारी के खिलाफ है।

वह युवाओं के लिए रास्ते पर आकर लड़ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया, मोदी जी जबसे प्रधानमंत्री बने हैं, अमित शाह जबसे गृह मंत्री बने हैं तबसे सिर्फ चुनाव के चक्कर में पड़े रहते हैं...वे दूसरे राजनीतिक दलों में तोड़फोड़ करते हैं। ईडी और दूसरी एजेंसियों का दुरुपयोग करते हैं। खरगे ने दावा किया, भाजपा ने कुछ राज्यों में कांग्रेस के लोगों को पैसे का लाचल देकर या फिर ईडी का डर दिखाकर अपने साथ लिया और सरकारें गिराई। उन्होंने कटाक्ष किया, ये लोग चुनी हुई सरकारें गिराते हैं और फिर कहते हैं कि ये लोग लोकतंत्र में विश्वास करते हैं। खरगे ने कहा, शायद ही कोई प्रधानमंत्री और गृह मंत्री इतना झूठ बोला हो। ये झूठों के सरदार हैं। इन्होंने कहा कि हम दो करोड़ युवाओं को नौकर देंगे। क्या नौकरी दी? 15-15 लाख रुपये देने का वादा किया था। क्या 15 लाख रुपये मिला? उन्होंने गृह मंत्री के बयान का उल्लेख करते हुए कहा, सब लोग भगवान में आस्था रखते हैं। लेकिन आप क्यों घोषणा करते हैं? मई (2004) में चुनाव हैं तो कहते हैं कि जनवरी में राम मंदिर का उद्घाटन होगा। क्या आप राम मंदिर के पुजारी हैं, क्या महंत हैं? साधु संतों को बोलने दीजिए। आपका काम देश की सुरक्षा करना, लोगों की सुरक्षा करना, लोगों का पेट भरना और किसानों को उचित दाम देना है। कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि शाह और भाजपा के लोग चुनावी वादों को चुनाव के बाद जुमला करार देते हैं। उन्होंने आरोप लगाया, इनके मुख में राम बगल में छुरी है। ये छुरी लेकर घूम रहे हैं, समाज को बांट रहे हैं, जाति, जाति और धर्म, धर्म के बीच झगड़ा लगा रहे हैं। उन्होंने कहा, इसीलिए राहुल गांधी यह पदयात्रा निकाल रहे हैं। यह यात्रा वोटों के लिए नहीं है, ये देशहित के लिए है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चुनावी राज्य त्रिपुरा में बृहस्पतिवार को एक रैली में कहा था कि अगले साल एक जनवरी तक अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन कर तैयार हो जायेगा । कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोलते हुये शाह ने कहा था, राहुल बाबा सुनिये, एक जनवरी 2024 तक भव्य राम मंदिर बन कर तैयार हो जायेगा। *एजेंसी*

## इमरान ने पीएम शहबाज शरीफ समेत तीन पर लगाया अपनी हत्या की साजिश रचने का आरोप

**सशक्त निकाय से किया जांच का आग्रह**



**लाहौर।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, गृहमंत्री राणा सनाउल्लाह और सेना की ब्लैक सीप पर उनकी हत्या की साजिश रचने और उसे अंजाम देने का आरोप लगाते हुए सशक्त निकाय से जांच का आग्रह किया है। खान ने गुरुवार को अपने जमान पार्क निवास से वीडियो कांफ्रेंस के जरिए अपने सम्बोधन में पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश से एक मजबूत जांच दल का समर्थन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि वह जिन पर आरोप लगा रहे वे वर्तमान में शीर्ष पदों पर आसीन हैं और उन्हें न्याय नहीं मिलने देंगे। पूर्व प्रधानमंत्री ने वजीराबाद में उन पर हुए हमले की जांच कर रहे पैनल के बारे में कहा, संयुक्त जांच दल (जेआईटी) के कामकाज में बाधा पैदा करने के बाद मुझे न्याय मिलने के कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। खान ने कुछ शक्तिशाली लोगों पर सवाल उठाते हुए कहा कि पीएमएल-एन के सर्वोच्च नेता नवाज शरीफ, प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ जिनके बारे में उन्होंने आरोप लगाये हैं वे अतिरिक्त-न्यायिक हत्याओं के लिए भी जाने जाते हैं और गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह उनकी हत्या की साजिश में लिप्त थे। उन्होंने अफसोस जताते हुए कहा, यह बहुत गंभीर और चिंताजनक बात है कि देश के रक्षक साजिश में शामिल हो गए हैं। सूचना मंत्री मरियम औरंगजेब ने कल कहा कि इमरान खान की विनाशकारी नीतियों से देश की अर्थव्यवस्था चौपट हो गयी है। औरंगजेब ने एक संवाददाता सम्मेलन में पीटीआई अध्यक्ष की लाचारी की कहानी को झूठ का पुलिंदा कहकर पूरी तरह से खारिज कर दिया।

## मेघालय हाईकोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक, सीमा विवाद से जुड़े मामले पर जताई हैरानी

**अंतरराज्यीय सीमा समझौते पर रोक: असम, मेघालय ने किया शीर्ष अदालत का रुख**




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार (6 जनवरी) को असम-मेघालय के बीच सीमा विवाद के निस्तारण के लिए दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों द्वारा हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर मेघालय हाईकोर्ट के स्थगनादेश के निष्पादन पर रोक लगा दी। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला की पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और असम एवं मेघालय की ओर से पेश वकीलों की दलीलों का संज्ञान लिया और उच्च न्यायालय के स्थगनादेश पर रोक लगा दी। पीठ ने इन दलीलों का संज्ञान लिया कि इस एमओयू के दायरे में लाये गये कुछ क्षेत्र पुराने सीमा विवाद के कारण लाभों से वंचित रहे हैं, साथ ही इस समझौते से दोनों राज्यों के बीच सीमा में कोई बदलाव नहीं हुआ है। पीठ ने विभिन्न आधार पर एमओयू के निष्पादन के खिलाफ हाईकोर्ट का रुख करने वाले चार मूल याचिकाकताओं को भी नोटिस जारी किये। इन्होंने जिस आधार पर एमओयू को चुनौती दी थी, उनमें संविधान के अनुच्छेद-तीन का उल्लंघन भी शामिल है। अनुच्छेद 3 संसद को नये राज्यों के गठन और मौजूदा राज्यों की सीमाओं में परिवर्तन से संबंधित कानून बनाने का अधिकार देता है। इससे पहले, शीर्ष अदालत ने मेघालय हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई पर सहमति जताई थी। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, हम इस पर सुनवाई करेंगे। कृपया याचिका की तीन प्रतियां सौंपें। मेघालय हाईकोर्ट की एक एकल पीठ ने असम और मेघालय के मुख्यमंत्रियों द्वारा हस्ताक्षरित एक अंतरराज्यीय सीमा समझौते के तहत जमीन पर भौतिक सीमांकन या सीमा चौकियों के निर्माण पर गत वर्ष नौ दिसंबर को अंतरिम रोक लगा दी थी। इसके बाद हाईकोर्ट की खंडपीठ ने मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था, जिस कारण दोनों राज्यों ने शीर्ष अदालत का रुख किया। मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के. संगमा और असम के उनके समकक्ष हिमंत बिश्व शर्मा ने दोनों राज्यों के बीच अक्सर तनाव उत्पन्न करने वाले 12 विवादित क्षेत्रों में से कम से कम छह के सीमांकन के लिए पिछले साल 29 मार्च को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे।

## मध्य प्रदेश के रीवा में प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त, एक पायलट की मौत, एक घायल

**मंदिर के गुंबद से टकराने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया**



**रीवा।** मध्य प्रदेश में रीवा हवाई पट्टी के पास एक प्रशिक्षण विमान मंदिर के गुंबद से टकराने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हादसे में विमान में सवार प्रशिक्षक पायलट की मौत हो गई, जबकि एक प्रशिक्षु पायलट घायल हो गया। चोरहटा पुलिस थाना प्रभारी जेपी पटेल ने बताया कि प्रक्षिक्षण विमान गुरुवार देर रात लगभग 11.30 बजे रीवा चोरहटा हवाई पट्टी से उड़ान भरने के बाद तीन किलोमीटर दूर एक मंदिर के गुंबद और पेड़ से टकराने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वहीं, रीवा के जिलाधिकारी मनोज पुष्प ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया कि प्रशिक्षण विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार पटना (बिहार) निवासी कैप्टन विमल कुमार (50) की दुखद मौत हो गई, जबकि जयपुर (राजस्थान) का रहने वाला प्रशिक्षु पायलट सोनू यादव (23) घायल हो गया। चोरहटा पुलिस थाना प्रभारी पटेल ने बताया कि हादसे में घायल सोनू यादव को रीवा के संजय गांधी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

# अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में तैनात हुआ 'HMS Tamar', जल्द भारतीय सेना के साथ करेगा ट्रेनिंग

**5,500 से ज्यादा माइलेज, समुद्री डोमेन जागरूकता प्रयास को और मजबूत करने का एक बेहतरीन मौका**



**नई दिल्ली।** यूके रॉयल नेवी का गश्ती पोत 'एचएमएस तामार' इंडो पैसिफिक क्षेत्र में अपनी तैनाती के लिए आज अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के लिए रवाना हो गया है। अगले पांच दिनों में जहाज और इसके चालक भारतीय नौसेना के साथ मिलकर क्षमता प्रदर्शन और समुद्री अभ्यास करेंगे।

एचएमएस तामार ड्रग-तस्करों और कई तरह की चीजों की तस्करी को रोकने से लेकर ब्रिटेन के क्षेत्रीय जल की रक्षा करने और आपदा के मद्देनजर मानवीय सहायता प्रदान करने तक कई तरह की भूमिकाएं निभाता है। इस जहाज ने रॉयल मरीन कमांडो के साथ बोर्ड और सर्च ऑपरेशन पर काम करने के लिए बड़े पैमाने पर प्रशिक्षण भी लिया है। इसका रेंज 5,500 से भी ज्यादा माइलेज का है।

***भारतीय नौसेना के साथ जुड़ना बेहद मूल्यवान***

'एचएमएस तामार' इंडो-पैसिफिक में स्थायी तैनात पर दो रॉयल नेवी जहाजों में से एक है। इस जहाज के मिल जाने से समुद्री डोमेन जागरूकता प्रयास को और मजबूत करने का एक बेहतरीन मौका मिला है। इस मौके पर फर्स्ट सी लॉर्ड, एडमिरल सर बेन की ने हिंद महासागर में अपनी पहली बार नौकायन के दौरान कहा, मुझे खुशी है कि 'एचएमएस तामार' इस सप्ताह अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का दौरा कर रही हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि यहां के लोगों से जुड़ना और भारतीय नौसेना के साथ ट्रेनिंग करने का अवसर मिला है जो कि बेहद मूल्यवान है।

आपको बता दें, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन लगातार भड़काने वाली हकरतें करता रहता है। जिनसे सैन्य शत्रुता की आशंका बढ़ गई है और चीन के क्षेत्रीय संबंध लगातार खराब हो रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, भारत, दक्षिण कोरिया और जापान सहित हिंद-प्रशांत के ज्यादातर देश चीन की आक्रामक रवैये से नाराज है। चीन छोटे देशों की समुद्री सीमाओं का उल्लंघन करता आया है। वैश्विक स्तर पर चीन को लेकर यह धारणा प्रबल हुई है कि वह अपना वर्चस्व कायम रखने के लिए सैन्य ताकत से दूसरे देशों की संप्रभुता व सीमाओं का दमन करता है।


## भारत ने बुलाया 120 से अधिक दक्षिणी देशों का वैश्विक सम्मेलन

**नई दिल्ली।** भारत आगामी 12 और 13 जनवरी को विश्व भर के 120 से अधिक दक्षिणी देशों के पहले सम्मेलन का वर्चुअल माध्यम से आयोजन करने जा रहा है जिसमें ऊर्जा एवं मानव केन्द्रित आर्थिक विकास को लेकर इन विकासशील देशों की चिंताओं, चुनौतियों, हितों एवं प्राथमिकताओं के बारे में विचार मंथन होगा जिसके निष्कर्ष का जी-20 के एजेंडे पर भी प्रभाव पड़ने की संभावना है। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि दक्षिणी देशों की आवाज का यह वैश्विक सम्मेलन या वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट भारत की एक अनूठी पहल है तथा इसका आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास एवं सबका प्रयास के विजन तथा वसुधैव कुटुम्बकम के मंत्र के आधार पर किया जा रहा है।



**कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा हरियाणा में अपने दूसरे चरण के पहले दिन शुक्रवार सुबह यहां से फिर से शुरू हुई। राहुल गांधी की अगुवाई वाली इस यात्रा ने उत्तर प्रदेश से बृहस्पतिवार शाम को हरियाणा में फिर से प्रवेश किया। रात्रि विश्राम के बाद यात्रा पानीपत में कुराड़ से फिर से शुरू हुई। पार्टी ने बताया कि यात्रा के फिर से शुरू होने पर सामाजिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र के नेताओं ने राहुल गांधी के साथ पदयात्रा की।**


सेंसेक्स
सेंसेक्स 452 अंकों की गिरावट के साथ 59,900 के स्तर पर बंद


सोना
24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत 55584 रुपये

# शेयर बाजार में आज लोगों के 2.17 लाख करोड़ डूबे

## सेंसेक्स 452 अंक लुढ़ककर हुआ बंद

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार में हफ्ते के पांचवें और आखिरी कारोबारी दिन, यानी शुक्रवार (6 जनवरी) को गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 452 अंकों की गिरावट के साथ 59,900 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 132 अंक गिरकर 17,859 के स्तर पर आ गया। बाजार में लगातार तीसरे दिन यह गिरावट आई है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 26 में गिरावट रही। वहीं सिर्फ 4 शेयरों में तेजी देखने को मिली।

जेएसडब्ल्यू स्टील, टीसीएस, इंडसइंड बैंक, बजाज फिनसर्व, टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, कोल इंडिया और कोटक बैंक समेत निफ्टी के 39 शेयरों में गिरावट रही। वहीं ब्रिटानिया, रिलायंस, एम&एम, बीपीसीएल, ओएनजीसी, नेस्ले इंडिया, बजाज ऑटो और आईटीसी समेत निफ्टी के 11 शेयरों में तेजी देखने को मिली।




एनएसई के 11 सेक्टोरल इंडेक्स में से 10 में गिरावट रही। आईटी सेक्टर में सबसे ज्यादा 2% की गिरावट देखने को मिली। बैंक, ऑटो, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा, पीएसयू मीडिया और मेटल सेक्टर में भी गिरावट रही। सिर्फ एफएमसीजी सेक्टर में मामूली तेजी देखने को मिली।

*गुरुवार को भी गिरकर बंद हुआ था बाजार*

इससे पहले शेयर बाजार में गुरुवार (5 जनवरी) को भी गिरावट देखने को मिली थी। सेंसेक्स 304 अंक गिरकर 60,353 के स्तर पर बंद हुआ था। निफ्टी 51 अंक की गिरावट के साथ 17,992 के स्तर पर आ गया था।

शुक्रवार को हालांकि हरे निशान में ओपनिंग के बाद शुरूआती कारोबार में बाजार लाल निशान पर जाता नजर आया। बाजार में पावरग्रिड, आईटीसी और नेस्ले इंडिया जैसे शेयरों में मजबूती दिख रही है। वहीं दूसरी ओर बजाज फिनसर्व, टीसीएस, बजाज फाइनेंस जैसे शेयरों में कमजोरी है। डॉलर इंडेक्स एक बार फिर 105 के पार पहुंच गया है। इसके मुकाबले रुपया सपाट ढंग से 82.55 अंकों के लेवल पर खुला है। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन बाजार में उतार-चढ़ाव दिख रहा है। सेंसेक्स और निफ्टी बेंचमार्क लाल और हरे निशान के बीच झूलते नजर आ रहे हैं। बाजार में पीएसयू बैंक इंडेक्स में सबसे ज्यादा गिरावट नजर आ रही है। वहीं दूसरी ओर आईडीबीआई बैंक के शेयरों में 4% का उछाल दिख रहा है।

## सोने की कीमत 55 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के पार



भारतीय सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने और चांदी के दाम में कमी देखने को मिली है। सोने की कीमत 55 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के पार बन गई है। वहीं, चांदी का भाव 68 हजार रुपये प्रति किलो से कम हो गया है। राष्ट्रीय स्तर पर 999 शुद्धता वाले 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत 55584 रुपये है, जबकि 999 शुद्धता वाली चांदी 67591 रुपया की है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, गुरुवार की शाम को 24 कैरेट का शुद्ध सोना 55796 रुपये प्रति 10 ग्राम था जो आज सुबह 55584 रुपये तक आ गया है। इसी तरह शुद्धता के आधार पर सोना और चांदी दोनों सस्ते हुए हैं। आधिकारिक वेबसाइट के मुताबिक, आज सुबह 995 प्योरिटी वाले दस ग्राम सोने के दाम कम होकर 55361 रुपये पहुंच गए हैं। वहीं, 916 शुद्धता वाला सोना आज 50915 रुपये का हो गया है। इसके अलावा, 750 प्योरिटी वाले सोने के दाम कम होकर 41688 रुपये पर आ गए हैं। वहीं, 585 प्योरिटी वाला गोल्ड आज 32517 रुपये में आ गया है। इसके अलावा, 999 प्योरिटी वाली एक किलो चांदी आज 67591 रुपये की हो गई है।

## विमान में किसी भी अभद्र घटना को करें सूचित: एयर इंडिया



**नई दिल्ली।** एअर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) कैंपबेल विल्सन ने कर्मचारियों से कहा है कि उड़ान में किसी भी अनुचित व्यवहार की तुरंत जानकारी दें, भले ही ऐसा प्रतीत क्यों न हो कि मामला निपट गया है। एअर इंडिया के एक विमान में पेशाब किए जाने के मामले को लेकर मचे बवाल के बाद एयरलाइन कर्मचारियों के साथ एक आंतरिक संवाद में उन्होंने कहा, प्रभावित यात्री की पीड़ा को हम पूरी तरह से समझते हैं। उन्होंने कहा कि बात जितनी बताई गई थी उससे कहीं अधिक पेचीदा है, स्पष्ट रूप से इससे सबक लेना चाहिए। विल्सन ने कहा कि सबसे जरूरी यह है कि अगर विमान में इस स्तर का अनुचित व्यवहार किया गया है, तो हमें जितनी जल्दी हो अधिकारियों को इसकी जानकारी देनी चाहिए, चाहे यह प्रतीत क्यों न होता हो कि उसमें शामिल पक्षों ने मामला निपटा लिया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया था कि एअर इंडिया की न्यूयॉर्क-दिल्ली उड़ान में 26 नवंबर को हुई आश्चर्यजनक घटना के 10 दिन बाद पेरिस-दिल्ली उड़ान में भी शराब के नशे में धुत पुरुष यात्री द्वारा महिला यात्री के कंबल पर पेशाब करने का मामला सामने आया था, लेकिन आरोपी के लिखित रूप से माफी मांगने के बाद उसके खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की गई। अधिकारियों ने बताया कि घटना छह दिसंबर को एअर इंडिया की उड़ान संख्या 142 में हुई और विमान के पायलट ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) को इस मामले की जानकारी दी थी, जिसके बाद यात्री को हिरासत में ले लिया गया था।

## वर्चुअल स्टोर फ्लिपकार्ट ग्रीन की शुरुआत

**बेंगलुरू।** देश के स्वदेशी ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने आज अपने ऐप पर लाखों स्थायी उत्पादों को एक साथ लाकर खास वर्चुअल स्टोर फ्लिपकार्ट ग्रीन की शुरुआत की ताकि पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली अपनाने की कोशिश कर रहे ग्राहकों को सेवाएं दी जा सकें। फ्लिपकार्ट ग्रीन का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर मान्यता पा चुके स्थायी उत्पाद और उनसे जुड़ी जानकारी स्थायी ब्रैंड्स और उत्पाद तलाश रहे ग्राहकों तक पहुंचाना है। शुरुआत में 40 से ज्यादा ब्रैंड्स के फैशन, ब्यूटी और मेकअप, ग्रूमिंग, हैल्थकेयर, खानपान, घरेलू और जीवनशैली से जुड़े उत्पादों की व्यापक रेंज ग्राहकों के लिए उपलब्ध कराई जा रही है इसके अलावा, हेल्थकेयर, खानपान, खेल एवं फिटनेस, खिलौने, स्टेशनरी, इलैक्ट्रॉनिक्स और एप्लायंस समेत कई अन्य श्रेणियों के नए उत्पाद भी ग्राहकों को उपलब्ध कराए जाएंगे। फ्लिपकार्ट ग्रीन के बारे में अमितेश झा सीनियर वाइस प्रेसिडेंट कैटेगरी एंड मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने कहा फ्लिपकार्ट में हम स्थायित्व को व्यापक दृष्टिकोण के तौर पर देखते हैं जिसमें पर्यावरण, व्यक्ति और समाज सभी कुछ शामिल है।

## एयरलाइंस के लिए डीजीसीए की एडवाइजरी, हुड़दंगी यात्रियों पर कार्रवाई न करने से हवाई यात्रा की छवि हो रही धूमिल

### विमानों में यात्रियों को लेकर हुई हालिया घटनाक्रम पर सभी एयरलाइन्स संचालन प्रमुखों को एडवाइजरी जारी किया

**नई दिल्ली।** डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने शुक्रवार को विमानों में यात्रियों को लेकर हुई हालिया घटनाक्रम पर सभी एयरलाइन्स संचालन प्रमुखों को एडवाइजरी जारी किया है। डीजीसीए ने उड़ानों में हुड़दंगी यात्रियों को संभालने और विनियमों के अनुसार, संबंधित जिम्मेदारियों के संबंध में सभी एयरलाइन्स संचालन प्रमुखों को एडवाइजरी जारी किया। उन्होंने कहा कि एयरलाइन्स द्वारा हुड़दंगी यात्रियों पर कार्रवाई न करने से हवाई यात्रा की छवि खराब हुई है। डीजीसीए ने कहा कि विमान में अशोभनीय व्यवहार करने वाले यात्रियों के खिलाफ अगर एयरलाइन्स कार्रवाई नहीं करती है तो फिर उसके खिलाफ डीजीसीए कदम उठाएगा। मालूम हो कि हाल ही में एयर इंडिया की एक उड़ान में सी-फ्लायर पर पेशाब करने वाले एक यात्री को लेकर व्यापक नाराजगी के मद्देनजर यह परामर्श जारी किया गया है। एडवाइजरी जारी करते हुए डीजीसीए ने कहा, 'हाल के दिनों में महानिदेशालय ने उड़ान के दौरान विमान में यात्रियों द्वारा अशोभनीय व्यवहार और अनुचित आचरण की कुछ घटनाओं पर ध्यान दिया है, जिसमें यह देखा गया है कि पोस्ट होल्डर्स, पायलट और केबिन क्रू सदस्य उचित कार्रवाई करने में विफल रहे हैं।' डीजीसीए ने कहा कि उड़ान के दौरान इस तरह की अप्रिय घटनाओं के प्रति एयरलाइन्स द्वारा कार्रवाई न किए जाने की घटना ने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में हवाई यात्रा की छवि को धूमिल किया है। इससे पहले, गुरुवार को डीजीसीए ने एयर इंडिया के अधिकारियों और न्यूयॉर्क-दिल्ली उड़ान के चालक दल को नोटिस जारी कर पूछा था कि 26 नवंबर की पेशाब करने की घटना को लेकर ड्यूटी में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की जानी चाहिए।



## शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया में बढ़त, 82.47 पर आया

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार में तेजी से शुक्रवार को शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 15 पैसे की बढ़त के साथ 82.47 पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और विदेशों में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती की वजह से रुपए की बढ़त सीमित रही।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 82.52 पर खुला, फिर कुछ और बढ़त के साथ 82.47 पर आ गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 15 पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया बृहस्पतिवार को 82.62 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 प्रतिशत चढ़कर 105.07 पर आ गया। वैश्विक तेल सूचकांक ब्रेंट क्रूड वायदा 1.22 फीसदी बढ़कर 79.65 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था।

## 7 जनवरी को रजत शर्मा शो आप की अदालत में एशिया के सबसे अमीर उद्योगपति गौतम अडानी की पेशी

**नई दिल्ली।** 7 जनवरी शनिवार की रात टेलीविजन के दर्शक नए साल पर एक बार फिर रजत शर्मा शो आप की अदालत का बेसब्री से इंतजार करने वाले हैं जिसकी हॉट सीट पर होंगे दुनिया के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति गौतम अडानी। गौतम अडानी टीवी की दुनिया में बेमिसाल रजत शर्मा के सवालों का जवाब देंगे। सबसे लंबे समय तक चले इस टीवी शो के नए एपिसोड के साथ रजत शर्मा की वापसी बहुत दिलचस्प होने वाली है। अडानी आमतौर पर टीवी इंटरव्यू देने से बचते हैं हालांकि बतौर गेस्ट इस शो में शिरकत करने की हामी भर दी है। वे अपने कॉर्पोरेट ग्रुप से जुड़े विवादों को लेकर रजत शर्मा के तमाम पेचीदा सवालों के जवाब देंगे। अडानी अपने प्रतिद्वंद्वियों और विपक्षी नेताओं के आरोपों का जवाब कैसे देंगे इसको लेकर डी-डे नजदीक आने के साथ यह शो सामाजिक चर्चा की सुर्खियों में है। नए एपिसोड में दर्शकों की दिलचस्पी



लगातार बढ़ रही है। रजत शर्मा ने पिछले महीने दर्शकों से देश के दिग्गजों के नाम देने को कहा था जिन्हें वे आप की अदालत के नए एपिसोड में देखना चाहते हैं और इस सूची में सबसे ऊपर गौतम अडानी का नाम था। कई अन्य नामचीन हस्तियों के नाम शामिल हैं जो आने वाले सप्ताह में ह्याआप की अदालतह्व के नए एपिसोड में दर्शकों से रू-ब-रू होंगी। दर्शकों की इस इच्छा सूची में चोटी के क्रिकेटर, राजनेता, धर्मगुरु और भारतीय सिनेमा के सुपरस्टार शामिल हैं। आप की अदालत की शुरुआत 1993 में की गई थी। अब तक इसके कटघरे में 1,000 से अधिक नामचीन हस्तियों को खड़ा किया गया है।

## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल ने सूर्यकुमार यादव को नया डिजिटल-प्रथम अभियान शुरू करने के लिए साइन किया

**नई दिल्ली।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के साथ 360 डिग्री वित्तीय सुरक्षा शुरू करने के लिए दुनिया के शीर्ष टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव के साथ साझेदारी की घोषणा की। अभियान का मुख्य संदेश यह है कि कैसे आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस चौतरफा जीवन कवर प्रदान करने वाले सुरक्षा उत्पादों का एक व्यापक सूट प्रदान करता है जो विश्वास, निर्भरता और स्थिरता के साथ किसी भी महत्वपूर्ण स्थिति में 360 डिग्री वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है।

अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण के बाद से, सूर्यकुमार यादव सफेद गेंद के प्रारूप में सबसे सुसंगत और भरोसेमंद बल्लेबाजों में से एक के रूप में तेजी से उभरे हैं। बहुआयामी बल्लेबाज को मिस्टर 360 डिग्री के रूप में जाना जाता है, क्योंकि वह मैदान के हर इंच को कवर करने वाले अपने विस्तृत शॉट्स के लिए प्रसिद्ध है।

## रिलायंस की लोटस चॉकलेट में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए खुली पेशकश

**नई दिल्ली।** रिलायंस समूह की दो कंपनियों - रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरसीपीएल) और रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड (आरआरवीएल) ने लोटस चॉकलेट में 26 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी हासिल करने के लिए खुली पेशकश की है। डीएएम कैपिटल ने एक नोटिस में कहा कि दोनों कंपनियां खुले बाजार से 115.50 रुपये प्रति शेयर की तय कीमत पर लोटस चॉकलेट के 33.38 लाख शेयरों का अधिग्रहण करेंगी। शेयर बाजारों को बृहस्पतिवार को दी जानकारी के मुताबिक प्रस्ताव पूरी तरह स्वीकृत होने पर पेशकश का कुल आकार 38.56 करोड़ रुपये होगा। सार्वजनिक नोटिस में कहा गया कि



खुली पेशकश 21 फरवरी से शुरू होकर छह मार्च तक चलेगी। लोटस चॉकलेट के शेयर बृहस्पतिवार को 149.35 रुपये के भाव पर बंद हुए थे। आरसीपीएल, आरआरवीएल की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। पिछले हफ्ते आरसीपीएल ने लोटस की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी के 51 प्रतिशत हिस्से के अधिग्रहण की घोषणा की थी। इसके बाद यह खुली पेशकश की गई।

## टाटा स्टील को इंडिया वर्कप्लेस इक्वालिटी इंडेक्स 2022 द्वारा 'गोल्ड' नियोक्ता के रूप में मान्यता दी गई

**नई दिल्ली।** टाटा स्टील को इंडिया वर्कप्लेस इक्वेलिटी इंडेक्स (आईडब्ल्यूईआई) 2022 द्वारा लगातार दूसरे वर्ष गोल्ड नियोक्ता के रूप में मान्यता दी गई है। गोल्ड अवार्ड विजेता का सम्मान उन नियोक्ताओं को दिया जाता है जिन्होंने एलजीबीटी+ समावेशन को सफलतापूर्वक अपनी नीतियों, नियुक्ति प्रक्रियाओं, बाहरी संचार में शामिल किया है, साथ ही छ्ब्लॉ समावेशन के प्रति दीर्घकालिक और गहन प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है। जया सिंह पांडा, चीफ डाइवर्सिटी ऑफिसर, टाटा स्टील ने प्रद्यश्री पुरस्कार से सम्मानित मंजम्मा जोगाथी, एक कलाकार और सांस्कृतिक हस्ती से यह पुरस्कार प्राप्त किया। टाटा स्टील ने लगातार दूसरे वर्ष इ्ग्लोडह रिकग्निशन रैंकिंग में जगह बनाई है। इससे पहले, कंपनी को 2021 में इ्ग्लोबलह एम्प्लॉयर रिकग्निशन और 2020 में सिल्वर एम्प्लॉयर रिकॉग्निशन प्राप्त हुई थी, जिस वर्ष यह प्रतिष्ठित रैंकिंग



स्थापित की गई थी। अत्रेयी सान्याल, वाइस प्रेसिडेंट, एचआरएम, टाटा स्टील ने कहा कि, हम लगातार दूसरे साल इ्गोल्डह एंप्लॉयर रिकग्निशन पाकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। टाटा स्टील, 2025 तक 25% विविधता प्राप्त करने के अपने लक्ष्य के साथ, भारत में इस्पात और विनिर्माण क्षेत्र में सक्रिय रूप से एक समावेशी कार्यस्थल के निर्माण की दिशा में अग्रणी रही है जो बिना किसी पूर्वाग्रह के, शून्य सहिष्णुता के साथ अपनी मानव पूंजी के मूल्य को पहचानती है, और प्रतिभा की संस्कृति को बढ़ावा देती है। हम कल के समावेशी कार्यस्थल के निर्माण के लिए लोगों, प्रक्रियाओं और सहायक पारिस्थितिकी तंत्र में निवेश करना जारी रखेंगे। आईडब्ल्यूईआई 2022 में अधिकतम 100 में से 75 के स्कोर के साथ, टाटा स्टील देश के उन गिने-चुने अग्रणी नियोक्ताओं में से एक है, जिन्हें गोल्ड नियोक्ता का दर्जा मिला है। कंपनी एकमात्र स्टील निर्माता भी है और आईडब्ल्यूईआई के नवीनतम संस्करण में उच्चतम संभव रैंकिंग प्राप्त करने वाली कुछ विनिर्माण कंपनियों में से एक है। टाटा स्टील अपने डी एंड आई विजन के लिए प्रतिबद्ध है: टाटा स्टील को सही मायने में एक विश्व स्तरीय संगठन बनाना, जो एक बड़े टैलेंट पूल तक पहुंच बनाकर व्यवसाय में प्रतिस्पर्धी होने के लिए एक विविध और समावेशी माहौल बनाने के लिए कर्मचारियों की विशिष्टता का सम्मान करती है। 2015 के बाद से टाटा स्टील की टैलेंट हायरिंग और रिटेंशन प्रयासों को एक विविध और समावेशी कार्यस्थल बनाने के लिए मोजेक में समाहित किया गया है।

## मर्सिडीज-बेंज ने भारत में सर्वाधिक सेल्स का रिकॉर्ड बनाया, लगातार आठ सालों से भारत में लग्जरी कार बाजार में सबसे आगे

**पुणे।** भारत के सबसे बड़े लग्जरी कार ब्रांड, मर्सिडीज-बेंज ने भारत में एक कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक सेल करने का कीर्तिमान बनाया है। सेल के इस ऐतिहासिक प्रदर्शन के साथ मर्सिडीज-बेंज लगातार आठ सालों से देश के लग्जरी कार सेगमेंट का नेतृत्व कर रही है। साल 2022 में मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने सर्वश्रेष्ठ साल और सर्वश्रेष्ठ चैथी तिमाही का कीर्तिमान बनाते हुए जनवरी से दिसंबर 2022 की अवधि में ग्राहकों को 15,822 नई कारें सौंपीं, और 41 प्रतिशत की मजबूत साल-दर-साल वृद्धि दर्ज की (2021 में 11,242 यूनिट से 41 प्रतिशत ज्यादा)। यह वृद्धि महामारी के कारण उत्पन्न हुई बाधाओं और वैश्विक सप्लाई चेन में आई रुकावट के बावजूद प्राप्त हुई है, जिससे अपने मौजूदा ग्राहकों को बनाए रखने और नए ग्राहक बनाने की ब्रांड की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। सफलतापूर्वक नए उत्पाद पेश करने, ईक्यूएस सहित फ्लैगशिप उत्पादों की असेंबली स्थानीय स्तर पर करने और रिटेल ऑफ द फ्यूचर बिजनेस मॉडल के लगातार सफल होने के साथ मर्सिडीज-बेंज इंडिया हर तिमाही में सेल के मामले में बेहतरीन प्रदर्शन कर रही है, और भारतीय लग्जरी ऑटो सेगमेंट में अपने बाजार अंश का विस्तार कर रही है। 2023 के उद्देश्यवाक्य, डिजायर फॉर द एक्स्ट्राऑर्डिनरी के साथ मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने भारत में एएमजी अवतार में पहली कैब्रियोलेट, मर्सिडीज-एएमजी ई53 4मैटिक$ कैब्रियोलेट का लॉन्च करके अपने उत्पादों का विस्तार शुरू किया। नए एएमजी ई 53 कैब्रियोलेट से भारतीय उपभोक्ताओं की उनकी भावनाओं से जुड़ा अत्यधिक अपेक्षित उत्पाद प्रदान करने का मर्सिडीज-बेंज का उद्देश्य प्रदर्शित होता है। यह कार एक्सक्लुसिविटी और स्पोर्टीनेस का बेहतरीन मिश्रण है, और एएमजी के समान शानदार ड्राइविंग का अनुभव प्रदान करती है। मर्सिडीज-बेंज इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, संतोष अय्यर ने कहा, ह्यहमें बड़े उत्साह के साथ घोषणा कर रहे हैं कि साल 2022 हमारे लिए अब तक का सर्वश्रेष्ठ साल रहा, क्योंकि इस साल पहले के मुकाबले ज्यादा ग्राहकों ने मर्सिडीज-बेंज वाहन खरीदा। यह शानदार वृद्धि सप्लाई में निरंतर आई बाधाओं के बावजूद नए उत्पादों, उत्पादन के मामले में सर्वश्रेष्ठ साल, आरओडीएफ की सफलता, हमारे फ्रैंचाइजी पार्टनर्स के सहयोग और हमारे ग्राहकों के भरोसे के बूते संभव हुई। सेल्स में वृद्धि के अलावा, हमने ईक्यूएस 580 4मैटिक की असेंबली स्थानीय स्तर पर कराकर भारत में इलेक्ट्रिफिकेशन के रोडमैप पर एक अमिट छाप छोड़ी है, और अपने फास्ट चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तार किया है। *एजेंसी*



## संक्षेप

### 9 जनवरी को भारत के 242 जिलों में आयोजित होगा प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला

**नई दिल्ली।** स्किल इंडिया मिशन द्वारा भारत के युवाओं के करियर अवसरों को बढ़ावा देने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के तहत, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) 9 जनवरी, 2023 को भारत के 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 242 जिलों में प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेले (पीएमएनएएम) आयोजित करेगा। भारतीय युवाओं को अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग के माध्यम से अपने करियर को आकार देने के सही अवसर देने के लिए कई स्थानीय व्यवसायों और संगठनों को इस अप्रेन्टिसशिप मेले का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह मेला विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाली कई कंपनियों की भागीदारी का साक्षी बनेगा। भाग लेने वाले संगठनों के पास एक ही प्लेटफॉर्म पर संभावित अप्रेन्टिसों से मिलने और आवेदकों को ऑन द स्पॉट चुनने का अवसर मिलेगा। इससे युवाओं को अपनी आजीविका को मजबूत करने और नए कौशल सीखने का अवसर मिलेगा। मेले के निकटतम स्थान का पता लगाया जा सकता है। वे उम्मीदवार जो 5वीं से 12वीं पास हैं और जिनके पास स्किल ट्रेनिंग सर्टिफिकेट है, या वे आईटीआई डिप्लोमा होल्डर या ग्रेजुएट हैं, वे इस अप्रेन्टिसशिप मेले में आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवारों को अपने रिज्यूमे की तीन प्रतियां, सभी मार्कशीट और सर्टिफिकेट की तीन प्रतियां, फोटो पहचान पत्र (आधार कार्ड / ड्राइविंग लाइसेंस आदि) और तीन पासपोर्ट आकार के फोटो संबंधित स्थानों पर ले जाने होंगे। जो पहले से ही नामांकित हैं, उनसे अनुरोध किया गया है कि वे सभी जरूरी दस्तावेजों के साथ उपयुक्त स्थान पर पहुंचें। इस मेले के माध्यम से, उम्मीदवार ट्रेनिंग सेशन्स के बाद अपनी रोजगार क्षमता दर में सुधार के लिए नेशनल काउन्सिल फॉर वोकेशनल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग (एनसीवीईटी) से मान्यता प्राप्त सर्टिफिकेट भी प्राप्त करेंगे।

### एक्सिस क्रिसिल आईबीएक्स 50:50 गिल्ट प्लस एसडीएल जून 2028 इंडेक्स फंड' लॉन्च किया

**मुंबई।** भारत के सबसे तेजी से बढ़ते फंड हाउसों में से एक, एक्सिस म्यूचुअल फंड ने अपना नया फंड ऑफर झ एक्सिस क्रिसिल आईबीएक्स 50: 50 गिल्ट प्लस एसडीएल जून 2028 इंडेक्स फंड को लॉन्च किया है।यह क्रिसिल आईबीएक्स 50: 50 गिल्ट प्लस एसडीएल इंडेक्स झ जून 2028 के घटकों में निवेश करने वाला ओपन-एंडेड टार्गेट मैच्योरिटी इंडेक्स फंड है; यह अपेक्षाकृत उच्च ब्याज दर जोखिम और अपेक्षतया कम क्रेडिट जोखिम वाला फंड है। यह फंड क्रिसिल आईबीएक्स 50:50 गिल्ट प्लस एसडीएल इंडेक्स झ जून 2028 को ट्रैक करेगा। इस स्कीम के फंड मैनेजर कौस्तुभ सुले और हार्दिक शाह हैं। इसमें न्यूनतम निवेश राशि 5,000 रुपये और इसके बाद 1/- रु. के गुणकों में है और इसमें कोई निकास शुल्क लागू नहीं है।एनएफओ के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, एक्सिस एएमसी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, चंद्रेश निगम ने कहा, वर्तमान लाभ वक्र मध्यम से दीर्घकालिक निवेश अवधि वाले निवेशकों को भौतिक अवसर प्रदान करता है। 'जिम्मेदार निवेश' में विश्वास करने वाले एक फंड हाउस के रूप में, हमारा मानना है कि एक्सिस क्रिसिल आईबीएक्स 50:50 गिल्ट प्लस एसडीएल जून 2028 इंडेक्स फंड निवेशक के निष्क्रिय ऋण पोर्टफोलियो में महत्वपूर्ण ऐड-ऑन होगा। पैसिव फंड के रूप में, इस उत्पाद का उद्देश्य प्रतिष्ठित सूचकांक प्रदाताओं द्वारा बनाए गए, निर्दिष्ट सूचकांक का अनुसरण करना है। इसके अलावा, लक्ष्य परिपक्वता रणनीतियों की 'परिपक्वता तक होल्ड रखने' की प्रकृति का उद्देश्य उन निवेशकों के लिए अवधि जोखिम को कम करना है जो पोर्टफोलियो अवधि के दौरान अपना निवेश बनाए रखते हैं।इ नया फंड ऑफर (एनएफओ) 05 जनवरी, 2023 से 16 जनवरी, 2023 तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुल रहा है।

### स्कोडा ऑटो इंडिया ने 2023 में कंपनी के विकास को तेजी देने की योजना बनाई

**नयी दिल्ली।** 2022 स्कोडा ऑटो इंडिया ने 2022 में अपना सबसे बड़ा वर्ष हासिल करने के बाद 2023 में तेज रफ्तार से विकास करने का एजेंडा स्पष्ट रूप से तय किया है कंपनी ने 2021 की तुलना में 2022 में कारों की पहले ही दोगुनी से ज्यादा सालाना बिक्री की है 2022 में स्कोडा ऑटो इंडिया ने 53,721 कारों की बिक्री की और पिछले साल की तुलना में 125फीसदी की सालाना बढ़ोतरी दर्ज की। 2023 में कार निमार्ता कंपनी की योजना कई प्रॉडक्ट्स को लॉन्च करने की है कंपनी ने अपने नेटवर्क के विस्तार की योजना बनाई है। कंपनी ने 2023 के अपने एजेंडे में कंपनी के विकास को केंद्र में रखा है 2023 में स्कोडा ऑटो इंडिया दहाई अंकों में विकास दर्ज करेगी। कंपनी भारत में अपने नेटवर्क का विस्तार करेगी और इसकी योजना देश के कई नए शहरों में प्रवेश करने की है। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रैंड डायरेक्टर पेट्र सॉल्क ने कहा हम भारत में पहली बार 50 हजार कारों की बिक्री का आंकड़ा पार कर बेहद खुश हैं। 2022 में स्कोडा की 53,721 कारों की बिक्री हुई हमने 2021 की तुलना में 2022 में अपनी कारों की दोगुनी बिक्री की है। हमारी क्षेत्रीय और राष्ट्रीय मौजूदगी लगातार बढ़ रही है। इस सभी कारकों ने 2022 को वास्तव में कंपनी के लिए सभी मोर्चों पर बड़ा साल बना दिया। 2023 में हम ज्यादा से ज्यादा प्रॉडक्ट्स लॉन्च कर विकास की तेज रफ्तार का रास्ता बनाएंगे। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हमारे इंडिया 2.0 के प्रॉडक्ट्स अच्छी तरह स्थापित हो, उससे धीरे-धीरे हमारे नेटवर्क का विस्तार हो। इसी के साथ हमारी नजर ग्राहकों की संतुष्टि पर है। हमारा आईसीई और ईवी दोनों के साथ अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करने की रणनीति पर गहराई से ध्यान होगा। स्कोडा कुशाक और स्कोडा स्लाविया कंपनी के विस्तार अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं कुछ महीनों पहले इंडिया 2.0 की रणनीति के तहत कंपनी के पहले प्रॉडक्ट स्कोडा कुशाक एसयूवी ने नवीनतम ग्लोबल न्यू कार एसेसमेंट प्रोग्राम (जीएनसीएपी) क्रैश टेस्ट में पूर्ण 5 स्टार रेटिंग अर्जित की है। इससे स्कोडा भारत की सबसे सुरक्षित कार बन गई है।

### लैक्ट्रिक्स एलएक्सएस स्मार्ट स्कूटर 1999 की ईएमआई पर होगा उपलब्ध

**नई दिल्ली।** सार ग्रुप की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी शाखा लेक्ट्रिक्स ईवी ने कई फाइनैंस कंपनियों के साथ साझेदारी की है, जिसके तहत उपभोक्ता मात्र रु 1999 की मासिक ईएमआई पर लैक्ट्रिक्स एलएक्सएस स्मार्ट इलेक्ट्रिक स्कूटर खरीद सकते हैं। ईवी निमार्ता ने जानी-मानी फाइनैंसिंग कंपनियों जैसे आईडीएफसी बैंक, रेवफिन सिक्योरिटिज, श्रीराम फाइनैंस, एडुवुवेंज और लोन टैप के साथ साझेदारी की है। आसान फाइनैंस सुविधाएं उपलब्ध कराने के अलावा ये कंपनियां लोन के लिए तुरंत अनुमोदन देंगी। खासतौर पर दूसरे एवं तीसरे स्तर के शहरों में उपभोक्ताओं के लिए ईवी की खरीद को आसान बनाना इन साझेदारियों का मुख्य उद्देश्य है, जहां बैंकों से ऑटो लोन (वाहन ऋण) बहुत मुश्किल प्रक्रिया होती है। लैक्ट्रिक्स ईवी द्वारा घोषित इन आसान फाइनैंस योजनाओं के साथ उपभोक्ता एलएक्सएस इलेक्ट्रिक स्कूटर की कीमत का 85 फीसदी तक ऋण बहुत कम ब्याज दरों पर पा सकते हैं। इस घोषणा पर बात करते हुए श्री विली चेनगप्पा, वाइस प्रेजीडेंट-सेल्स एण्ड मार्केटिंग, लैक्ट्रिक्स ईवी ने कहा, नए वाहन की खरीद के लिए लोन लेना अक्सर बहुत मुश्किल होता है, खासतौर पर दूसरे एवं तीसरे स्तर के शहरों में उपभोक्ताओं को आसानी से ऋण नहीं मिल पाता। अपनी आसान फाइनैंस योजनाओं के माध्यम से हम चाहते हैं कि उनके लिए वाहन ऋण लेना आसान हो जाए और वे मात्र रु 1999 की ईएमआई पर भी एलएक्सएस इलेक्ट्रिक स्कूटर खरीद सकें। हमने ऋण के लिए तुरंत अनुमोदन के साथ पूरी प्रक्रिया को आसान बनाने का प्रयास किया है। लैक्ट्रिक्स ईवी, उपभोक्ता-उन्मुख कंपनी है। हम हमेशा यह सुनिश्चित करने का प्रयास करते हैं कि वाहन की बुकिंग से लेकर उनकी परिवहन संबंधी जरूरतों तक, हम उन्हें संतोषजनक अनुभव प्रदान करें। हमारे फाइनैंस साझेदार आसान फाइनैंस योजनाओं के साथ ऋण की प्रक्रिया को बेहद आसान बना देंगे और उपभोक्ता बहुत कम मासिक ईएमआई पर आसानी से वाहन खरीद सकेंगे। उन्होंने कहा लैक्ट्रिक्स एलएक्सएस एक कनेक्टेड इलेक्ट्रिक स्कूटर है जो फेम एवं राज्य सब्सिडी के बाद रु 74,999 की कीमत (एक्स-शोरूम, दिल्ली) पर उपलब्ध है।

# ग्राम चौपाल में बीडीओ ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**दिया आश्वासन**

छह विकास खण्डों के एक दर्जन गांवों में लगी चौपाल

ग्राम पंचायत सचिवालय महजूदा में आयोजित हुआ ग्राम चौपाल



जनसंदेश न्यूज

**ज्ञानपुर।** जिलाधिकारी गौरांग राठी के मार्गदर्शन व नेतृत्व में शुक्रवार को प्रत्येक विकासखंड के दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल (गांव की समस्या, गांव में समाधान) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जनसामान्य की शिकायतों व समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया।

सुरियावां विकास खंड के महजूदा गांव में खण्ड विकास अधिकारी कमलजीत सिंह व जिला पंचायत सदस्य चन्द्र भूषण त्रिपाठी ने ग्रामीणों की शिकायतें सुनी। ज्यादातर शिकायतों का त्वरित निस्तारण कर दिया गया। एडीओ पंचायत राजनाथ ने गत वर्ष में गाँव में कराये गये कार्यों की चर्चा की। ग्राम चौपाल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य चंद्रभूषण त्रिपाठी ने बताया कि शासन की मंशा के अनुसार ग्रामीणों की समस्याओं को गाँव में ही समाधान करने व सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

जिपं सदस्य श्री त्रिपाठी ने कहा कि ग्राम सभा महजूदा के विकास के लिए धन की कमी नही होने दी जायेगी। ज्ञानपुर के बैराखास में व पुरेरजा में उपायुक्त स्वतः रोजगार अभोली व भीखमापुर उपायुक्त श्रम रोजगार व औराई के हरिनारायण महथुआ में जिला समाज कल्याण अधिकारी व डीघ के सागररायपुर कुलमनपुर में जिला पंचायत राज अधिकारी के नेतृत्व में ग्राम चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं का गाँव में ही निराकरण किया गया।

महजूदा ग्राम चौपाल में एडीओ एसटी अशोक कुमार पांडेय, जेई एमआइ श्रीकांत यादव, ग्राम प्रधान राजमणि पांडेय, ग्राम प्रधान विमिलेश चन्द्र यादव, ग्राम पंचायत सचिव मनोज कुमार मौर्य आदि लोग मौजूद रहे।

## मनोज पाण्डेय बने प्रधान संघ डीघ के अध्यक्ष

**ज्ञानपुर।** अखिल भारतीय पंचायत परिषद के जिलाध्यक्ष यशवंत सिंह यादव ने विकास खंड डीघ के ग्राम पंचायत प्रयागदासपुर के ग्राम प्रधान मनोज कुमार पाण्डेय को प्रधान संघ डीघ का अध्यक्ष नियुक्त किया है। ग्राम पंचायत सचिवालय प्रयागदासपुर में आयोजित डीघ के ग्राम प्रधानों की बैठक में प्रधानों ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए मनोज कुमार के नाम पर मुहर लगाई। इसके बाद उन्हें अध्यक्ष घोषित कर दिया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष यशवंत सिंह यादव ने कहा कि ग्राम पंचायतों की 40 फीसदी धनराशि की कटौती गांवों के विकास के लिए बड़ी चुनौती बन चुकी है। इसके साथ ग्राम प्रधानों के शोषण पर चिंता जताई और शोषण के खिलाफ जंग का शंखनाद किया गया। नवनियुक्त डीघ ब्लाक अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि डीघ के सभी प्रधानों को एकजुट कर भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई जाएगी। बैठक में नवनियुक्त डीघ ब्लाक अध्यक्ष मनोज पाण्डेय और जिलाध्यक्ष का माल्यार्पण कर प्रधानों ने स्वागत किया। बैठक में शामिल प्रधानों में रामधनी उपाध्याय रमेश, रामनारायण, छविनाथ, कंचन, कड़ेदीन, भरतलाल, विकास, पंकज पांडेय, सतीश, बाले, रतनेन्द, जयप्रकाश आदि कई प्रधान व ग्रामीण मौजूद रहे।

# सुप्रीम कोर्ट के आदेश से सपा का षड़यंत्र विफल : सांसद

जनसंदेश न्यूज

**ज्ञानपुर।** भाजपा सत्ता को व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन और विकास की दौड़ में पिछड़ गए लोगों के उत्थान और उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने हेतु साधन के रूप में देखती है। उन्होंने माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा उत्तर प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के संबंध में किये गए निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि माननीय न्यायालय के आदेश से समाजवादी पार्टी का षड़यंत्र विफल हो गया है। यह बातें शुक्रवार को भाजपा कार्यालय में सांसद रमेश चंद्र बिंद ने कही।

उन्होंने कहा कि भाजपा और भाजपा सरकार पिछड़े वर्ग के साथ ही समाज के सभी वर्गों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। अपने शासनकाल में सपा-बसपा कांग्रेस ने पिछड़े, दलितों, शोषित, पीड़ित, वंचितों का वोट तो लिया लेकिन इनके लिए कुछ नहीं किया। सपा-बसपा कांग्रेस ने भ्रम फैलाकर इनको छलने का काम किया है। सांसद ने कहा कि समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने पिछड़ा वर्ग के सहयोग से सत्ता प्राप्त की लेकिन सत्ता का लाभ सिर्फ कुनबे तथा उनके कुछ चहेते लोगो तक ही सीमित रहा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी ने अप्रत्यक्ष रूप से हाईकोर्ट में रिट दायर करवाकर नगरीय निकाय चुनाव में पिछड़ा वर्ग आरक्षण को समाप्त करने का षडयंत्र रचा है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष विनय श्रीवास्तव, विनीत जायसवाल उर्फ राजू जायसवाल ,गोवर्धन राय ,विजय बिंद इत्यादि वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पौष पूर्णिमा पर लोगों ने लगाई पुण्य की डुबकी

**गोपीगंज।** रामपुर गंगा घाट पर शुक्रवार को बड़ी संख्या में लोगों ने पुण्य की डुबकी लगाई। इसके साथ ही माघ मेला कल्पवास की शुरूआत पौष पूर्णिमा स्नान के साथ हो गई। पहले शाही स्नान पर प्रयाग राज के साथ भदोही जनपद के विभिन्न गंगा घाटो पर भी बड़ी संख्या में नर नारियों ने गंगा में पुण्य की डुबकी लगाई। प्रयागराज के संगम व जनपद में सेमराधनाथ मे कल्पवास करने वाले दो दिन पूर्व ही पहुंचने लगे थे। प्रयागराज व रामपुर गंगा घाट पर रामपुर गुलौरी चतुमुखी बिहरोजपुर डेरवा भवानीपुर बरजी जहागीराबाद आदि घाट पर शुक्रवार को बड़ी संख्या में लोगों ने डुबकी लगाई। पौष पूर्णिमा के दिन प्रातःकाल से ही लोग गंगा घाट पहुंचने लगे थे। हाड़ कपाने वाली ठंडी पर आस्था भारी पड़ी और समय के साथ भीड़ भी बढ़ती गई। गंगा मे डुबकी लगाने व दान धर्म के साथ दर्शन पूजन का क्रम देर तक चलता रहा।

# डीएम ने निरीक्षण कर जाना हाल



जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा प्रेमापुर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत किए जा रहे कार्य का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान इंजीनियर कैलाश से जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्य की जानकरी ली। इंजीनियर द्वारा बताया गया कि यह बोरवेल का काम पूरा हो गया है और ओएचटी का काम भी चल रहा है। पाइप लाइन का काम जल्द शुरू करवा कर गांव के सभी घरों को पानी सप्लाई कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा इंजीनियर कैलाश को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द पाइपलाइन का काम शुरू करें और एक भी घर पानी से वंचित न रहे यह अवश्य ध्यान दें।

# अधिवक्ताओं के हितों की विरोधी है सरकार : अजय

**साधा निशाना**

यूपी बार काउंसिल के सदस्य अजय यादव ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बड़ी बेबाकी से रखी अपनी बात

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** बार काउंसिल हो या फिर एसोसिएशन हो। इनके पास कोई संसाधन नहीं होता। ऐसे में वह अधिवक्ताओं की आर्थिक मदद नहीं कर पाते। शुल्क के रुप में जो रुपया मिलता है। उससे अधिवक्ताओं को गंभीर बीमारी होने की स्थिति में 25 हजार रुपए की आर्थिक मदद की जाती है।

उक्त बातें यूपी बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान में काउंसिल के सदस्य अजय यादव ने शुक्रवार को नगर के अजीमुल्लाह चौराहे पर स्थित अधिवक्ता बाल विद्या विकास यादव के आवास पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि उसमें भी इतना आवेदन आते हैं कि सभी को आर्थिक मदद कर पाना संभव नहीं होता। वैसे सरकार द्वारा अधिवक्ताओं के हित के लिए स्टाम्प पर शुल्क लिया जाता है। लेकिन उससे उनकी मदद नहीं की जाती। सरकार को चाहिए कि वह अधिवक्ताओं का लाख रुपए का बीमा कराएं। ताकि उस बीमा से अधिवक्ताओं की मदद हो सकें। वैसे सरकार द्वारा अधिवक्ताओं के हित के लिए कोई भी कार्य नहीं किया जा रहा है। सरकार पूरी तरह से अधिवक्ताओं के हित की विरोधी है। श्री यादव ने एक सवाल के उत्तर में कहा कि वादकारियों की शिकायत पर ऐसे गलत कार्य करने वाले अधिवक्ताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाती है। उन्होंने कहा कि भदोही में बने नए कोर्ट में अधिवक्ताओं को बैठने के लिए जगह नहीं है तो ऐसी स्थिति में वहां के बार एसोसिएशन को चाहिए कि वह एक प्रस्ताव बनाकर उत्तर प्रदेश बार काउंसिल को भेजें। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता गंगाराम यादव, शोभनाथ यादव व बाल विद्या विकास यादव आदि मौजूद रहे।



प्रेस वार्ता करते यूपी बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान में काउंसिल के सदस्य अजय यादव

## लगातार छठवीं बार अध्यक्ष बने सत्येंद्र श्रीवास्तव

**ज्ञानपुर।** उत्तर प्रदेश राजस्व संग्रह अमीन संघ के भदोही इकाई की बैठक शनिवार को कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष धर्मराज यादव ने की। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी माया प्रताप सिंह ने संगठन के पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन घोषित किया।अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी लगातार छठवीं बार सत्येंद्र कुमार श्रीवास्तव को दी गई। उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार उपाध्याय, मंत्री विद्याधर चौबे, संगठन मंत्री राजपति सरोज, उपमंत्री अशोक कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह व आय व्यय निरीक्षक की जिम्मेदारी प्रमोद कुमार श्रीवास्तव को दी गई। निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारियों का कर्मचारियों ने माला पहनाकर स्वागत किया।

# पूर्व विधायक के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने दी बधाई



जनसंदेश न्यूज

**गौराबादशाहपुर।** जफराबाद से पूर्व विधायक डॉ. हरेंद्र प्रसाद सिंह के जन्म दिवस पर केशवपुर के एक मैरिज हॉल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक कार्यक्रम का आयोजन कर विधायक को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी तथा इस दिन को आगे से सेवा दिवस के रूप में मनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में आए विधायक ने अपने संबोधन में लोगों से समाज के गरीब तथाकथित लोगों के लिए लड़ाई लड़ने तथा मदद करने का आह्वान भी किया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष राधेश्याम विश्वकर्मा, उमेश सिंह, अजीत सोनकर, सुरेंद्र सिंह, रामासरे सोनकर, मनोज सिंह, साहेब लाल मिश्र, संतोष मौर्या, धीरज मिश्रा, नीलम पाल, नेहा सहित क्षेत्र के समस्त भाजपा कार्यकर्ता व आम लोग मौजूद रहे। अंत में कार्यक्रम के संयोजक अजय प्रताप सिंह ने कार्यक्रम में लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# धूप भी रही बेअसर, शीतलहरी में अलाव बना लोगों का सहारा



**जौनपुर।** नव वर्ष के प्रारम्भ से ही पड़ रहे भीषण शीतलहर के कारण ठण्ड में पांचवें दिन निकली धूप भी बेअसर साबित हो रही है। ऐसे में मानव जीवन के लिये अलाव ही एक सहारा है। कई दिनों के बाद शुक्रवार की दोपहर में कुछ क्षण के लिये भगवान भास्कर ने दर्शन दिया लेकिन भयंकर शीतलहर के कारण ठण्ड का असर कम नहीं हुआ। इस हांड़ कपा देने वाली ठण्ड से बचने के लिये गरीब तबके के लोग ज्यादा प्रभावित हो रहें हैं।

विगत दिनों चल रही बफीर्ली हवाओं ने मौसम को काफी नर्म कर दिया है। इस बीच आने वाले दिनों में ठण्ड में बढ़ोतरी होने की संभावना भी जताई है। आसमान में बादल छाने के साथ ही ठण्डी हवाओं ने अपना रूख और भी सख्त कर लिया है। मौसम के बदले इस मिजाज से लोग ठहर से गये हैं। वहीं यह भी अनुमान है कि अभी ठण्ड पड़ेगी। ठण्ड से बचने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय में लगे हुए है, हर गली कूचों पर जगह-जगह अलाव जलाकर किसी तरह गुजारा कर रहें हैं। हालाकि प्रशासन ने शहर में कई जगह अलाव की व्यवस्था कर रखी है। कोई कूड़े और बोरियां जलाकर आग ताप रहा है, तो कोई परिवार के साथ घरों में रजाई, कम्बल, हीटर आदि का सहारा लेकर समय काट रहा है। मौसम के तेवरों के बीच जबरदस्त ठण्ड पूरे रूवाब में है, तथा लगातार गलन में काफी हिजाफा हो रहा है। हांड कपा देने वाली सर्दी में सूर्यदेव भी बादलों में छिपे हुए नजर आये। शुक्रवार को सुबह से ही लोग गली, नुक्कड़, चौराहों पर अलाव जलाकर तापते नजर आये। यहाँ तक की पशु-पक्षियों तक की चहक नही सुनाई पड़ी। आसमान से बरस रही बफीर्ली हवाओं के कारण हांड कपां देने वाली ठण्ड से लोग दिन भर अपने-अपने घरों में दुबके रहे। इस दौरान अधिकांश चौक-चौराहों पर दिन भर सन्नाटा पसरा दिख रहा है। हर रोज आसमान में कलरव करते पक्षी भी दिनभर अपने घोसलों में ही ठिठुरते रहे। शीतलहर का प्रकोप जारी रहने के बाद भी ग्रामीण इलाकों के सार्वजनिक स्थलों पर अलाव नहीं जलवाया जा सका।

## मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**आजमगढ़।** थाना कप्तानगंज पुलिस ने मारपीट के मामले में आरोपित अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। जियालाल निषाद पुत्र घोल निषाद निवासी खीरीडीहा थाना कप्तानगंज ने लिखित प्रार्थना पत्र दिया कि अभियुक्त अनूप पाण्डेय व भोला पाण्डेय निवासीगण ग्राम गोपलापुर थाना कप्तानगंज ने उसे मार पीट कर बेहोश कर दिया तथा गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दी। प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में थी। पुलिस ने उक्त मुकदमें से संबंधित अभियुक्तगण विपिन पाण्डेय उर्फ रानू उर्फ अनूप पाण्डेय पुत्र बृजवासी पाण्डेय व विपुल पाण्डेय पुत्र बृजवासी पाण्डेय को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

## अलाव की तलाश में भटक रहे राहगीर

**फूलपुर (आजमगढ़)।** पछुवा बयार की सर्द हवा और गलन इस कदर बढ़ गयी है कि गांव हो या नगर हर तरफ लोग अलाव की तलाश में भटकते नजर आ रहे हैं। ग्रामीण अंचल में घरो में आग जलाकर सेंकते हुए बच्चे बूढ़े जवान सभी नजर आ रहे हैं। वही चैक चैराहो पर सरकारी अलाव के साथ कस्बा नगरवासी दुकानदार अपने घरों के सामने खुद से अलाव जलाकर हाथ गर्म कर रहे हैं।

# कम्बल वितरण का हुआ आयोजन



गरीबों में कम्बल वितरित करते लोग

जनसंदेश न्यूज

**पवांरा।** क्षेत्र अन्तर्गत सेमरिया गांव में शुक्रवार को श्रीमद भागवत कथा व्यास चन्द्रशेखर त्रिपाठी महाराज के सानिध्य में व ग्राम प्रधान सीमा त्रिपाठी के सौजन्य से वृहद कम्बल वितरण का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एसडीएम मछलीशहर राजेश कुमार चौरसिया, क्षेत्राधिकारी मछलीशहर अतर सिंह व थानाध्यक्ष पवांरा राज नरायन चौरसिया के द्वारा चार सौ गरीब व असहाय लोगों में ठंड से बचने के लिए कम्बल वितरित किया गया। कम्बल पाकर गरीबों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर क्षेत्र के सम्भ्रान्तजन उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### अनिल कुमार पाण्डेय का निधन अपूरणीय क्षतिः कुन्दन



**आजमगढ़।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण सभा के प्रदेश अध्यक्ष और जनपद के कई शिक्षण संस्थानों के प्रबंधक अनिल कुमार पाण्डेय का हृदय गति रुकने से असामयिक निधन हो गया। उनकी पत्नी गीता पाण्डेय रघुपुर ग्राम की प्रधान हैं। उनके निधन की जानकारी मिलते ही ग्राम रघुपुर में शोक की लहर व्याप्त हो गई तथा उनके आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वाले लोगों का तांता लगा रहा। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री पंडित सुभाष चन्द्र तिवारी कुन्दन ने परिजनों को ढ़ाढस बंधाते हुए कहा कि पंडित अनिल कुमार पाण्डेय के निधन से एक अपूर्णनीय क्षति हुई है। वे शिक्षा जगत के धरोहर थे। राष्ट्रीय सचिव संजय कुमार पाण्डेय ने कहा कि उनके सामाजिक कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। शोक व्यक्त करने वालों में प्रधान हरीश पाठक, सभा के प्रदेश महामंत्री अशोक कुमार तिवारी, मण्डल अध्यक्ष सौरभ उपाध्याय, पूर्व एमएलसी राकेश यादव, अजय कुमार पाण्डेय, दीना मिश्रा, बंशीधर पाठक, अभिषेक पाण्डेय, सवानंद पाण्डेय, रमेश सिंह, पंचदेव पाण्डेय, अनिल श्रीवास्तव, डॉ.ओके मिश्रा आदि शामिल हैं।

### छात्रवृत्ति आवेदन में संशोधन 19 जनवरी से

**आजमगढ़।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी चेतन सिंह ने जनपद की समस्त शिक्षण संस्था एवं अध्ययनरत समस्त छात्र, छात्राओं को सूचित किया है कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत समय–सारणी के अनुसार संदेहास्पद डाटा को कारणों सहित छात्र, संस्थाओं के लॉगिन पर प्रदर्शित किये जाने एवं ऑनलाइन आवेदन में की गयी त्रुटियों को छात्र द्वारा ठीक किये जाने की तिथि आगामी 19 जनवरी से 27 जनवरी निर्धारित की गयी है। 27 जनवरी तक परीक्षाफल न निकलने अथवा छात्र द्वारा पूर्व में रिजेल्ट येट नाट डिक्लेयर आप्शन से भरे गये आवेदन में संशोधन न करने एवं संस्था द्वारा संशोधित किये गये आवेदन को अग्रसारित न करने की दशा में आवेदन निरस्त माना जायेगा।

### रोहित टीम ने जीता फाइनल क्रिकेट मैच



**लालगंज (आजमगढ़)।** स्थानीय विकास खंड के कम्पोजित विद्यालय खनियरा में सर्व शिक्षा अभियान के छः दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेन्ट का फाइनल मैच रोहित व सहवाग टीम के बीच खेला गया। रोहित टीम ने फाइनल मैच जीत कर विजेता व सहवाग टीम उप विजेता रही। विजेता टीम व उप विजेता टीम को मुख्य अतिथि विधायक बेचई सरोज व विशिष्ट अतिथि चेयरमैन विजय सोनकर ने ट्राफी देकर सम्मानित किया। मनोज यादव फाइल द्वारा मैच में 26 रन बनाने और तीन विकेट चटकाने पर मैन आफ द मैच व सुहेल को मैन आफ द सिरीज पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सर्व शिक्षा अभियान के छः दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में बुमराह टीम, धोनी टीम, गावस्कर टीम, रोहित टीम, द्रविड, गांगुली, कपिल, कोहली, सहवाग, कुम्बले टीम, तेन्दुलकर सहित कुल 11 टीमों ने हिस्सा लिया। शुक्रवार को अन्तिम दिन सेमी फाइनल मैच सहवाग व गावस्कर टीम के बीच खेला गया जिसमें गावस्कर टीम ने छः ओवर में 34 रन का लक्ष्य रखा जिसे सहवाग टीम पांच ओवर मे 35 बनाकर सेमी फाइनल मैच विजेता रही। इसके बाद रोहित व सहवाग टीम के बीच फाइनल मैच खेला गया जिसमें रोहित टीम ने छः ओवर में 55 रन का लक्ष्य रखा। सहवाग टीम छः ओवर में मात्र 38 रन बनाकर आल आउट हो गयी। इस अवसर पर मीरा सिंह प्रधानाध्यापिका, विनय कुमार सिंह, डा.अमरेश मिश्र संयोजक, अमर बहादुर सिंह, अंकिता सिंह, सुशील यादव, संदीप श्रीवास्तव, संजीव सिंह, सिद्धार्थ सिंह, नवनीत लाल गुप्ता, अजय गुप्ता, दिनेश कन्नौजिया, संदीप राणा, प्रमोद कुमार, पंकज गुप्ता, बबलू प्रसाद, विनय यादव, तेज बहादुर यादव आदि उपस्थित रहे।

# भूख से पीड़ित परिवार की एसडीएम ने की मदद

जनसंदेश न्यूज

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के इमलीपुर निवासी परिवार भूखा है व घर में अनाज नहीं है, की सूचना पर एसडीएम ने पीड़ित के घर पहुंचकर कंबल व अनाज देकर मदद की। सोशल मीडिया व मुख्यमंत्री पोर्टल पर बिलरियागंज थाना क्षेत्र के ईमलीपुर निवासी सैयद कमर अब्बास पुत्र सैयद हसन द्वारा परिवार भूखा है घर में अनाज नहीं है, मदद की गुहार लगाई गयी। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज के निर्देश पर एसडीएम सगड़ी राजीव रतन सिंह व बिलरियागंज थाना प्रभारी ब्रह्मादीन पांडेय को पीड़ित परिवार की मदद करने के लिए निर्देशित किया। एसडीएम श्री सिंह ने पीड़ित परिवार के घर पर पहुंचकर जांच की। इस दौरान पीड़ित परिवार को बीपीएल कोटे से अनाज मिला हुआ है। वही सैयद कमर अब्बास ने बताया कि पांच हजार रुपये कर्ज होने के कारण उसने मदद की गुहार लगाई। उसके दो पुत्र विदेश में रहकर नौकरी करते हैं। वहीं सैयद कमर अब्बास को उपजिलाधिकारी ने ठंड से बचाव के लिए कंबल दिया। प्रधान से राशन दिलवाया। वहीं ग्रामीणों को चंदा देकर कर्ज भरने के लिए प्रेरित किया। ग्रामीणों ने एसडीएम के इस प्रयास की सराहना की।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

# जरूरतमंदों में विधायक ने बांटे कम्बल



जरूरतमंदों में कम्बल बांटते विधायक

जनसंदेश न्यूज

**केराकत।** क्षेत्र के ग्राम छितौना में स्थित गोमती पब्लिक स्कूल में शुक्रवार की शाम साढ़े तीन बजे क्षेत्रीय विधायक तूफानी सरोज ने इक्यावन गरीब जरुरतमन्दों में कम्बल तक्सीम किया।

गौरतलब है कि गिरते पारे और बढ़ती ठंढ के चलते आम जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। ठण्ड से बचने के लिये लोग तमाम जतन करते नजर आ रहे हैं। ऐसे में क्षेत्रीय विधायक द्वारा मिले कम्बलों से गरीबों के चेहरे पर खुशी साफ नजर आयी। वहीं अपने उदबोधन में श्री सरोज कहा कि गरीबों और असहायों की सेवा ईश्वर सेवा के समान होती है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक दिलीप विश्वकर्मा, कैलाश, रमेश यादव, साहबलाल यादव, शम्भू सरोज, संजय यादव, भगवती सरोज, डॉ. हरीराम समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

## रात्रि भ्रमण कर डीएम ने जरूरतमंदों को वितरित किए कम्बल

**जौनपुर।** जनपद में अलाव, रैनबसेरा की स्थिति को जानने के लिए जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा गत रात्रि जेसीज चौराहा, जिला अस्पताल, रोडवेज, जौनपुर रेलवे स्टेशन सहित विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी के द्वारा गरीब एवं असहायों को कंबल वितरित किया गया और लोगों से उनका हाल–चाल जाना। नगर मजिस्ट्रेट देवेंद्र सिंह को निर्देशित किया की शासन की मंशा के अनुरूप शीतलहर से बचने के लिए संपूर्ण व्यवस्था की जाए, जिससे आम जनमानस को किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। जिलाधिकारी ने ईओ नगरपालिका को निर्देशित किया कि शीतलहर को देखते हुए विभिन्न तिराहों एवं चौराहों पर अलाव जलवाना सुनिश्चित करें।





# जोशीमठ में भूमि व सड़क धंसना देश के लिए खतरा?

## सालों पहले दी गई चेतावनी की अनदेखी पड़ रही है भारी

पचास साल पहले एक समिति ने जोशीमठ में जमीन धंसने की चेतावनी दे दी थी। लेकिन उस समिति की संस्तुति ठंडे बस्ते में डाल दी गई क्योंकि विकास की धुन में जिम्मेदारों को कुछ सूझ नहीं रहा था। वक्त धीरे-धीरे आगे बढ़ा और अब इस इलाके की जमीन दरकने के साथ मकानों में दरारों ने यहां के निवासियों की नींद उड़ा दी है। जगह-जगह सरकार के खिलाफ नारे लग रहे हैं क्योंकि सबको अपना घर छोड़ना पड़ रहा है।उत्तराखंड के जोशीमठ में हो रहे भू-धंसाव से स्थिति लगातार बिगड़ रही है। भू-धंसाव ने क्षेत्र के सभी वार्डों को चपेट में ले लिया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पीएमओ लगातार मामले की निगरानी कर रहा है। अब तक 70 परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया जा चुका है। तेजी से हो रहे भू-धंसाव का दायरा भारत-तिब्बत सीमा को ओर बढ़ने लगा है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि जमीन धंसने की घटना पर जल्द ही प्रभावी रोक नहीं लगी तो ये देश की सुरक्षा को भी खतरा पैदा कर सकता है। आखिर जोशीमठ कहां स्थित है? जोशीमठ में भू-धंसाव का मामला क्यों चर्चा में आया है? किन कारणों से भू-धसांव हो रहा है? क्या भू-धंसाव को लेकर कोई चेतावनी थी? आगे इसका खतरा और दायरा कितना बढ़ सकता है? गेटवे ऑफ हिमालय के नाम से मशहूर जोशीमठ, जिसे ज्योतिर्मठ के नाम से भी जाना जाता है, उत्तराखंड के चमोली जिले में एक शहर और एक नगरपालिका बोर्ड है। यह 6150 फीट (1875 मीटर) की ऊंचाई पर स्थित है जो बद्रीनाथ जैसे तीर्थ केंद्रों का प्रवेश द्वार भी है। यह आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित चार प्रमुख पीठों में से एक है। धार्मिक, पौराणिक और एतिहासिक शहर होने के साथ ही यह इलाका सामरिक दृष्टि से भी बहुत महत्वपूर्ण है। यहां से भारत-तिब्बत सीमा महज 100 किलोमीटर दूर है। हेमकुंड साहिब, औली, फूलों की घाटी आदि स्थानों पर जाने के लिए यात्रियों को इसी जोशीमठ से होकर गुजरना पड़ता है।

### क्या अचानक यह हो रहा है?

भू-धंसने की ये घटनाएं अचानक नहीं हो रही हैं। जोशीमठ लंबे अरसे से धंस रहा है। इस भू-धंसाव को लेकर स्थानीय लोगों की जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति पिछले कई वर्षों से आंदोलन कर रही है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। 2006 में वरिष्ठ भूस्खलन वैज्ञानिक डॉक्टर स्पप्नामिता चौधरी ने जोशीमठ का अध्ययन किया था। उन्होंने इस संबंध में अपनी रिपोर्ट शासन और आपदा प्रबंधन विभाग को सौंपी थी। रिपोर्ट का क्या हुआ, इस संबंध में उन्हें भी जानकारी नहीं है।

### 50 साल पहले दी गई थी चेतावनी


जोशीमठ में भले ही आज भू-धसकने की घटनाएं सामने आई हों लेकिन इसकी चेतावनी 50 साल पहले दे दी गई थी। दरअसल, जोशीमठ पहाड़ों के सदियों पुराने मलबे पर बसा है। ये शुरू से ही दरक रहा है। उत्तराखंड जब यूपी का हिस्सा था, तब इसकी जांच के लिए पहली बार 1976 गढ़वाल के आयुक्त रहे एससी मिश्रा की अध्यक्षता में एक 18 सदस्यीय समिति गठित की गई थी। मिश्रा समिति ने अपनी रिपोर्ट में पुष्टि की थी कि जोशीमठ धीरे-धीरे धंस रहा है। मिश्र समिति ने भूस्खलन और भू-धंसाव वाले क्षेत्रों को ठीक कराकर वहां पौधे लगाने की सलाह दी थी। इसके साथ ही समिति ने कहा था कि स्थल की स्थिरता की जांच करने के बाद ही क्षेत्र में आगे का निर्माण किया जाना चाहिए और ढलानों पर उत्खनन पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। खुदाई या विस्फोट से कोई बोल्डर नहीं हटाया जाना चाहिए और भूस्खलन क्षेत्र पर कोई पेड़ नहीं काटा जाना चाहिए। विशेष रूप से मारवाड़ी और जोशीमठ के बीच के क्षेत्र में व्यापक वृक्षारोपण कार्य शुरू किया जाना चाहिए और ढलानों पर जो दरारें विकसित हुई हैं, उन्हें सील कर दिया जाना चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि पहाड़ी की तलहटी पर लटकने वाले शिलाखंडों को उचित सहारा दिया जाना चाहिए और नदी प्रशिक्षण के उपाय किए जाने चाहिए। जोशीमठ से भारत-तिब्बत सीमा महज 100 किलोमीटर दूर है। भू-धंसाव का क्षेत्र सैन्य क्षेत्र और आईटीबीपी के मुख्यालय की ओर बढ़ना शुरू हो गया है। सैन्य क्षेत्र में जाने वाली सड़क भी धंसनी शुरू हो गई है। जोशीमठ में भारतीय सेना का ब्रिगेड मुख्यालय और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की एक बटालियन तैनात है। जोशीमठ भारत-तिब्बत सीमा (चीन के अधिकार क्षेत्र) का अंतिम शहर है। यहां से नीती और माणा घाटियां भारत-तिब्बत सीमा से जुड़ती हैं। भू-धंसाव का क्षेत्र बढ़ता रहा तो यहां जवानों का रहना मुश्किल हो जाएगा। विशेषज्ञों का कहना है कि इस स्थिति में देश की सुरक्षा को भई खतरा पैदा हो सकता है।

### अभी क्यों चर्चा में आया जोशीमठ

सोमवार रात कई मकानों में जब अचानक बड़ी दरारें आ गईं, तो पूरे नगर में भय फैल गया। ये दरारें हर दिन बढ़ रही हैं। मारवाड़ी वार्ड में स्थित जेपी कंपनी की आवासी कॉलोनी के कई मकानों में दरारें आ गईं। कॉलोनी के पीछे पहाड़ी से रात को ही अचानक मटमैले पानी का रिसाव भी शुरू हो गया। दरार आने से कॉलोनी का एक पुश्ता भी ढह गया। साथ ही बद्रीनाथ हाईवे पर भी मोटी दरारें आईं। वहीं तहसील के आवासीय भवनों में भी हल्की दरारें दिखीं। भू-धंसाव से ज्योतेश्वर मंदिर और मंदिर परिसर में दरारें आ गई हैं। सिंहधार वार्ड में बहुमंजिला होटल माउंट व्यू और मलारी इन जमीन धंसने से तिरछे हो गए। स्थानीय लोगों के मुताबिक सोमवार रात करीब 10 बजे होटल की दीवारों से चटकने की आवाज आनी शुरू हो गई जिससे इन होटलों के पीछे रहने वाले पांच परिवारों के लोग दहशत में आ गए।

### इस भू-धंसने की वजह क्या है?

जोशीमठ में भू-धंसाव का कारण बेतरतीब निर्माण, पानी का रिसाव, ऊपरी मिट्टी का कटाव और मानव जनित कारणों से जल धाराओं के प्राकृतिक प्रवाह में रुकावट को बताया गया। भूस्खलन वैज्ञानिक डॉक्टर स्पप्नामिता चौधरी कहते हैं कि पिछले दो दशक में जोशीमठ का अनियंत्रित विकास हुआ है। बारिश और पूरे साल घरों से निकलने वाला पानी नदियों में जाने के बजाय जमीन के भीतर समा रहा है। यह भू-धंसाव का प्रमुख कारण है। धौलीगंगा और अलकनंदा नदियां विष्णुप्रयाग क्षेत्र में लगातार टो कटिंग (नीचे से कटाव) कर रही हैं। इस वजह से भी जोशीमठ में भू-धंसाव तेजी से बढ़ा है। चौधरी कहते हैं 2013 में आई केदारनाथ आपदा, 2021 की रैणी आपदा, बदरीनाथ क्षेत्र के पांडुकेश्वर में बादल फटने की घटनाएं भी भू-धंसाव के काफी हद तक जिम्मेदार हैं।



# गणेश चतुर्थी खरमास में क्यों?

वाराणसी। माघ माह के गणेश चौथ को खरमास यानि 14 जनवरी के बाद ही मनाया जाता है, लेकिन किसी किसी वर्ष यह पर्व खरमास में ही यानि 14 जनवरी के पूर्व ही मान लिया जाता है, इसे एक खगोलिय घटना भी माना जा सकता है, तिथियों के घटती बढ़ती के चलते हर तीन साल में अधिकमास लगता है यानि वर्ष का 13वां महीना,इसी अधिकमास होने के चलते खरमास में ही भगवान गणेश का प्राक्ट्योत्सव मनाया जाता है। इस तिथियों के चलते ज्योतिष में कोइ विपरित प्रभाव नहीं पड़ता। ज्योतिषाचार्य व प्रकांड विद्वान पं. वेद प्रकाश मिश्र बताते हैं कि अधिकमास और खरमास दोनों अलग हैं, लेकिन बहुत से लोग दोनों को एक ही मान लेते हैं, अधिकमास को पुरुषोत्तम मास या मलमास भी कहा जाता है, अधिकमास देवाताओं को प्रिय है तो वहीं खरमास में शुभ-मांगलिक कार्य वर्जित होते हैं।

**खरमास में पड़ने वाले गणेश चतुर्थी के चलते ग्रहों पर कोई विपरित प्रभाव नहीं**

**गणेश प्रथम पूज्य हैं जिनके पूजन से हर संकट होता है दूर**

### मलमास और खरमास में अंतर

हिंदू पंचांग के अनुसार कुछ साल ऐसे होते हैं जिसमें अधिकमास लगता है, अधिकमास लगने के कारण पर्व-त्योहारों की तिथियों में भी अंतर हो जाता है, तो वहीं खरमास लगने पर शुभ-मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाता है, अधिकमास केअधिपति श्री हरि विष्णु माने जाते हैं, लेकिन लोग अधिकमास और खरमास के बीच अंतर को नहीं समझ पाते और इसे समान मान लेते हैं।

### क्या है अधिकमास



पं. वेद प्रकाश मिश्र ज्योतिषाचार्य

पं.वेद प्रकाश मिश्र बताते हैं कि ज्योतिषीय गणना के अनुसार सूर्य के सभी राशियों के भ्रमण में लगने वाले कुल समय को सौरवर्ष कहा जाता है सौरवर्ष की अवधि 365 दिन और 6 घंटे होती है वहीं चंद्र एक वर्ष में 12 बार प्रत्येक राशि का भ्रमण कर लेता है इसे हम चंद्र वर्ष कहते हैं चंद्र वर्ष की अवधि 365 दिन और लगभग 9 घंटे की होती है. सूर्य और चंद्रमा के वर्ष के बीच समीकरण को ठीक करने को ही अधिकमास कहा जाता है। सूर्य ग्रह हर माह अपनी राशि बदलते हैं और इसी राशि परिवर्तन को उस राशि के नाम की संक्राति कहा जाता है। लेकिन जिस माह सूर्य संक्रांति नहीं होती, उसे ही अधिकमास कहा जाता है। इन्हीं तिथियों में कुछ तिथियों को जोड़कर एक माह अधिक हो जाता है जो वर्ष का 13वां महीना कहलाता है। इस अधिकमास के चलते ही खरमास में शिव पार्वती के पुत्र प्रथमेश का जन्मोत्सव गणेश चतुर्थी धूमधाम से मनाए जाने की परम्परा है।

## 10 को दुर्ग विनायक का भव्य शृंगार

वाराणसी। दुर्गाकुंड स्थित दुर्ग विनायक मंदिर में 10 जनवरी मंगलवार को भव्य शृंगार किया जायेगा। गणेश चतुर्थी पर आयोजित इस शृंगार पर भगवान प्रथमेश को 56 भोग भी अर्पित होगा। मंदिर के महंत पं.तारकेश्वर दूबे ने बताया कि प्रत्येक वर्ष माघ माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी पर भगवान गणेश का प्राक्ट्योत्सव मनाया जाता है, बताया कि ऐसा माना जाता है कि शिव और पार्वती के पुत्र गौरीनंदन भगवान प्रथमेश का इसी दिन प्राक्ट्य हुआ था, बताया कि दुर्ग विनायक मंदिर में भगवान प्रथमेश का भव्य शृंगार कर मंगलाआरती के बाद आम भक्तों के लिए मंदिर का पट खोल दिया जाता है, चंद्रोदय समय भगवान की भव्य आरती कर विशेष आराधना की जाती है। प्रथम पूज्य के स्मरण मात्र से मनुष्य के सारे विघ्न दूर होते हैं।



### लगेगा छप्पन भोग

गणेश चतुर्थी पर दुर्ग विनायक मंदिर में भगवान गणेश को छप्पन भोग अर्पित किया जायेगा। शाम को आरती के साथ ही बाबा को छप्पन प्रकार का भोग अर्पण किया जायेगा। छप्पन भोग झांकी का दर्शन भक्तों को मिल सकेगा। पं.तारकेश्वर दूबे ने बताया कि मंदिर में प्रत्यके वर्ष विशेष शृंगार किया जाता है। मंदिर के भीतर अन्य विग्रहों के दर्शन पूजन का विशेष महत्व है।

# संकटी चतुर्थी के दिन हुआ था गणेश का प्राक्ट्य

**चतुर्थी व्रत से पूरी होती हैं सारी मनोकामनाएं**

**10 जनवरी को मनायी जायेगी संकटी गणेश चतुर्थी**

**रात्रि 8.22 पर चन्द्र को अर्घ्य देने के बाद होगा व्रत का पारण**

राधेश्याम कमल

भगवान श्री गणेश की महिमा सर्वविदित है। तैतीस कोटि देवी-देवताओं में उन्हें समस्त शुभ कार्यों में अनंत गुण से विभूषित माना गया है। पंचदेवों में भगवान गणेश की पूजा अर्चना करने की विशेष महिमा है। प्रथम पूज्य गणेशजी का प्राकट्य महोत्सव माघ कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि के दिन मनाने की धार्मिक व पौराणिक मान्यता है। इस बार यह पर्व 10 जनवरी मंगलवार को मनाया जायेगा। इस दिन विधि विधान पूर्वक व्रत-उपवास रख कर भगवान गणेश की कृपा प्राप्ति के लिए पूजा-अर्चना की जाती है। इस दिन चन्द्रोदय रात्रि में 8.22 मिनट पर होगा।कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को संकटी गणेश चतुर्थी के नाम से जाना जाता है। माघ मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को तिल चौथ, वक्रतुंड चौथ, तिलकुटा चौथ, तिल चतुर्थी के भी नाम से जाना जाता है। गणेशजी को तिल व गुड़ से बने मोदक अर्पित किये जाते हैं। गणेशजी की दुर्वा से विशेष पूजा अर्चना की जाती है। ऐसी मान्यता है कि संकटी गणेश चतुर्थी का चार वर्ष तक प्रत्येक चतुर्थी तिथि के दिन विधि विधान पूर्वक व्रत करने पर मनोवांछित अभिलाषा पूरी होती है। गणेशजी की पूजा-अर्चना कर-के रात्रि में चन्द्रोदय होने पर चन्द्रमा को अर्घ्य देकर ब्राह्मण को भोजन करा कर दान-दक्षिणा के साथ व्रत का पारण किया जाता है। इस व्रत में तिल व नमक से पदार्थों का सेवन नहीं किया जाता है। गणेशजी की महिमा में गणेश स्तुति, गणेश चालीसा, संकटनाशन गणेश स्तोत्र, गणेश सहस्त्रनाम व गणेशजी से संबंधित अन्य स्तोत्र व मंत्र के जप करने का विधान है।



### गणेश प्राकट्य की कथा

ब्रह्म पुराण के मुताबिक माता पार्वती ने अपने शरीर के मैल से सृजन करके गणेशजी को प्रवेश द्वार पर बैठा कर स्नान करने चली गई थी। तभी वहां भगवान शिव आ गये। बालक गणेश ने अपनी माता की आज्ञा पर सि को भीतर प्रवेश नहीं करने दिया। इस पर भगवान शिव क्रोधित होकर श्री गणेश का सिर विच्छेद कर दिया जो चन्द्र मंडल पर जाकर टिक गया। इस बीच जब मां पार्वती लौटी तो वह यह देख कर काफी दु:खी हो गईं। इस बात की असलियत का पता होने पर शिवजी ने नवजात हाथी के शिशु का सिर गणेशजी को लगा दिया। चूंकि गणेशजी का मुख चन्द्र मंडल पर चला गया था। इसके फलस्वरूप चन्द्रमा को अघ्यज्ञ देने का विधान है। प्रसिद्ध ज्योतिषविद् पं. विमल जैन के मुताबिक गणेश चतुर्थी का व्रत महिला व पुरुष दोनों के लिए समान रूप से फलदायी है। जिन्हें जन्म कुंडली में बुध व केतु ग्रह की दशा व महादशा में विपरीत फल मिल रहा हो उन्हें गणेशजी की पूजा अर्चना करनी चाहिए।व्रत के दिन अपने परिवार के अतिरिक्त अन्यत्र कहीं भी कुछ भी ग्रहण नहीं करना चाहिए। इस दिन शयन न करने का भी विधान है। मौन रहते हुए गणेशजी की पूजा-अर्चना करना लाभकारी रहता है।

### कहां-कहां है गणेशजी का प्रतिष्ठित मंदिर

शहर में वैसे तो छप्पन विनायक के मंदिर हैं। काशी के छप्पन विनायक मंदिरों का अपनी अलग-अलग पौराणिक महत्व भी है। काशी के प्राय: हर मंदिरों में गणेश भगवान का मंदिर मिल जायेगा। इनके अलावा शहर में गणेशजी के कई प्रसिद्ध मंदिर हैं जिनमें प्रमुख रूप से बड़ागणेश मंदिर लोहटिया, चिंतामँणि गणेश मंदिर सोनारपुरा, दुर्ग विनायक मंदिर दुर्गाकुंड, साक्षी विनायक विश्वनाथ गली, ढुढ़िराज गणेश (अन्नपूर्णा मंदिर के समीप) आदि हैं।



## बड़ागणेश मंदिर में उमड़ेंगे लाखों श्रद्धालु

काशी में छप्पन विनायकों के साथ ही बड़ागणेश मंदिर लोहटिया का अपना अलग महत्व है। नगर के लोहटिया से मैदागिन जाने वाले मार्ग पर स्थित बड़ागणेश मंदिर का इतिहास काफी प्राचीन है। बरसों से यह मंदिर श्रद्धालुओं के आस्था का केन्द्र बना हुआ है। यहां पर पूरे साल तक सांस्कृतिक आयोजनों की धूम रहती है। हर माह के अनुरूप यहां विविध प्रकार की अलौकिक झांकियां सजती रहती है।बड़ागणेश मंदिर में विनायक के अलावा कई देवी-देवताओं के विग्रह हैं।बड़ागणेश के समक्ष ही दंत विनायक की छोटी मूर्ति विराजमान है। जो काशी खंड में वर्णित है।पंचक्रोसी परिक्रमा के दौरान दंत विनायक का दर्शन करने का विधान है। मंदिर में विष्णु-लक्ष्मी के अलावा तीन शिवलिंग, मनसा देवी, संतोषी माता व हनुमान का विग्रह है। मंदिर के पुजारी पं. राजेश तिवारी बताते हैं कि बड़ागणेश का दर्शनकरने के बाद शंकर का दर्शन करना जरुरी होता है।मंदिर के बाहर जम्बुकेश्वर महादेव का मंदिर विराजमान है।जो लोग महादेव का दर्शन नहीं करते उन्हें बड़ागणेश के दर्शन का फल नहीं मिलता। मंदिर में सबसे आकर्षक का केन्द्र गणेशजी की सवारी मूसक है। इस मंदिर की बनावट शैली काशी के अन्य प्रमुख मंदिरों दुर्गा मंदिर, कालभैरव मंदिर से हूबहू मिलती झुलती है। बड़ागणेश की मूर्ति संभवत काशी की अन्य गणेश प्रतिमाओं से सबसे बड़ी है।गणेशजी के साथ यहां रिद्धि-सिद्धिव शुभ-लाभ भी विराजमान हैं।यहां पर भादो शुक्लपक्ष से माघ चतुर्थी तक विविध प्रकार के लगभग ढाई दर्जन शृंगार होते हैं। इस बार 10 जनवरी को गणेश चतुर्थी पर मंगला आरती के बाद मंदिर का पट खुलेगा। इसके साथ ही सुबह से लेकर अर्धरात्रि तक मंदिर में दर्शन-पूजन प्रारंभ हो जायेंगे। मंदिर में प्रवेश लोहटिया चौराहे से होगा जबकि निकासी हरिश्चन्द्र इंटर गेट से होगी। इस दौरान पूरी बैरिकेडिंग भी होगी। इस वर्ष भी दर्शन पूजन करने के लिए लाखों की भीड़ उमड़ने की संभावना है। मंदिर में राजेश तिवारी, प्रदीप महराज, सुभाष तिवारी आदि व्यवस्था में जुटे रहते हैं।

**तैयारी**

**भक्तों में प्राचीन बड़ागणेश मंदिर का है अलग ही महत्व**



पुजारी पं.राजेश तिवारी